CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 19°C
तापमान

सेंसेक्स 78,553.20
निफ्टी 23,851.65

सोना 98,350
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


देहरादून, सोमवार 21 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**हजारों लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प का आवास घेरा**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**धीमे ओवर रेट के लिए शुभमन गिल पर लगा जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## यूपी व उत्तराखंड सहित 20 राज्यों में आंधी-बारिश

**मप्र के पांच जिलों में हीटवेव की चेतावनी**

**नई दिल्ली।** देशभर में अप्रैल के शुरुआती दिनों में तेज गर्मी के बाद एक बार फिर मौसम बदला है। उप्र, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना है।

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इधर राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव की संभावना है। इन राज्यों के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने मप्र के रतलाम, गुना, सागर, दमोह और सीधी में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 26 शहरों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

### जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही, बाढ़ व भूस्खलन से तीन की मौत

**रामबन में 100 लोगों का रेस्क्यू**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।

पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों



वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

## बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो प्लेन से टकराया टेंपो

बेंगलुरु, वार्ता

**ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा**

**बेंगलुरु के** केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक टेंपो ट्रैवलर की इंडिगो प्लेन से टक्कर की फोटो वायरल हो रही है। ये हादसा शुक्रवार (18 अप्रैल) दोपहर का है, जब एक टेंपो ट्रैवलर खड़े हुए इंडिगो प्लेन से टकरा गया, जिसमें ड्राइवर को हल्की चोटें आईं।

हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे एयरपोर्ट के अल्फा पार्किंग वे 71 पर हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि टेंपो एक थर्ड-पार्टी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी का था और उसे एयरपोर्ट स्टाफ को छोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जिस विमान से टेंपो टकराया, वह इंजन रिपेयर के चलते पहले से ही ग्राउंडेड था और अभी संचालन नहीं होना था। इस वजह से कोई भी यात्री मौजूद नहीं था। इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। टेंपो विमान से जा टकराया, जिससे वाहन की छत और चालक की साइड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## संयुक्त अरब अमीरात में अपने जौहर दिखाएंगे भारतीय लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार (आज) से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश -10 में अपने जौहर और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायुसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं। यह अभ्यास सोमवार (आज) से शुरू होकर आठ मई तक चलेगा।

## विश्व में हर सेकंड होती है 1.63 करोड़ की साइबर ठगी

**नई दिल्ली।** इंटरनेट और तकनीक जीवन आसान बना रही हैं, लेकिन साइबर ठगों ने इसे खौफनाक जगह बना दिया है। 2024 में दुनिया में 498 लाख करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी हुई। यानी कि हर सेकंड 1.63 करोड़ की चपत लगी। भारत में 2023 में 9.2 लाख से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें 6 हजार करोड़ की चपत लगी। गृह मंत्रलय की रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी 6 साल में 42 गुना बढ़ गई। यह तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक व कानूनी चुनौती भी बन गया है। ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग के लिए मनी म्यूल, क्रिप्टोकरेंसी व हवाला नेटवर्क इस्तेमाल हो रहे हैं। सरकारें साइबर सुरक्षा पर अरबों रुपये खर्च कर रही हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने 2025 में भारतीयों से 1.2 लाख करोड़ से ज्यादा की ठगी की आशंका जताई है। यह बिहार के बजट के 50 प्रतिशत के बराबर है। साइबर अपराध अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। 2024 में दुनिया में साइबर क्राइम से 498 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये कितना गंभीर है, यह इस तरीके से समझ सकते हैं।

## रविशंकर प्रसाद ने BSF जवानों के साथ देखी 'ग्राउंड जीरो'

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' देखी। सच्ची घटना पर बनी फिल्म ग्राउंड जीरो में बीएसएफ के पिछले 50 सालों की सबसे बड़ी ऑपरेशन की कहानी दिखाई गई है। 18 अप्रैल को ग्राउंड जीरो ने इतिहास रच दिया। पिछले 38 सालों में यह पहली फिल्म बनी, जिसका रेड कार्पेट प्रीमियर और स्पेशल स्क्रीनिंग श्रीनगर में हुई। यह पूरा इवेंट बीएसएफ जवानों के लिए रखा गया था। इस जज्बे को आगे बढ़ाते हुए ग्राउंड जीरो की टीम 19 अप्रैल को दिल्ली पहुंची, जहां एक और स्पेशल प्रीमियर रखा गया। इस मौके पर सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी बीएसएफ जवानों और फिल्म की टीम के साथ फिल्म देखी।

## अमेरिका के नक्शे कदम पर भारत: नया कानून बनेगा

### भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद केंद्र ने लिया फैसला

नई दिल्ली, वार्ता



**उल्लंघन पर पांच से 10 साल तक सजा संभव, एक से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा**

**केंद्र सरकार** विदेश में नौकरी के लिए जाने के नियम सख्त बना रही है। विदेश मंत्रालय नया कानून बना रहा है। बिल का ड्राफ्ट जल्द जारी होगा। जनता और विशेषज्ञों से राय लेने के बाद संसद के मानसून सत्र में इसे पेश किया जाएगा।

अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद ये प्रक्रिया तेज हुई है। नया कानून 1983 के इमिग्रेशन एक्ट की जगह लेगा। इसका नाम इमिग्रेशन, ओवरसीज मोबिलिटी, फैसिलिटेशन एंड वेलफेयर बिल होगा। नौकरी के अलावा पढ़ाई और व्यवसाय के लिए विदेश जाने वालों की समस्याएं और मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। इसमें भर्ती एजेंसियों की गैर-कानूनी गतिविधियां अपराध की श्रेणी में रखी जाएंगी। अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन रद्द करने या ब्लैक लिस्टिंग जैसी कार्रवाई नहीं होगी। विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को फंसाने पर 5 से 10 साल की सजा और 1 से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट पहचाने गए थे। नौकरी के लिए विदेश जाने वालों के लिए डिक्लेरेशन अनिवार्य किया जा सकता है। इससे विदेशों में भारतीयों की संख्या का सही आंकड़ा रखा जा सकेगा। पुराने कानून में विदेश में पढ़ने जाने वालों के मुद्दे शामिल नहीं थे। नए बिल में ऐसे एजेंटों पर भी कार्रवाई होगी, जो छात्रों को झूठे वादे कर विदेश भेजते हैं। बिल मजबूत बनाने के लिए उन राज्यों से राय ली जाएगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग नौकरी के लिए विदेश जाते हैं। भारतवंशियों के बीच काम करने वाले संगठनों को भी ड्राफ्ट भेजा जाएगा। दुनियाभर में इस समय साढ़े तीन करोड़ भारतीय फैले हैं। इनमें से 1.58 करोड़ एनआरआई हैं, जबकि 1.97 करोड़ भारतीय मूल के लोग हैं। अमेरिका ने हाल ही में अपने यहां अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर डिपोर्ट किया था। माना जा रहा है कि अमेरिका के बाद अब अन्य देशों में भी इमिग्रेशन कानून सख्त हो सकते हैं। ऐसे में भारत सरकार इमिग्रेशन की एक पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था तैयार करना चाहती है, ताकि भविष्य में किसी तरह की शर्मिंदगी और नागरिकों को होने वाली दिक्कतों से बचा जा सके।

## भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को साइन करेंगे 26 राफेल मरीन जेट डील

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर करेंगे। डील पर साइन फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकार्नू की मौजूदगी में होंगे। रक्षा सूत्रों के मुताबिक 64 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की डील पर साइन करते समय दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह कार्यक्रम साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के बाहर भी आयोजित करने की योजना है। फ्रांसीसी मंत्री का 27 अप्रैल की शाम को भारत पहुंचने और अगले दिन लौटने का शेड्यूल है। गौरतलब है कि भारत ने 9 अप्रैल को गवर्नमेंट-टु- गवर्नमेंट डील के तहत पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के लिए सौदे को मंजूरी दी थी। इस सौदे में 22 सिंगल-सीटर, 4 ट्विन-सीटर जेट शामिल होंगे। साथ ही बेड़े के रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पर्सनल ट्रेनिंग और स्वदेशी निर्माण वाला पैकेज भी शामिल होगा। ये सभी 26 मरीन राफेल जेट आईएनएस विक्रांत से ऑपरेट होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सपोर्ट करेंगे। इस सौदे के साथ ही राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसा कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी।

## भाजपा और आरएसएस बांटना चाहते हैं लोगों को: ममता

कोलकाता, वार्ता



**सीएम ने खुला पत्र जारी किया कहा: दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रहे**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए।

उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए।

### मुर्शिदाबाद हिंसा: बाप-बेटे की हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शेख के मोबाइल फोन लोकेशन से उसका पता लगाया। इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार के साथ ही एक अन्य आरोपी इंजामुल हक को गिरफ्तार किया था। हरगोबिंदो दास (72) और उनके बेटे चंदन (40) को भीड़ ने उनके घर के सामने मार डाला था।

## डिब्रूगढ़ जेल में ही बंद रहेगा अमृतपाल सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब सरकार ने एनएसए की अवधि एक साल और बढ़ाई**

**पंजाब के** खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की डिटेंशन की अवधि को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल सिंह के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाई गई है।

पहले इसकी अवधि दो साल थी, जो 23 अप्रैल को पूरी हो रही है। अब पंजाब सरकार ने इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। अमृतपाल सिंह पिछले दो साल से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। 23 अप्रैल को अमृतपाल की डिटेंशन के दो साल पूरे हो रहे हैं। अब उसके डिटेंशन की कुल अवधि तीन साल हो गई है। उसे 23 अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। पूरी संभावना है कि अगले एक साल तक उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाएगा।

## फ्लाइट डायवर्जन पर भड़के जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** इंडिगो की फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किए जाने के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने रविवार को सफाई दी। फ्लाइट डायवर्जन मौसम में अचानक बदलाव और रनवे अपग्रेडेशन के चलते हुआ। जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसी फ्लाइट से ट्रैवल कर रहे थे। वे शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा कि डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं।

## वक्फ मामले में जमील मर्चेंट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

मुंबई, वार्ता



**अधिनियमित वक्फ** (संशोधन) अधिनियम को लेकर याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जमील मर्चेंट, उन पांच याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिनकी याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा जिन पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी, उनमें मौलाना अरशद मदनी बनाम भारत संघ, मोहम्मद जमील मर्चेंट बनाम भारत संघ, मोहम्मद फजलुर्रहीम और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य- फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं, शेख नूरुल हसन बनाम भारत संघ और अन्य- मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक और असदुद्दीन ओवैसी बनाम भारत संघ शामिल हैं। श्री मदनी एक इस्लामी विद्वान और मुस्लिम समुदाय की सर्वोच्च संस्था जमीयतुल उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हैं। श्री मर्चेंट एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। श्री फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं। श्री हसन मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक हैं। श्री ओवैसी, एक अनुभवी सांसद, ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य हैं। श्री मर्चेंट महाराष्ट्र से एकमात्र याचिकाकर्ता हैं।

## कर्नाटक जनेऊ विवाद: प्रिंसिपल व स्टाफ मेंबर सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सुर्खियों में आया और इस पर विवाद हुआ। अब मामले में प्रिंसिपल डा. चंद्रशेखर बिरादर और स्टाफ मेंबर सतीश पवार को सस्पेंड कर दिया है। ऐसा ही एक मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल से भी सामने आया था, जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

## वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने के लिए चलेगा अभियान

### बिहार चुनाव से होगी शुरुआत , 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है।

इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है। आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे। इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी वजह जानी जाएगी। अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया



प्राथमिकता से पूरी की जाएगी। इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है। 2014 और 2018 के चुनावों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लाखों डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आए थे। एक अनुमान के मुताबिक, तेलंगाना में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम थे। इसे रोके बिना निष्पक्ष चुनाव कराना मुश्किल है।

### बीएलओ घर-घर करेंगे वेरिफिकेशन

अगले 20 महीने में बिहार के 7.80 करोड़, प. बंगाल के 7.57 करोड़, असम के 2.45 करोड़, केरल के 2.77 करोड़ और तमिलनाडु के 6.23 करोड़ मतदाताओं के घरों तक आयोग के बीएलओ पहुंचेंगे। क्योंकि, बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में अगले साल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने वोटरों के वेरिफिकेशन और उनसे संपर्क का यह अभियान इन कारणों से शुरू किया। राजनीतिक दल बड़े पैमाने पर वोटर जोड़े जाने की शिकायत तो करते हैं, लेकिन इस बारे में होने वाली अपील और सेकेंड अपील के आंकड़ों में भारी फासला दिखाई देता है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में लोस चुनाव के बाद 39 लाख नए वोटर जोड़ने को लेकर आरोप लगे पर जिला निर्वाचन अफसरों के स्तर पर 89 शिकायतें दर्ज हुईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सिर्फ एक शिकायत पहुंची। उन आरोपों की सच्चाई भी सामने आएगी कि एक ही पते पर कई वोटर्स पंजीकृत किए गए। बूथ लेवल अधिकारियों का मतदाताओं के साथ सीधा संवाद कायम हो सकेगा।

## गौरैया को बचाने के लिए कोर्ट ने सीलबंद दुकान के ताले खुलवाए

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर की उल्लीकल में एक सीलबंद कपड़ा दुकान के कांच के शोकेस के पीछे तीन दिनों से फंसी एक गौरैया को बचाने का वीडियो सामने आया है।

यह चिड़िया वहां बने एक छेद से अंदर चली गई, लेकिन बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पाई। आसपास के लोगों ने उसे देखा, तो उसे खाने-पीने की चीजें दीं। लेकिन गर्मी के कारण उसके मरने की चिंता हुई। लेकिन फायर ब्रिगेड, ग्राम अधिकारी, कलेक्टर कोई भी दुकान तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर सका, क्योंकि दुकान को कोर्ट के आदेश से सील कर दिया गया था। इसके बाद जिला कलेक्टर अरुण के. विजयन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत



सचिव को दुकान खोलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद भी मौके पर मौजूद रहे। शटल खुलते ही गौरैया उड़ गई। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद ने कहा कि यह घटना हमें बताती है कि कानून को मनुष्यों या जानवरों के जीवन पर बोझ नहीं बनना चाहिए। हर जीवन मायने रखता है, यहां तक कि गौरैया का भी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे बजाने को लेकर विवाद, एक की मौत, तीन घायल

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा गांव में शनिवार की रात शादी समारोह का जश्न उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे की धुन पर नाचने के दौरान बरातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई व तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने रविवार को बताया की दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा निवासी रामस्नेह विश्वकर्मा की बेटी की शादी थी। कल शनिवार की रातं बरात बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा चैनपुर से आई थी। बरात में शामिल बराती डीजे की धुन पर झूम रहे थे। इसी दौरान गाने को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि बरातियों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। बरात देखने पहुंचे गांव के ही मोहित (17), मोतीलाल (22) और अशर्फीलाल (22) बरातियों से उलझ गए। आक्रोशित बरातियों ने लाठी-डंडों से तीनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मोहित को डंडे से सिर पर गंभीर वार किया गया। मारपीट से बचने के लिए मोहित और नीरज भागते हुए पास के कच्चे कुएं में गिर गए। नीरज किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन मोहित गंभीर चोट लगने के कारण कुएं में ही बेहोश हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### पति ने पत्नी का सिर काटा, साइकिल से लेकर थाने पहुंचा

**गुवाहटी।** असम में एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। कटा हुआ सिर लेकर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना 19 अप्रैल की रात को चिरांग जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बितीश हाजोंग ने अपनी पत्नी बैजंती ने अपनी पत्नी का सिर धारदार हथियार से काटा और फिर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचा। उसने साइकिल की बास्केट में पत्नी का कटा हुआ सिर रखा था। पुलिस ने कहा कि आरोपी बितीश दिहाड़ी मजदूर है। उसके और पत्नी के बीच झगड़े होते थे, जिसके चलते बितीश ने पत्नी की हत्या कर दी। एक पड़ोसी ने बताया कि शनिवार रात को बितीश के काम से घर लौटने के बाद दोनों में काफी झगड़ा हुआ था। दोनों छोटी-छोटी बातों पर हर दिन झगड़ते थे। चिरांग की एएसपी रश्मि रेखा शर्मा ने कहा कि हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी व बेटियों पर डाला तेजाब

**शाहजहांपुर।** प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र मे पत्नी के अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी पत्नी व दो बेटियों पर सोते समय तेजाब डाल दिया है। गम्भीर रूप से झुलसी तीनों मां बेटियों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के टिकरी गांव में रहने वाली रामगुनी (33) अपनी दो बेटियों व एक बेटे के साथ टिकरी गांव में किराए के मकान में रहती है, जबकि इनका पति हरदोई जिले के थाना शाहाबाद में रहता है शुक्रवार देर रात में जब पत्नी अपनी बेटियों के साथ घर में सो रही थी, तभी उसका पति दीवार फांद कर घर में आ गया।

## विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा पर विवाद बढ़ा

# सुप्रीम कोर्ट पर विवादित बयान, घिरे भाजपा सांसद

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करने का विवाद बढ़ता जा रहा है। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ऐतराज जताया है।

सांसद ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में आप (सीजेआई) किसी अपाइंटिंग अथारिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस आफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। वहीं धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सर्वोच्च अदालत जाना पड़े, तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए। वहीं निशिकांत के बयान से भाजपा ने किनारा किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी

### पार्टी ने किया निशिकांत के बयान से किनारा



निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है: जेपी नड्डा



ओवैसी ने कहा- भाजपा सर्वोच्च न्यायालय को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही

का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान हैं। दरअसल ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। वहीं बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह आर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। ओवैसी बोले- भाजपा कोर्ट को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भाजपा नेता इतने कट्टर हो गए हैं कि अब वे कोर्ट को भी धार्मिक युद्ध की धमकी देने लगे हैं। आप लोग (भाजपा वाले) ट्यूबलाइट हो। कोर्ट को इस तरह धमका रहे हो। तुम्हें पता है आर्टिकल 142 क्या है? इसे डा. अंबेडकर ने संविधान में जोड़ा था। यह सुप्रीम कोर्ट को किसी भी मामले में पूर्ण न्याय देने का अधिकार देता है। निशिकांत ने धारा 377, आईटी एक्ट और मंदिर-मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाए आर्टिकल 377, एक आर्टिकल 377 था, जिसमें समलैंगिकता एक अपराध था। अमेरिका में ट्रम्प सरकार ने कहा कि दुनिया में केवल दो ही लिंग है, एक- पुरुष, दूसरा- महिला। तीसरे की कोई जगह नहीं है। जितने भी धर्म हैं, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, जैन हो, सिख हो, ईसाई हो। सभी मानते हैं कि समलैंगिकता एक अपराध है। सुप्रीम कोर्ट एक सुबह उठती है वे कहते हैं कि हम यह आर्टिकल खत्म करते हैं। हमने आईटी एक्ट बनाया। जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के पोर्न पर लगाम लगाने का काम किया गया। एक दिन सुप्रीम कोर्ट कहता है कि वे 66ए आईटी एक्ट को खत्म कर रहे हैं। मैंने आर्टिकल 141 का अध्ययन किया है। यह आर्टिकल कहता है कि हम जो कानून बनाते हैं वो लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लागू होता है। आर्टिकल 368 कहता है कि इस देश की संसद को कानून बनाने का अधिकार है और इसकी व्याख्या करने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को है। हमारे देश में सनातन की परंपरा रही है। लाखों साल की परंपरा है। जब राम मंदिर का विषय आता है, तो आप कहते हैं कि कागज दिखाओ। कृष्ण जन्मभूमि का मामला आएगा, तो कहेंगे कि कागज दिखाओ। यही बात ज्ञानवापी केस में कहेंगे। इस देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सिर्फ और सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है।

### 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे: पवन पाण्डेय

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने कहा कि हम लोग ब्राह्मण समाज को जगाएंगे और भगवान परशुराम का फरसा उठकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे। पाण्डेय के शनिवार को जनपद आगमन पर मछलीशहर सीमा पर सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार अपराध चरम पर है कानून राज खत्म हो गया है चारो तरफ अपराधियों का बोलबाला है। अपराधियों को संरक्षण भाजपा सरकार दे रही है, जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा झूठे मुकदमे में फंसाकर सरकार उसे जेल भेजने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज ठगी का शिकार हुआ है, जो भी ब्राह्मण समाज अगर भाजपा के खिलाफ है, तो उसे सरकार पचा नहीं पा रही है आए दिन उन पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में बंद करने का काम करती है। जीते जी स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी का योगी बाबा कुछ नहीं बिगाड़ पाये अब उनके न रहने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका मकान बाउंड्री वॉल ढहाया जा रहा है यह सरकार की सोची समझी रणनीति है।

## यूपी में विधायकों की औकात जीरो: बृजभूषण

गोंडा, वार्ता



पूर्व भाजपा सांसद ने कहा- डीएम के पैर छू रहे, सारी पावर एक जगह, ज्यादा बोलूंगा तो आग लग जाएगी

आज यूपी में विधायकों की औकात जीरो हो गई है। काम निकलवाने के लिए डीएम के पैर छूते हैं। उनकी मर्जी होगी तो काम होगा, नहीं तो नहीं होगा। इस विषय पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, नहीं तो आग लग जाएगी। सारा पावर एक जगह सिमट गया है। अगर वह पावर अच्छा काम करेगा, तो सबकी नैया पार हो जाएगी। अगर नहीं किया, तो सभी फेल हो जाएंगे।

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने एक पाडकास्ट के दौरान रविवार को ये बातें कहीं। बृजभूषण सिंह ने कहा कि आज मैं हेलीकॉप्टर से चलता हूं, लेकिन एक समय था, जब मैं मजदूरी करता था। बृजभूषण ने कहा कि अब मेरे फोन का असर किसी अधिकारी पर नहीं रहा। आज की राजनीति का तरीका बदल गया है। अब मेरे फोन का भी किसी अधिकारी पर असर नहीं है। आम आदमी तो हमेशा पिसता रहता है, लेकिन जो चल रहा है, उसे चलने देना चाहिए। आज विधायक की हैसियत ग्राम प्रधान से भी नीचे हो गई है। मैं सभी जगह की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन कई जगह हालात ऐसे ही हैं। विधायकों के कार्यकाल के 3 साल हो गए हैं। जनता के बीच किस उपलब्धि के साथ जाएंगे? इसका उत्तर न मेरे पास है, न ही किसी विधायक के पास। यह पूरी तरह उत्तर प्रदेश सरकार पर निर्भर है। इसमें विधायकों की कोई गलती नहीं है। विधायक केवल इतना कर सकते हैं कि अपने दरवाजे पर लोगों के सुख-दुख में शामिल हों। मेरा जीवन कंट्रोवर्सी से भरा हुआ है। मैं सलाह देने की स्थिति में नहीं हूं। मेरे गुरुदेव ने बचपन में एक बात सिखाई थी। कहा था- किसी गरीब और शरीफ इंसान को तकलीफ मत देना। अगर गलती से तकलीफ हो जाए, तो माफी मांग लेना। अगर वह न मिले, तो खुद प्रायश्चित कर लेना। छोटी-छोटी मछलियां रगड़ी जाती हैं। आप कभी अकेले मिलिए, तब बताऊंगा कि असली माफिया कौन है।

## योगी ने जनता दर्शन में सुनी आम लोगों की गुहार

गोरखपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एककर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधानसुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की की जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण, त्वरित गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन के इलाज में आर्थिक दृष्टि से लाचार होने की बात कही, तो मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला के परिजन को हॉस्पिटल ले जाने भर्ती कराकर समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की जाए औरए आगे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर दिक्कत न हो इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।



### खराब मौसम से प्रभावितों को वितरित करें राहत राशि: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खराब मौसम को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करें। अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करके सर्वे करें। राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने पर प्रभावितों को तत्काल राहत राशि वितरित करें। इसके अलावा घायलों का समुचित इलाज कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे करवाकर फसल नुकसान की रिपोर्ट तैयार कराएं। इसकी आख्या शासन को भेजें। ताकि, समय पर आगे की कार्यवाही की जा सके। साथ ही जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराएं।

### 'मोइरंग दिवस' पर नेताजी सुभाष बोस को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर आईएनए ट्रस्ट की ओर से रविवार को 'मोइरंग दिवस' को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री टोकन साहू थे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इंद्राज सिंह और शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. कुंवर शेखर विजेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा आईएनए ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आरएस छिकारा, न्यासी दिनेश सिंह, डा. निधि कुमार और रणनीतिक सलाहकार मंदीप मुखर्जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं राज्य सभा सदस्य सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में कार्यक्रम से प्रतीकात्मक रूप से जुड़ी रहीं।

## सच्चाई छिपा झूठ फैलाने में माहिर भाजपा

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर भ्रम फैलाने और सच को छिपाने का आरोप लगाया है।

समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले सिविल लाइंस में संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है। उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है। महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था। उन्होंने कहा कि



महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया: अखिलेश

मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है। महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया। अखिलेश ने कहा कि सपा सरकार ने 2013 में कुंभ का आयोजन कराया था। भाजपा को उसी अनुभव के आधार पर सुझाव दे रहे थे लेकिन उसे गंभीरता और सकारात्मक ढंग से लिया गया होता तो महाकुंभ के सबसे बड़े राजसी स्नान 'मौनी अमावस्या' पर हुई दर्दनाक घटना से बचा जा सकता था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर इवेंट को मुख्यमंत्री भाजपा का इवेंट बनाना चाहते हैं। यह पूरा मिसमैनेजमेंट किया गया है, महाकुंभ पर इतना बड़ा धब्बा लगा है, उसकी सच्चाई हमसे बेहतर आप लोग स्थानीय है बेहतर जानते हैं। हमारे पास बहुत सी बातें नहीं पहुंच पाती। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगम नोज पर हुई दर्दनाक हादसे में सरकार आंकड़े क्यों छुपा रही है। आंकड़े इसलिए छिपा रही है कि मुआवजा नहीं देना पड़े। संगम नोज पर उस रात झारखंड के शिवराज गुप्ता की मौत हो गई।

## अर्थ व्यापार

### तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल



**मुंबई।** अमेरिका के स्मार्टफोन, कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों में टैरिफ पर छूट दिए जाने के साथ ही मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों से आने वाले वाहनों और उनके पुर्जों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन पर विचार करने के संकेत से विश्व बाजार समेत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत के उछाल पर घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3395.94 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78553.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1023.1 अंक यानी 4.5 प्रतिशत मजबूत होकर 23851.65 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप सप्ताहांत पर 1706.24 अंक अर्थात 4.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 41980.48 अंक और समॉलकैप 2148.31 अंक यानी 4.7 प्रतिशत उछलकर 47946.66 अंक हो गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह छुट्टियों के कारण महज तीन के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ फैसलों में स्थिरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों पर छूट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार जारी निवेश प्रवाह ने इस तेजी को समर्थन दिया। इसके साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और अनुकूल मुद्रास्फीति दृष्टिकोण ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया। बीते सप्ताह बैंक निफ्टी ने तेजी की अगुवाई की, जो जमा दरों में कटौती और सकारात्मक ब्याज मार्जिन दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह सूचकांक अब अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिससे यह निवेशकों का पसंदीदा विकल्प बन गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 574.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 63.8 अरब डॉलर उछलकर 79.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 60 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 18.4 अरब डॉलर रह गया।

### अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, चावल हुआ महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव 816 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए, जबकि आवक घटने से चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 326 रिंगिट लुढ़ककर 4132 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए। सरसों तेल 366 रुपये, सोया रिफाइंड 816 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए, जबकि मूंगफली तेल 366 रुपये और सूरजमुखी तेल के भाव 219 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14385 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 300 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## फिल्म निर्माता, निर्देशक अनुराग कश्यप का फूंका पुतला

**प्रयागराज।** बॉलीवुड के फिल्म निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सुभाष चौराहे पर पुतला दहन किया गया।

ब्राह्मण समाज अधिवक्ता संघ इकाई के कार्यकर्ताओं ने कश्यप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बारंबार ब्राह्मण समाज पर तीखी टीका टिप्पणी करना बंद करें, यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक अच्छे निर्माता और निर्देशक को अपने दर्शकों की संवेदनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। उसे हमेशा यह याद होना चाहिए कि किसी भी फिल्म को 'अर्स से फर्श तक' दर्शक ही पहुंचता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज पर चाहे वह अनुराग कश्यप हो या किसी अन्य धर्म, जाति या वर्ग विशेष के लोग अगर इसी तरीके से अमर्यादित टिप्पणी जारी रखेंगे, तो इसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। अनुराग कश्यप को प्रयागराज आने पर पता चलेगा कि ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले का स्वागत कैसे किया जाता है, वह याद रखेंगे।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र सहित पूरे देश में अब उनके खिलाफ ब्राह्मण समाज ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने अनुराग कश्यप को आगाह किया कि यदि उन्होंने ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर माफी नहीं मांगी हैं, तो उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज कर उन्हें उचित सबक सिखाए।

### रोहित वेमुला अधिनियम प्रस्ताव पर सिद्दारमैया ने राहुल को लिखा पत्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव पर उनकी चिंताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और घोषणा की है कि उनकी सरकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही है। शनिवार को गांधी को संबोधित एक पत्र में, सिद्दारमैया ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के 16 अप्रैल को लिखे गए पिछले पत्र का जवाब दिया, जिसमें गांधी ने बीआर अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव और हाशिए पर पड़े समुदायों की निरंतर दुर्दशा का उल्लेख किया था। सिद्दारमैया ने लिखा, मैं भी आपकी भावनाओं को गहराई से साझा करता हूं। हमें दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए।

## हेराल्ड के झूठे मुकदमों में उलझा रही है सरकार: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार जिस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमे लगाकर कांग्रेस नेतृत्व को उलझा रही है इसी अखबार को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था।

खड़गे ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा नवजीवन अखबार और कौमी आवाज भी शुरू किया गया था। इन अखबारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करने और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के लोग षडयंत्र करने में माहिर हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुकदमों में उलझाने



की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में खत्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की प्रॉपर्टी को अटैच करकर दी। दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नामआरोप पत्र में डाल दिया। हमारे नेताओं के ऊपर पिछले 11 सालों में अनगिनत रेड हुए। निकला कुछ नहीं, लेकिन बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया था। इंदिरा गांधी जी देश के लिए शहीद हुईं, राजीव गांधीजी शहीद हुए। पिछले 11 सालों से कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ मोदी सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसलिए निशाना पर हैं, क्योंकि वह कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी हैं। खड़गे ने कहा कि दूसरे ताकतवर विपक्षी नेताओं पर इसी तरह फर्जी मामले चलाए जा रहे हैं। जो भारतीय जनता पार्टी में चला जाता है, उसका केस बंद कर दिया जाता है। इनको शर्म आनी चाहिए कि 10 सालो में ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया, लेकिन केवल दो मामले को वे साबित कर पाये। जब चाहते हैं घंटों पूछताछ करके ईडी के लोग फर्जी खबरें फैलाते हैं। हम लोग किसी से डरने वाले नहीं हैं, किसी के आगे झुकने वाले भी नहीं हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आज प्रदेशभर के विद्यालयों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव: डॉ. रावत

■ राइंका रानीपोखरी में नवप्रवेशित बच्चों का विभागीय मंत्री करेंगे वागत प्रवेशोत्सव मनाए जाने के लिए सभी ब्लॉक में 95 अधिकरियों को दी जिम्मेदारी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश भर में नवीन शैक्षणिक संत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत के लिए प्रवेशोत्सव मनाये जायेगे। प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों पर प्रवेशोत्सवों को भव्य रूप से मनाये जाने के लिए प्रदेश भर में 95 अधिकारियों एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को प्रदेश शिक्षा मंत्री डॉ. रावत द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज रानीपोखरी से प्रदेशभर में मनाये जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ एवं नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करेगे।

प्रदेश के शासकीय तथा अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट विद्यालयों में सोमवार को नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेशोत्सव मनाया जायेगा। जबकि पीटीए की बैठका भी आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के शिक्षा मंत्री के निर्देशों पर विगत वर्ष की भांति शैक्षिक सत्र 2025-26 में विद्यालयी शिक्षा में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत्तोत्सव एवं छात्र अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। जिसमें कक्षा एक में नव प्रवेशित बच्चों व उनके अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया जाय तथा विद्यालय के सेवित क्षेत्र में यदि अभी भी ऐसे बच्चें हों जो कक्षा एक में प्रवेश लेने से वंचित हों तो उनका नामांकन करवाया जायेगा। प्रवेशोत्सव में सभी छात्रों व उनके अभिभावकों के साथ ही विद्यालय प्रबन्धन समिति, ग्राम शिक्षा समिति, अध्यापक अभिभावक समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। 3 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चे का बालवाटिका-एक में प्रवेश के लिए आंगनबाडी कार्यकत्रियों से सम्पर्क कर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। 5 जिन विद्यालयों में बालवाटिका विद्यालय परिसर में संचालित हो रही हैं, वहां बालवाटिका-1 में नव प्रवेशित बच्चों को भी उनके अभिभावकों के साथ प्राथमिक विद्यालय में ही स्वागत्तोत्सव मनाया जायेगा। छात्र-अभिभावक- शिक्षक सम्मेलन में विद्यालय प्रमुख तथा अध्यापक विद्यालयों में शासकीय व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी देंगे। प्रत्येक कक्षा अध्यापक अभिभावकों के साथ उनके पाल्यों के विगत कक्षा के परीक्षाफल को साझा करते हुये उनके द्वारा षमिशन कोशिशश के अन्तर्गत कम सम्प्राप्ति के सम्बोधों पर किये जा रहे सुधारात्मक शिक्षण क्रियाकलापों को भी साझा करेंगे। विगत कक्षा में सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षाध्यापक, विषयाध्यापक व कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, क्रीडा, एनएसएस, एनसीसी, स्काउटिंग तथा अन्य शिक्षणेतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाए।

छात्र-छात्राओं द्वारा विगत वर्ष में श्प्रतिभादिवस / बस्तामुक्त दिवस, या अन्य किसी दिवस / प्रतियोगिता पर तैयार की गई विशिष्ट शैक्षिक सामग्री की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। प्रदेश के शिक्षा मंत्री सोमवार को रानीपोखरी के अलावा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौगांव में प्रवेशोत्सव, राइंका हिवालीधार में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

# संक्रामक बीमारियों की जांच के बाद होगा घोड़े खच्चरों का पंजीकरण

■ घोड़ों और खच्चरों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की हुए तैनाती



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में चारधाम यात्रा की तैयारियां उत्तराखण्ड में जोर-शोर से चल रही हैं। इसी के तहत रुद्रप्रयाग जिले में पशुपालन विभाग ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार यात्रा में शामिल होने वाले घोड़ों और खच्चरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने विशेष कदम उठाए हैं।

यात्रा के लिए घोड़ों और खच्चरों को पंजीकृत करने से पहले उनकी इक्वाइन इन्फ्लूएंजा और ग्लैंडर्स जैसी संक्रामक बीमारियों की जाँच अनिवार्य की गई है।

केवल नकारात्मक जाँच रिपोर्ट प्राप्त करने वाले घोड़ों और खच्चरों को ही यात्रा के लिए फिट माना जाएगा। यदि कोई पशु बीमार पाया जाता है, तो उसे तत्काल क्वारंटीन किया जाएगा। क्वारंटीन के दौरान विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की निगरानी में पशुओं का इलाज और स्वास्थ्य सुधार किया जाएगा।

पशुपालन विभाग ने इस कार्य के लिए सात विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की एक समर्पित टीम तैनात की है, जिसे पैरामेडिकल स्टाफ का भी सहयोग प्राप्त होगा।

क्वारंटीन सुविधाओं के लिए कोटमा और फाटा में केंद्र स्थापित किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त क्वारंटीन केंद्रों के लिए किराए के भवन लेने की योजना भी तैयार की गई है।

गढ़वाल मंडल के अपर निदेशक (पशुपालन) डॉ. भूपेंद्र जंगपांगी ने बताया कि घोड़ों और खच्चरों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की तैनाती की है। यात्रा के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि यात्रा सुचारू और सुरक्षित रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने अस्पताल पहुंचकर जाना वरिष्ठ भाजपा नेता शर्मा का हालचाल



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा का हालचाल जाना। मंत्री गणेश जोशी ने अस्पताल में भर्ती मदन मोहन शर्मा से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बॉलीवुड सिंगर आस्था गिल की आवाज के साथ जेनेसिस-2025 का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी का चार दिवसीय वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव जेनेसिस-2025 बॉलीवुड सिंगर आस्था गिल की ऊर्जावान और संगीतमय प्रस्तुति के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज और जबरदस्त स्टेज परफॉर्मेंस ने माहौल को उत्साह और जोश से भर दिया।

इस वर्ष के जेनेसिस में पूरे भारत से 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने भाग लिया, जिनमें 19 संस्थान देहरादून से और 18 संस्थान देश के प्रमुख शहरों से शामिल हुए। इसने जेनेसिस को एक राष्ट्रव्यापी प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक संवाद का अनूठा मंच बना दिया।

दूसरे और तीसरे दिन मेन्फेस्ट और टेकफेस्ट के तहत बिज क्विज, जस्ट ए मिनट, वाद-विवाद प्रतियोगिता, और ऑटोबोट फिनाले जैसे कई शैक्षणिक व तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों ने तर्कशक्ति, संवाद कौशल और नवाचार का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

फैशन शो और कल्टफेस्ट के सिंगिंग व डांसिंग ग्रैंड फिनाले ने सांस्कृतिक शाम को जीवंत कर दिया। छात्रों ने आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मकता से भरपूर प्रस्तुतियाँ दीं, जिनका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

ब्रेंड एड 2025 प्रतियोगिता में एमबीए। इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीमों को कुल चार लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। फुटबॉल टूर्नामेंट में डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम विजेता बनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग के उप सचिव व्योमकेश दुबे ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और छात्रों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

# चारधाम: यात्रियों की संख्या पर भ्रम फैला रही सरकार: कांग्रेस



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार आगामी चारधाम यात्रा पर भ्रम की स्थिति में सरकार एक तरफ यात्रियों का ऑन लाइन व ऑफ लाइन पंजीकरण की बात कर रही है दूसरी तरफ सरकार कह रही है कि जितने भी यात्री आएंगे चाहे वे पंजीकृत हों या गैर पंजीकृत सभी को यात्रा की अनुमति दी जाएगी, जिससे यात्रा में भरी अव्यवस्था फैलने की आशंका हो गई है।

यह बात रविवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। धस्माना ने कहा कि यात्रा शुरू होने में मात्र दस दिन रह गए है, मगर सरकार के पास केवल बड़े-बड़े दावों का पिटारा है लेकिन यात्रा को निर्विघ्न पूरी करवाने की ठोस योजना व व्यवस्था का अभाव है इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि सरकार के पर्यटन व तीर्थाटन मंत्री को आईआईएम रोहतक की उस रिपोट की जानकारी हो नहीं है जिसमें यात्रा वाले शहरों की भार वहन क्षमता की जानकारी ही नहीं है, जबकि राज्य के मुख्य सचिव इस रिपोर्ट के आधार पर यात्रा से संबोधित अधिकारियों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर चुके हैं। धस्माना ने कहा कि सरकार के मंत्री की और से असीमित यात्रियों को निमंत्रण देने से यात्रा में भीड़ प्रबंधन फेल होने की संभावना है जैसा पिछले वर्ष देखा गया जब भीड़ ने अनेक स्थानों पर पुलिस के बैरिकेडिंग उखाड़ कर फैंक दिए। धस्माना ने कहा कि चारधाम यात्रा करोड़ों सनातनियों की आस्था विश्वाश के साथ साथ उत्तराखंड की लाइफ लाइन है जिससे लाखों लोगों की रोटी-रोजी जुड़ी है और यात्रा की सफलता व निर्विघ्न संपन्न होना आवश्यक है। धस्माना ने कहा कि पिछले आठ वर्षों का यह अनुभव रहा है कि सरकार दबे बड़े-बड़े करती है, मगर व्यवस्थाओं में हमेशा फिसड्डी साबित होती है और उसका सबसे बड़ा उदाहरण पिछले वर्ष केदार घाटी में 30 जुलाई को आई आपदा है जिससे पूरी यात्रा प्रभावित हुई और यात्रा समाप्त होने तक सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो पाई। कहा कि यमुनोत्री व बद्रीनाथ रूट में भी पिछले वर्ष यात्रा बाधित रही। धस्माना ने कहा कि सड़क सुरक्षा के मामले में भी सरकार की तैयारी लचर है और पिछले पांच वर्षों में औसतन हर साल सड़क दुर्घटनाओं में एक हजार लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई और डेढ़ हजार लोग हर साल घायल हुए। धस्माना ने कहा कि इस वर्ष पहली तिमाही खत्म होने से पहले ही सड़क दुर्घटनाओं में राज्य में 275 लोग मौत के मुंह में समा गए हैं। धस्माना ने कहा कि राज्य की सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राज्य में आने वाले चार धाम यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य रहने भोजन व दर्शन की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए और हर हाल में यात्रा रूटों व शहरों की भार वहन क्षमता का पालन सख्ती से करना चाहिए। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर प्रतिमा सिंह,प्रदेश अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार सरदार अमरजीत सिंह व श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कौशल उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद 30 को मनाएगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव



■ परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग को लेकर 22 को देंगे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नगर का सबसे बड़ा ब्राह्मण संगठन ष्ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद, (पंजी.) भगवान परशुराम जन्मोत्सव 30 अप्रैल को श्री हनुमान मंदिर, करनपुर चौक, देहरादून के प्रांगण में मनाएगी।

सर्वप्रथम विधिविधान से मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का आयोजन करेगी, तत्पश्चात भगवान विष्णु के षष्ठम अवतार भगवान परशुराम के जीवन वृत्त पर ब्राह्मण विद्वान अपने विचार रखेंगे।

यह निर्णय रविवार को महात्मा खुशीराम लाइब्रेरी के सभागार में आयोजित परिषद की मासिक बैठक में लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि परिषद प्रतिनिधि मंडल परशुराम जयंती 30 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन आगामी 22 अप्रैल को जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में देगा।

परिषद की बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसपी पाठक जी ने मुख्यमंत्री जी से मांग की कि ब्राह्मण समाज की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उत्तराखंड में परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। प्रवक्ता डॉ. वी डी शर्मा ने सभी ब्राह्मण बंधुओं से आग्रह किया।

अपने इष्टदेव भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव में सपरिवार व इष्टमित्रों के साथ अधिकाधिक संख्या में भाग लें। राज्य कर्मचारी इस दिन अवकाश लें तथा जयंती मनाए। साथ ही अपने निवास पर 11 या 21 दीपक संध्या में प्रज्वलन करें। बैठक का संचालन महामंत्री उमा नरेश तिवारी ने किया।

बैठक में मुख्यरूप से पंडित शशिकांत दूबे, जीवन प्रकाश शुक्ला, विजय शंकर पांडे, आलोक पाण्डेय, प्रवीण तिवारी, राजकुमार तिवारी, जय नारायण पाण्डेय, रेनू रतूड़ी, एच के त्रिपाठी, दिनेश्वर नाथ द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# ड्रीमर्स एजु हब के टॉपर छात्रों को किया जाएगा सम्मानित : हरिओम चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ड्रीमर्स एड्यू हब ने छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दावत का शुभारंभ किया है। यह टेस्ट छात्रों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने और प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित कर उनके प्रोत्साहन को बढ़ाने का काम करेगा।ड्रीमर्स एजु हब के निदेशक हरिओम चौधरी ने बताया की पहला टेस्ट 27 अप्रैल 2025 नीट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए जबकि 4 मई जेईई मेन्स, 11मई को एनडीए एग्जाम वाले छात्रों के लिए आयोजित किया जाएगा।

इस टेस्ट में फर्स्ट रैंक लाने वाले छात्र/छात्रा को 31 हजार ,2दक रैंक पाने वाले छात्रों को 21हजार और 3तक रैंक लाने वाले छात्रों को 11हजार साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कारों और स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा। ड्रीमर्स एजु हब के संस्थापक हरिओम चौधरी का कहना है कि ष्हमारा लक्ष्य है कि हम हर प्रतिभावान विद्यार्थी तक पहुँचें और उन्हें उनके सपनों को साकार करने में मदद करें।इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि यह देशभर के छात्रों को एक समान अवसर देगा और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास भी विकसित करेगा।संस्थान कि सह संस्थापिका अंकिता तनेजा का कहना है कि दावत न केवल एक प्रतियोगी परीक्षा है, बल्कि यह एक मंच है जहाँ छात्र अपनी योग्यता साबित कर सकते हैं और भविष्य की तैयारी के लिए सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## मार्शल आर्ट अकादमी के नौ खिलाड़ियों को पदक

**विकासनगर।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित हुए 14वीं वुशु राज्य चौंपियनशिप 2025 में रक्षते मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चौंपियनशिप में अकादमी के नौ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक झटके। जिसमें तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पदक जीतने वालों में काजल चौहान स्वर्ण पदक, कशिश कश्यप, स्वर्ण पदक, मनीषा चौहान स्वर्ण पदक, अंबिका कश्यप रजत पदक, विशेष कश्यप रजत पदक, तुषार कश्यप रजत पदक, आर्यन कश्यप, पीहू व निशांत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अकादमी के तीन खिलाड़ियों का काजल, कशिश कश्यप और मनीषा चौहान का चयन राष्ट्रीय वुशु के लिए हुआ है। अकादमी के निदेशक अमन राठौड़ और मुख्य कोच विवेक राठौड़ और सह प्रशिक्षक कृष्णा ने बच्चों को जितने पर शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों के घर लौटने पर गावों वालों ने जोरदार स्वागत किया।

## चारधाम यात्रा 2025: आस्था व आंकड़ों की ऊंचाई पर उत्तराखंड

# विदेशी श्रद्धालुओं को लुभा रहे चारधाम, 16741 ने कराया पंजीकरण

■ पर्यावरण संरक्षण के लिये 'ग्रीन चारधाम अभियान' की शुरुआत ,अब तक 18 लाख ने कराया पंजीकरण, यात्रियों की संख्या 60 लाख पार जाने की संभावना

**मौहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** उत्तराखंड के चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में इस वर्ष तीर्थयात्रियों की ऐतिहासिक भीड़ देखने की संभावना है। राज्य सरकार और पर्यटन विभाग के अनुसार 2025 में चारधाम यात्रा में 60 से 65 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे बड़ा आँकड़ा हो सकता है।

चारधाम यात्रा हर वर्ष अप्रैल-मई में अक्षय तृतीया से आरंभ होती है और नवंबर तक चलती है। चारों धामों का धार्मिक महत्व अत्यधिक है, केदारनाथ भगवान शिव का ज्योतिर्लिंग है, बद्रीनाथ भगवान विष्णु का निवास, जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री क्रमशः गंगा और यमुना नदियों के उद्गम स्थल हैं।

चारधाम यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि यह राज्य के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का महत्वपूर्ण स्रोत भी बन चुकी है। वर्ष 2025 में यह यात्रा श्रद्धा, प्रौद्योगिकी और सतत विकास के नए मानक स्थापित करने जा रही है। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए पर्यटन विभाग ने 20 मार्च से आधार आधारित ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया था। इसमें अब तक 18 लाख, 71 हजार से अधिक तीर्थयात्री अलग-अलग तिथियों में पंजीकरण करा चुके हैं। चारधाम यात्रा के लिए 28 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर, हरर्बटपुर में 65 पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे। इसके अलावा समूह में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का ठहरने वाले स्थान पर ही पंजीकरण कराया जाएगा। इस बार 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं, जबकि 40 प्रतिशत पंजीकरण की व्यवस्था ऑफलाइन रहेगी। ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराने वाले यात्री 28 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए ऋषिकेश में 30, हरिद्वार में 20, हरर्बटपुर (विकासनगर) में 15 पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे। चारधाम पंजीकरण के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार के मुताबिक शनिवार तक 18 लाख से अधिक यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है, इनमें 16741 विदेशी यात्री भी शामिल हैं।

सरकार ने इस बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य करने के साथ ही हेलीकॉप्टर सेवाओं में विस्तार करने के अलावा मौसम नियंत्रण प्रणाली, ग्राम स्तर पर होमस्टे योजना को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण के लिये 'ग्रीन चारधाम अभियान' की शुरुआत करने जैसे कदम उठाए हैं।

"चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आत्मा है। हम इसे सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। भारी संख्या में यात्रियों की आमद से स्थानीय पारिस्थितिकी पर दबाव बढ़ा है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार सौर ऊर्जा, ई-बस, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र, और वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट्स जैसी योजनाओं पर कार्य कर रही है...

**पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।**



### पिछले पांच वर्षों की यात्रा का लेखा-जोखा

| वर्ष | कुल यात्री संख्या | वर्ष | कुल यात्री संख्या |
|---|---|---|---|
| 2019 | 38 लाख | 2022 | 46 लाख |
| 2020 | 4.2 लाख (कोविड प्रतिबंधों के कारण) | 2023 | 56 लाख |
| 2021 | 10.3 लाख | 2024 | 46 लाख |

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भाजपा युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पहाड़ी गली चौक पर नेशनल हेराल्ड घोटाले में लिप्त कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजय तोमर ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस की भ्रष्ट और देश विरोधी नीतियों के खिलाफ है, जो कि पूरे देश में आम जनता के साथ धोखे देना है। मात्र 50 लाख रुपए में 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति अधिग्रहण करना कांग्रेस का भ्रष्टाचार मॉडल दर्शाता है, यह घोटाला कांग्रेस की राज्य सरकारों द्वारा दिए गए विज्ञापन धन से चलाया जा रहा था और सोनिया और राहुल गांधी मुख्य आरोपी है बल्कि ये 1950 के दशक से चली आ रही एक पीढ़ीगत धोखाधड़ी है। तोमर ने कहा कांग्रेस के भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय विश्वासघात की अनकही कहानी है, ये स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत का अपमान है, पत्रकारों के साथ विश्वासघात है और पूरे राष्ट्र के साथ धोखाधड़ी है।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए साफ संदेश दिया कि देश को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुतला फूंकने वालों में जिला महामंत्री भाजपा विनोद कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा दिव्या राणा, मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग, हनी सबब्ल, विनायक नौटियाल, नरेश कुमार, सारांश डोगरा, सुमित टोंक, नीरज चौहान, आकाश कुमार, सारांश डोगरा, राहुल भारती, सुधांशु तोमर, केशर चौहान, नीरज नौटियाल, कार्तिक राणा, सुरेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की बैठक, सरकारी योजनाओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं का सीधा लाभ आमजन को मिलना चाहिए और इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

बैठक में सांसद ने भिलंगना क्षेत्र समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सेवाओं की समस्याओं पर गहरी चिंता जताई और दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर नेटवर्क समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा से पहले सभी प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली।



■ जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दिशा बैठक में निर्देश जारी, चारधाम यात्रा से पहले सड़कों को गड्ढामुक्त करने पर जोर, दूरसंचार सेवाओं में सुधार के लिए सांसद ने जताई सख्ती

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सांसद का स्वागत करते हुए जिले में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चल रही योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत स्टेज-4 के तहत सड़क सुविधा से वंचित बस्तियों को जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने को कहा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल पहुंचाने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में कोई पात्र व्यक्ति छूट न जाए, किसान सम्मान निधि योजना के लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचेख्इन बिंदुओं पर उन्होंने विभागों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

सांसद ने शहरी क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की बात कही।

ताकि शहरी गरीबों को भी आवास की सुविधा प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने वन विभाग को बंदरों की बढ़ती समस्या से निजात दिलाने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा। घनसाली क्षेत्र में निर्माणाधीन मोबाइल टावरों को शीघ्र पूर्ण कर संचार सेवाएं बहाल करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने पीएमजीएसवाई के तहत गांवों को जोड़ने के लिए निर्धारित जनसंख्या मानक में छूट देने की मांग रखी, जबकि घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने आपदा से प्रभावित खेतों में मनरेगा से सुधार कार्य कराने की आवश्यकता बताई।

बैठक में ओबीसी आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, नगरपालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत, जाखणीधार प्रशासक सुनीता देवी, चंबा अध्यक्ष शिवानी बिष्ट, नगर पंचायत घनसाली अध्यक्ष आनंद बिष्ट, चमियाला अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा, लंबगांव अध्यक्ष रोशन रांगड़, गजा अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, दिशा सदस्य अनीता कंडियाल, चतर सिंह, अबरार अहमद, परियोजना निदेशक पीएस चौहान, डीडीओ मोहम्मद असलम, डीएफओ पुनीत तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हंस फाउंडेशन का कार्य सराहनीय: विधायक नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने दीन गांव में हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर संस्था के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हंस फाउंडेशन पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए निरंतर समर्पण भाव से कार्य कर रहा है, जो वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है।

विधायक नेगी ने कहा कि माता मंगला और भोले महाराज की संवे. दनाएं पर्वतीय जनता के प्रति गहरी हैं और उनके मार्गदर्शन में हंस फाउंडेशन एक मिशन के रूप में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है।जिसे लेकर ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

उन्होंने दीन गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संतोष जताया कि यहां आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ आसपास के ग्रामीणों को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस तरह की संस्थाएं निरंतर कार्य करती रहें तो दूरस्थ गांवों में भी गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकेंगी।निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी, जसबीर कंडियाल, गंगा लाल, पुरण लाल और रेवत सिंह रावत मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से डॉ. आस्था भट्ट, सावित्री चौहान, जयबीर सिंह, रूपिका भट्ट, स्वयंवर चमोली, सुरेश कंडियाल, तेजपाल पोखरियाल और दिनेश दास आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब से लापता चल रहे नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पंजाब से लापता एक 17 वर्षीय बालक को पुलिस ने बद्रीनाथ हाईवे से सटे घोलतीर में बरामद किया। बताया जा रहा है कि बालक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिससे नाबालिग की ढूंढखोज को लेकर परिजन काफी परेशान थे। बालक के सकुशल मिलने पर परि. जनों ने रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार जताया।

रविवार सुबह कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस को सूचना मिली कि डेराबस्सी चंडीगढ़ (पंजाब) से 17 वर्षीय अनुपम पुत्र युद्धवीर सिंह रावत 15 अप्रैल से लापता चल रहा है। बालक मूल रूप से जिले के ग्राम भणज का निवासी है, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। नाबालिग घर से बिना बताये कहीं चला गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालक के फोटोग्राफ व हुलिये के विवरण के आधार पर आवश्यक सुरागरसी पतारसी करते हुए बालक को घोलतीर क्षेत्र में सकुशल बरामद करते परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाल निरीक्षक नेगी ने बताया कि नाबालिग बालक को पुलिस ने उसके चाचा धनराज सिंह रावत निवासी ग्राम भणज के सुपुर्द किया। परिजनों ने बताया कि बालक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण वह घर से बिना बताये ही चला। बालक के सकुशल मिलने पर उन्होंने रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार प्रकट किया।



# आयुष अस्पताल को दूसरी जगह शिफ्ट करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक के लामरीधार में स्वीकृत और निर्माणाधीन आयुष अस्पताल को दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने की योजना के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने तीव्र नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि लामरीधार में अस्पताल निर्माण के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये सुरक्षा दीवार और अन्य प्रारंभिक कार्यों पर पहले ही खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब राजनीतिक द्वेषवश इसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

रविवार को लामरीधार में पूर्व विधायक धन सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का विरोध किया। बैठक में उन जमीनदाताओं ने भी भाग लिया जिन्होंने अस्पताल के लिए अपनी भूमि दी थी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि लामरीधार में अस्पताल निर्माण के लिए करीब 4600 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध है, और 7 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इसका विधिवत शिलान्यास भी किया गया था। इसके बावजूद, दो वर्षों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है और अब अस्पताल को कोटी खास में 50 करोड़ की लागत से बनाने की योजना बनाई जा रही है, जबकि 15 करोड़ रुपये में यह अस्पताल लामरीधार में पहले ही तैयार हो सकता था।

प्रस्तावित बदलाव के विरोध में ग्रामीणों ने लामरीधार आयुष अस्पताल संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति में मनवीर सिंह रावत को अध्यक्ष, विक्रम उनियाल को सचिव, प्रेमचंद कुमाई को कोषाध्यक्ष, विजेंद्र कुमाई को प्रचार मंत्री, गबर सिंह चौहान को उपाध्यक्ष, और रविंद्र नेगी व गोविंद नेगी को प्रचार सचिव बनाया गया है।

बैठक में सर्वसम्मति से अस्पताल का निर्माण लामरीधार में ही करने का प्रस्ताव पारित किया गया और यह निर्णय लिया गया कि आगामी 28 अप्रैल को ग्रामीण गाजे-बाजे के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

इस दौरान पूर्व प्रमुख बेबी असवाल, समिति के सदस्य वीरेंद्र चौहान, कुशाल सिंह, दीपक, सुबोध, कमल, महाव. ीर रावत, कांतिराम, दर्शन लाल, कीर्ति कुमाई, तोता बिजल्वाण, अमीर चंद, विक्रम रावत और कुशपाल भी उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### 10 व्यक्तियों पर की ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्यवाही

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं सार्वजनिक स्थलों, तीर्थस्थलों व पर्यटक स्थलों पर मादक पदार्थों का सेवन कर अमर्यादित आचरण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में कोटद्वार पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सार्वजनिक, धार्मिक व पर्यटक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें मर्यादा में रहने की चेतावनी दी। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवर ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों पर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध पौड़ी पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### शिक्षक डॉ सौरभ मिश्र ने किया २६वीं बार रक्तदान

**कोटद्वार ।** विकासखण्ड दुगड्डा के राजकीय इण्टर कालेज धोबीघाट में कार्यरत शिक्षक डॉ सौरभ मिश्र ने रविवार को लायंस क्लब डायनेमिक की ओर से हिंदू पंचायती धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में लगातार 26 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि यह रक्तदान उन्होंने अपने माताजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया। कहा कि वर्तमान भाग दौड़ वाली जीवन शैली के कारण व्यक्ति को जीवन में बड़ी-बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में शरीर में रक्त की कमी हो जाती है। जिसे समय पर पूरा करना असम्भव हो जाता है। ऐसे में रक्तदान कर किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान करने में सक्षम लोगों से रक्तदान कर किसी अन्य की जिंदगी बचाने का आह्वान किया। उनके इस कार्य की विद्यालय प्रधानाचार्य अतुल कुकरेती व खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चन्द सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सराहना की है।

### जीवन के कौशल तथा प्रोत्साहन विषय पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीवन के कौशल तथा प्रोत्साहन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता हरिद्वार विवि रुड़की के डीन डॉ रविंद्र कुमार सैनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को जीवन के विभिन्न कौशलों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता रावत शाह ने सभी स्वयं सेवियों तथा छात्र-छात्राओं से विभिन्न कौशल को अपनाकर कुशल बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का समय है। कौशल व्यक्ति ही इस युग में आगे बढ़ सकता है। गोष्ठी में प्रोफेसर अशोक कुमार मित्तल, डॉ कविता अहलावत, भारत सिंह रावत, अंजू थपलियाल, दीप्ति मैठाणी, कुसुम भंडारी, सुमन नेगी और आशुतोष रावत सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी तथा समस्त छात्र- छात्रा उपस्थित रहे।

### जिला जज ने महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र व राजकीय संप्रेषण गृह बालिका का किया निरीक्षण

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार स्थित महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र व राजकीय संप्रेषण गृह बालिका का रविवार को जिला जज जनपद पौड़ी द्वारा मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने संस्थान की व्यवस्थाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, रहन-सहन तथा उनके सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों का जायजा लिया। इस साल की उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में संस्थान में रह रही बालिका खुशबू और हिमानी ने अच्छे अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। बालिकाओं की उपलब्धियों पर सभी ने करतल ध्वनि से उनका उत्साहवर्धन किया। जिला जज ने संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं और स्नेहमयी वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ये संस्थाएं न केवल संरक्षण देती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित भी प्रदान करती हैं। वहीं बालिकाओं ने शॉर्टहैंड, ब्यूटीशियन कोर्स और संगीत जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण की रुचि जताई। इस पर जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने आश्वस्त किया कि आगामी तीन माह के भीतर उन्हें इच्छित विषयों में औपचारिक प्रशिक्षण उपलब्ध करा दिया जाएगा। तत्पश्चात संस्था परिसर में केक काटकर बालिकाओं की सफलता का उत्सव मनाया गया।

नेशनल हेराल्ड मामले पर भाजपाईयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

### भाजपाई बोले जल्द होगी दिग्गज कांग्रेसियों की गिरफ्तारी

**श्रीनगर।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने पर श्रीनगर भाजपा मंडल ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप भाजपाइयों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस मौके फर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, भाजायुमों के प्रदेश मंत्री डॉ. सुधीर जोशी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड न्यूजपेपर को चलाने वाले समूह एजेएल(एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) की करोड़ों की देनदारी पर कांग्रेस ने माँ बेटे ने मिलकर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का पैसा लगाकर लोन को चुकता किया।बाद में एजीएल को 50लाख में यंग इंडिया कंपनी को बेचा गया। यंग इंडिया कंपनी में भी 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी सोनिया और राहुल गाँधी की रही है।कहा कि हजारों करोड़ों रूपये की प्रॉपर्टी को केवल 50 लाख में बेचा जाना बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। कहा कि कांग्रेस ने करोड़ों रूपये का घोटाला किया है।इस भ्रष्टाचार में बड़े नाम शामिल हैं।कांग्रेस पार्टी की यह चालबाजी का नतीजा जल्द दिग्गज नेताओं की गिरफ्तारी साबित करेगी।मौके पर पार्षद शंकरमणि मिश्रा, शुभम प्रभाकर, अंजना डोभाल,वासुदेव कंडारी, कुशलानाथ, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### नशा मुक्त शादी के लिए खंडवाल परिवार को सम्मान

**नई टिहरी।** प्रतापनगर ब्लॉक की पट्टी ओंण के ग्राम पंचायत भेंलून्ता निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरारी लाल खंडवाल को उनकी सुपुत्री के नशा मुक्त विवाह समारोह के आयोजन पर प्रतापनगर नागरिक सम्मान मंच की ओर से सम्मानित किया गया। मंच के अध्यक्ष धूम सिंह रागड़ और महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट ने खंडवाल परिवार को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका सम्मान किया।इस अवसर पर मंच के महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट ने कहा कि क्षेत्र में राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार के मार्गदर्शन और नागरिक मंच की सक्रियता से अब तक दर्जनों विवाह समारोह नशा मुक्त माहौल में सम्पन्न कराए जा चुके हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को नशा मुक्त संस्कारों की ओर प्रेरित किया जा रहा है।

# विद्यालय की निरंतर सफलता पर अभिभावकों ने जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के हिमालयन पब्लिक इंटर कॉलेज सनगांव कानाताल ने एक बार फिर शत-प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महादेव मैठाणी ने जानक. ारी दी कि कक्षा 10 में कुल 39 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 38 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में तथा एक छात्र द्वितीय श्रेणी में सफल हुआ है। इनमें से 25 विद्यार्थियों ने विशेष सम्मान के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में कुल 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें 27 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में और 3 द्वितीय श्रेणी में सफल हुए हैं। इनमें से 18 विद्यार्थियों ने सम्मान सहित सफलता प्राप्त की है।

विद्यालय के इस निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्यार चंद रमोला और प्रबंधक रविंद्र सकलानी ने प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है।विद्यालय के संरक्षक वचन चंद रमोला, उपाध्यक्ष सुशीला देवी, सहायक प्रबंधक कौशल्या देवी, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार समेत प्रकाश शर्मा, विस्मिल्लाह, नूरजहां, आशिया, शबाना, जुबीना, सुनीता लेखवार सहित सभी अभिभावकों ने भी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की है। विद्यालय का यह निरंतर सफलता का क्रम क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है।

# अतिक्रमणकारियों ने खुर्दबुर्द किया आम्रकुंज-डांग पैदल मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर में शामिल हुआ डांग गांव में करीब 40-45 वर्षो से आम्रकुंज से डांग गांव के मेन रोड़ तक आने वाले रास्ते को अतिक्रमणकारियों ने खुर्दबुर्द कर दिया है। जिसमें स्थानीय निवासी द्वारा प्रशासन से शिकायत की गई। इस पर प्रशासन से नोटिस मिलने के बाद अतिक्रमणकारी ने काम तो रोक दिया, किंतु पैदल व दुपहिया वाहन के रास्ते को, जो खुर्दबुर्द किया है उसको अभी तक ठीक नहीं किया। जिससे क्षेत्र के सीनियर सिटिजन, माताये, बहने व स्कूली बच्चों तथा दुपहिया वाहनो के साथ- साथ मकान निर्माण सामग्री ले जाने वाले घोडे खच्चरो के संचालको को चालकों भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। डांग गांव के स्थानीय निवासी एवं श्रीनगर मेडिकल कालेज मे कार्यरत वरिष्ठतम प्रोफेसर (डॉ.) सीएमएस रावत ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि वर्ष 2000 के आस-पास सरकार द्वारा इसमे करीब आठ फीट की पक्की सीमेनटेड रोड बनाई गई है।आम्रकुंज से सौरभ मेडिकोज तक और दाहिने तरफ पराग डेरी, पौडी रोड, गंगा मोड़ दर्शन तथा बाहिने तरफ ग्लास हाऊस ऐठाणा व बुघाणी खिर्सू रोड की ओर जाने वाले रास्ते का पिछले करीब 40-45 वर्षो से क्षेत्र के लोगो द्वारा अपने घर, दफ्तर, स्कूल, प्रतिष्ठान, खेत, जंगल व रोजमर्रा के दैनिक प्रयोग हेतु किया जा रहा है। यहां के इस पुराने रास्ते को खुर्दबुर्द कर दिया गया है। दुपहिया वाहनों चालको के साथ ही पैदल चलने वाली आम राहगीरों यथा बुजुर्ग, मातायें, बहनो, स्कूल जाने वाले बच्चो सभी आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कई राहगीरो को मध्यम से भारी चोटे आ रही है। दुपहिया वाहन गिर व फंस रहे है। क्षेत्र के लोग इस कुकृत्य से भारी मानसिक वेदना मे है। कई लोगो तब से नींद न आने की समस्या हो गई है। डॉ. रावत ने कहा कि शिकायत दर्ज उपरांत त्वरित कार्रवाई कर प्रशासन द्वारा के द्वारा अवैध काम रोक दिया है, पर करीब ढाई महीने से अधिक बीत जाने व सम्बंधित को नोटिस मिलने पर भी उक्त रास्ते को पूर्व की भांति यथास्थिति पर अभी तक नही लाया है, जिससे कि आमजन की परेशानी हल हो सके। सभी सम्बन्धित नगर निगम ने जनप्रतिनिधिगणो ( सम्मानित पार्षद गणो) व क्षेत्रवासियो द्वारा भी स्थानीय प्रशासन से अपील की गई है। पुन: निवेदन किया कि जनहित मे न्याय मिले। जिससे उक्त वर्षो पुराने रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ ही आम लोगों के लिए आवा. जाही हेतु पूर्व की भांति सुविधाजनक बनाया जा सके। डा. रावत ने कहा कि जिसने भी यह कुत्सित कार्य किया है उसको सख्त से सख्त सजा मिले। न्याय के लिए अगर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट भी जाना पडे तो सत्य के लिए जनहित मे उनकी लडाई न्याय मिलने तक जारी रहेगी।

# सदियों पुरानी आस्था का प्रतीक नाग देवता मेला, गांव में उमड़ा भक्ति का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड।** (टिहरी) धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और लोक जीवन के अद्‌भुत संगम का जीवंत उदाहरण बना ग्राम खेड़ा, जहां नाग देवता का वार्षिक मेला पूरे श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मेले में क्षेत्र भर से जुटे श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पालकी का भव्य स्वागत किया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

गांव के पंचायती चौक पर जैसे ही ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच नाग देवता की डोली पहुंची, समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए डोली की अगवानी की। पुजारी रमेश नौटियाल ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराई और उपस्थित जनसमुदाय को नाग देवता की हरियाली व प्रसाद प्रदान किया।



नाग देवता की डोली की यह यात्रा केवल धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि ग्राम समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत की मिसाल भी है। डोली ने मेले से पूर्व मुंदणी गांव, पापरा तल्ला और पापरा मल्ला में रात्रि विश्राम करते हुए गांव-गांव आशीर्वाद बांटा। रविवार को डोली ने खेड़ा मल्ला से विदाई ली और अपने मूल स्थान कुआं नाग देवता मंदिर के लिए प्रस्थान किया। विदाई के क्षणों में ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं, परंतु दिल श्रद्धा से भरे रहे।

मेले के सफल आयोजन में ग्राम प्रशासक कमलेंद्र रावत, पूर्व प्रधान विजेंद्र सजवाण, कुलबीर रावत, महावीर सजवान, जगमोहन कंडारी, प्रताप रावत, राकेश सजवाण और लोकेन्द्र सजवाण सहित अनेक गणमान्य लोगों का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा।

धार्मिक आयोजन में उमड़ी जनभावनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि आज भी हमारे गांवों में परंपरा, आस्था और संस्कृति की जड़ें गहराई तक कायम हैं।

# क्रिकेट एसोसिएशन ने दी प्रशांत को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगर के युवा प्रशांत बिष्ट को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने अंडर-14 राज सिंह डुंगरपुर ट्राफी 2024-25 के लिए बतौर पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वे 20 मई से होने वाली अंडर-14 बालक क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

प्रशांत रुद्रप्रयाग के जयमंडी गांव के रहने वाले हैं और वर्तमान में रुद्रप्रयाग नगर में रहते हैं। उन्होंने देहरादून से महाराणा प्रताप सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज से पढ़ाई की, जबकि बीते कई समय से रुद्रप्रयाग में युवाओं को क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़कर क्रिकेट का प्रशिक्षण दे रहे हैं। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने उन्हें 20 मई से पांच जून तक आयुष क्रिकेट एकेडमी छिद्दरवाला देहरादून द्वारा कराए जाने वाली अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के चीफ इक्जुकेटिव आफिसर मोहित डोभाल द्वारा जारी नियुक्त पत्र में उन्हें उक्त तिथियों पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी निर्वहन करने के निर्देश हुए हैं। एसोसिएशन की तरफ से सभी तरह के भत्ते और सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इधर, प्रशांत के पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर जनपद के खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने भी प्रशांत को बधाई दी है।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग व ग्रीन बिल्डिंग के मानकों के पालन को लेकर एमडीडीए सख्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** गर्मी का प्रकोप एक बार फिर देहरादून शहर में तेजी से देखने को मिल रहा है। ऐसे में हरियाली, भूजल स्तर में सुधार इत्यादि के मद्देनजर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बीते दिवस प्राधिकरण उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने आर्किटेक्ट एवं ड्राफ्टमैन एसोसिएशन, मैप सेल व वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने विभिन्न बिंदुओं पर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए।

एमडीडीएउपाध्यक्ष ने कहा कि प्राय: यह देखने में आता है कि प्राधिकरण द्वारा जो नक्शे पास किये जा रहे हैं, उन नक्शों में तो रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का प्रावधान नजर आता है ,लेकिन मौके पर कई लोगों के द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आर्किटेक्ट एवं ड्राफ्टमैन एसोसिएशन से अपेक्षा की वे इस दिशा में लोगों को जागरूक करने का काम करें, ताकि भूजल के स्तर को गिरने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाए कि लोग रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ रिचार्ज पिट अनिवार्य रूप से बनाएं ,ताकि भूजल में अपेक्षित सुधार आ सके। एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने यह भी अपेक्षा जताई कि जो भी नए प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं वहां पर हरियाली का विशेष ध्यान रखा जाये और ज्यादा से ज्यादा फलदार एवं छाया वाले पौधे वहां लगाए जाएं। साथ ही इस तरह के प्रोजेक्ट्स में स्ट्रीट लाइट व अन्य बिजली उपकरणों के लिए सोलर एनर्जी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाए ताकि ऊर्जा संरक्षण का कार्य भी हो सके। प्राधिकरण उपाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि जिन लोगों द्वारा नवीन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, उन्हें भवन में अधिक से अधिक ओपन एरिया छोड़ने एवं इंटर लॉकिंग टाइल्स के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे भी भू-जल संरक्षण में मदद मिलेगी। एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जहां कहीं भी सड़क व नाली निर्माण किया जा रहा है, वहां पर वर्तमान में दोनों साइड पर इसी मंशा के साथ सड़क को किनारे से कच्चा छोड़ा जा रहा है, ताकि बरसात के समय में इनके जरिए भूजल रिचार्ज हो सके।

■ एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने आर्किटेक्ट एवं ड्राफ्टमैन एसोसिएशन, मैप सेल व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए हैं निर्देश,हरियाली व भूजल स्तर में सुधार के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक





### आर्किटेक्टस से भी लिए गए सुझाव

एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने आर्किटेक्ट एवं ड्राफ्टमैन से सुझाव मांगे गए, जिस पर उनके द्वारा लेबर सेस को अत्यधिक बताते हुए इसमें रियायत की मांग की गई। साथ ही नक्शा स्वीकृति के बाद लिए जाने वाले विकास शुल्क सहित लेबर सेस व अन्य शुल्क भी एक साथ लिए जाने की मांग की गई, जिस पर उपाध्यक्ष तिवारी ने इस मामले में शासन से वार्ता बाद संशोधन किए जाने का भरोसा दिलाया।

### ग्रीन बिल्डिंग के मानकों के उल्लंघन पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा शहर में जितनी भी ग्रीन बिल्डिंग पास की गई है उन्हें एफएआर में विशेष छूट दी जाती है। उन्होंने कहा कि ग्रीन बिल्डिंग्स में मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों से भी समन्वय बनाने के निर्देश दिए।

### कहा - नो मैन्स लैंड पर किया जाए पौधरोपण

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तिवारी ने विभिन्न बिल्डर्स, आर्किटेक्ट से यह भी सहयोग की अपेक्षा की गई कि वे नो मेंस लैंड(ऐसी जमीनें जो खाली पड़ी) हैं उन पर पौधरोपण किया जाए। साथ ही आर्किटेक्ट को उनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि वे होटल, स्कूल, ग्रुप हाउसिंग आदि में साउथ फेसिंग दीवार को उस्मा रोधी तरह से डिजाइन करें।

# डेंगू मलेरिया का यह सबसे खराब साल, यह मानकर हो जाएं चिकित्सक, व निगम कर्मी तैयार:डीएम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** डेंगू एवं अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में स्वास्थ्य एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सक्रियता से काम करते हुए डेंगू पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए रिसपना व विदांल नदी के तटों सहित शहर के सभी छोड़े बडे नाले व ड्रेन की 15 मई तक प्रत्येक दशा में साफ-सफाई का काम पूर्ण किया जाए। डेंगू के हॉट स्पॉट एरिया पर विशेष फोकस करें। सभी क्षेत्रों में लार्विसाइडल टैंकर से केमिकल का छिडकाव करते हुए डेंगू मच्छर को लार्वा अवस्था में ही नष्ट किया जाए। प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से फॉगिंग की जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को लार्विसाइड 06 टैंकरों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के

**■ लार्वा सोर्स रिडक्शन, सर्विलांस, हर घर का हरहाल में होना है पूर्ण, आशाओं को जिले से हम देंगे 1500 का अतिरिक्त बोनस,समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग सरकारी व्यवस्था पर निर्भर, हमारे जन अस्पतालों को हमें बनाना है पूर्ण सक्षम, वंचित निर्बल वर्ग व्यथित होकर प्राईवेट मंहगी सेवा के लिए न हो मजबूर ,मैन, मटिरियल, मशीनरी के अभाव में न हो रोग ग्रसित कोई भी जनमनःडीएम ,डेंगू नियंत्रण और जागरूकता के लिए स्कूलों एडवाइजरी जारी करने के दिए निर्देश,स्कूल में फुल आस्तीन ड्रेस सहित बुलाएं बच्चे, मुख्य शिक्षा अधिकारी को आदेश का परिपालन के निर्देश**



निर्देश भी दिए। कहा कि प्रत्येक 10 वार्ड के लिए एक डेडिकेटेड लार्विसाइड टैंकर तैनात रहे। इसके लिए निगम को पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाएगा। सभी वार्डो में नियमित स्वच्छता, जलभराव रोकने, लार्विसाइडल एवं फॉगिंग से कैमिकल छिड़काव के लिए पूरा प्लान तैयार करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करें। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जल जभरा को रोकने के लिए स्पष्ट गाइडलाइन जारी करें। जलभराव, गंदगी और डेंगू का लार्वा पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटा जाए। आशा कार्यकत्री, वॉलिंटियर्स, रैपिड रिस्पांस टीम एवं वार्ड सदस्यों को साथ लेकर नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्रभावी ढंग से जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि डेंगू मरीजों के उपचार हेतु अस्पतालों में रैपिट टेस्ट, डेंगू एलिसा टेस्ट, उपकरण, मेडिसिन, ब्लड बैंक, बैड सहित चिकित्सक और स्टाफ की तैनात करते हुए ड्यूटी निर्धारित की जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को एडवांस में 05-05लाख की धनराशि भी जारी की। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम को एक्टिव रखा जाए। अस्पतालों को जो मशीनें दी गई है, उनको सक्रिय रखें। डेंगू की जांच के लिए लैब की दरें निर्धारित की जाए। डेंगू का कोई भी मामला सामने आने पर शॉर्ट नोटिस पर पूरी मशीनरी एक्टिव रहे। देहरादून और ऋषिकेश नगर क्षेत्रों में आशाओं को वार्ड आवंटन, आशाओं को डोर-टू-डोर सर्वे, रैपिड रिस्पांस टीम व वालिटियर्स की तैनाती के लिए माइक्रो प्लान तैयार किया जाए। ताकि डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं को एनएचएम से एक हजार, नगर निगम से 1500 के साथ अब जिला प्रशासन की ओर से भी 1500 रुपए की अतिरिक्त इन्सेंटिव धनराशि दी जाएगी। जिलाधिकारी ने अस्पताल को 02 ब्लड सेपरेटर मशीन की संख्या बढ़ाकर 05 सेपरेटर मशीन रखने के निर्देश दिए। कहा कि ब्लड सेपरेटर मशीन के लिए अस्पताल को अलग से बजट उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि डेंगू, मलेरिया एवं अन्य जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम हेतु सभी स्कूलों को एडवाइजरी जारी की जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डेंगू रोकथाम को लेकर की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि वर्ष 2022 में डेंगू के 1434 तथा वर्ष 2023 तथा वर्ष 2024 में 37 मामले सामने आए थे। इस वर्ष अभी तक 21 मामले सामने आ चुके है। अस्तालों में डेंगू उपचार के लिए समुचित व्यवस्थाओं के साथ माइक्रोप्लान तैयार किया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसडीएम हरिगिरि, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मुकेश कुमार, सीएमएस डा0 प्रदीप चौहान, सीएमएस मसूरी डा0 यतेन्द्र सिंह, एसीएमओ डा0 सीएस रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढ़ौडियाल, नगर पालिका क्षेत्रों से अधिशासी अधिकारी, ब्लड बैंक के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दस लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** धौलछीना पुलिस ने बीते दिनों जैनल नदी किनारे मिले शव के मामले में कार्रवाई की है। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ हत्या का अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार संतोष कुमार, निवासी बखरिया टाना धौलछीना थाने में पिता की हत्या किए जाने के संबंध में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते 19 फरवरी को उनके पिता गोविंद राम का शव जैनल नदी किनारे पड़ा हुआ मिला था। आरा.प लगाया कि जगदीश प्रसाद, अर्जुन लाल, जीवन लाल, पंकज कुमार, सोनू कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार, पप्पू लाल सहित अन्य अज्ञात ने उनकी हत्या की है। कहा कि आरोपियों ने उनकी हत्या कर शव को जैनल नदी किनारे फेंक दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# सीवर व पेयजल लाइन का कार्य शुरू होने पर जनता समस्याओं से जूझ रही

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** शहर में ईएमएस लिमिटेड कंपनी द्वारा सीवर वा पेयजल लाइन का कार्य प्रारंभ होने पर आम जनता की निरंतर आ रही है समस्याओं के समाधान के लिए आज पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने ईएमएस कंपनी के कार्यालय पर जाकर असिस्टेंट जनरल मैनेजर से वार्ता कर पूरे शहर का रोड मैप लिया व आ रही समस्याओं पर विस्तार में चर्चा कर उसका निवारण करने के लिए कंपनी को सुझाव प्रेषित किया। वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया की जिस क्षेत्र में पेयजल व सीवर के पाइप डाल दिए गए व लंबे समय से सड़कों को खोदा गया व लगभग दो माह से खुदी हुई सड़कों का निर्माण नहीं किया गया जिस कारण आमजन



**■ कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने ईएमएस कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर से की वार्ता, समस्याओं के निवारण को कंपनी को सुझाव प्रेषित किए**

को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आगामी गर्मी व बरसात को देखते हुए कंपनी को कहा गया कि जो कार्य अभी खोदा गया है पहले उस कार्य को पूर्ण किया जाए तब अगला कार्य किया जाए विशेष कर पुराने शहर में अत्य अधिक तंग गलियों में किस प्रकार कार्य किया जाए जिस पर पूर्ण चर्चा कि गई व कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर द्वारा पूर्ण कार्य का विश्लेषण दिया गया व पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुस्लिम बस्ती, जौनसारी बस्ती, अंबेडकर नगर, राज.ेंद्र कॉलोनी, सिनेमा गली के विषय में विस्तृत चर्चा की गई व आपसी सहयोग की बात की व आमजन को विश्वास में लेकर कार्य करने की बात कही गई।

प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर, पूर्व शहर अध्यक्ष शम्मी प्रकाश, सभासद भारत कालरा, पूर्व सभासद जमशेद अहमद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रेम प्रकाश अग्रवाल, युवा कांग्रेस नेता संयम जैन, अभी राजन आदि प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे।

## सहकारी समिति लिमिटेड पथरीबाग के अध्यक्ष बने संजय वर्मा




शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सहकारी समिति लिमिटेड पथरीबाग देहरादून समिति की एक वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में

पदाधिकारी की रेस में आगे आए लोगों सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पटेल नगर थाना क्षेत्र के पथरी बाग में हुई इस बैठक के दौरान रविवार को नई कार्यकारणी गठन के लिए मतदान किया गया। काफी चर्चाओं के बाद सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में संजय वर्मा को निर्विरोध चुना गया तो वही उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार व सचिव पद के लिए राकेश कुमार को चुना गया।वही एस् सी महिला पद के लिए सरिता देवी एवं जनरल महिला पद के लिए निशा छेत्री को कार्यभार दिया गया। बैठक के दौरान गौरव गुलेरी, राकेश कुमार मौर्य को भी पद की जिम्मेवारी सौंप गई।इस दौरान सहकारी समिति लिमिटेड का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद संभालने के बाद संजय वर्मा ने कहा कि मैं संगठन एवं लोगों के लिए निष्पक्ष कार्य करूंगा।

फोटो खबर विज्ञापन पार्टी

**एक नजर .......**

## रा.इं.का. कटापत्थर में शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** राजकीय इंटर कालेज कटापत्थर में शिक्षक अभिभावक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में पीटीए अध्यक्ष कमला देवी का चयन किया गया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्र देवी, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, मंत्री पगुधारी लाल गुप्ता, उपमंत्री सुमित्रा देवी का चयन किया गया। बैठक में सर्वसहमति से विद्यालय की टूटी चारद. ीवारी व खेल मैदान के समतलीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया, साथ ही विद्यालय भवन जो 1977 में बनाया गया था जीर्णशीर्ण है उस पर चर्चा की गइ। बैठक में प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र पंत व विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## महाविद्यालय चकराता में उद्यमिता प्रशिक्षण के दसवें दिन छात्रों ने प्रस्तुत किए स्वनिर्मित उत्पाद

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में चल रही उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत दसवें दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. मंजू अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर देहरादून से आए उद्यमिता विकास योजना के समन्वयक हेमंत बंसल एवं मुख्य प्रशिक्षक त्रिलोक नारायण विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को क्वाथ, हैंड वॉश, हर्बल चाय आदि उत्पादों के निर्माण की विधि, उपयोग और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इन उत्पादों के रखरखाव और उन्हें उपयोगी बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए गए।

## जागरूकता कार्यक्रम 'चौपाल' में शिवालिक एकेडमी के छात्रों ने लिया भाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** डॉ. नित्यानंद ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था गूंज द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम "चौपाल" में शिवालिक एकेडमी के शिक्षकों एवं छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गूंज संस्था के संस्थापक निदेशक अंशु गुप्ता व उनकी पत्नी मीनाक्षी गुप्ता (संस्थापक, ग्राम स्वाभिमान) से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व कबीर के दोहों से हुआ। गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, "बदलाव की शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए और घर ही इसका पहला केंद्र होना चाहिए।" उन्होंने यह भी बताया कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन केवल उसके पहनावे से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से किया जाना चाहिए।

गूंज संस्था द्वारा अब तक 6.5 करोड़ किलो सामग्री का पुनर्चक्रण




किया जा चुका है। संस्था ने इंटर्नशिप व फेलोशिप कार्यक्रमों की भी शुरुआत की है।

जिससे स्वयंसेवकों और उनके बच्चों को सामाजिक सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

"चौपाल" में आयोजित हस्तनिर्मित प्रदर्शनी में छात्रों ने देखा कि किस प्रकार अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी व सुंदर सामग्री बनाई जा सकती है, जो आजीविका का भी एक सशक्त माध्यम बन सकती है।

कार्यक्रम में कई समाजसेवियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे छात्रों में सामाजिक जागरूकता व सेवा भावना को बढ़ावा मिला।

शिवालिक एकेडमी की ओर से कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर तानिया त्यागी, शिक्षिकाएँ ऋतु त्यागी, उमा पुंडीर, हंसा बोहरा, रजनी नेगी, एवं छात्र गौरवी, आदित्य, आराध्या, जाह्नवी ,पार्थ उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ के टॉपर छात्र ग्रुप में



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** महर्षि अरविन्द घोष इंटर कालेज डाकपत्थर की इंटर की छात्रा कनिका चौहान ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदेश रैंकिंग में उन्होंने 22 स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर बाबूबढ़ का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। जबकि इंटरमीड़ियट का परिणाम 85 प्रतिशत रहा।

इंटरमीड़ियट में निखिल चौहान ने 17वां स्थान प्राप्त किया। जबकि कृष शर्मा ने प्रदेश रैकिंग में 20वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**■ महर्षि अरविंद कालेज व सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत**

## एसजीआरआर स्कूल की प्रधानाचार्य निलंबित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल, ईसी रोड़, देहरादून के प्रबंधन ने स्कूल की प्रधानाचार्य शैला जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन न करने और अभिभावकों से दुर्व्यहार के आरोप में स्कूल प्रबंधन ने आगे की जांच तक प्रधानाचार्य के निलंबन का आदेश जारी किया है। प्रधानाचार्य को विद्यालय प्रमुख होने के नाते अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का पालन न करने को गंभीर चूक बताते हुए स्कूल प्रबंधन ने प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखने और विद्यालय के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए मामले की जांच को आवश्यक बताया है। बताया कि निलंबन की अवधि के दौरान प्रधानाचार्य को निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। प्रधानाचार्य को एसजीआरआर पब्लिक स्कूल कालिदास रोड़, देहरादून में उपस्थित रहकर जांच में सहयोग करना होगा। प्रधानाचार्य को स्कूल का कार्यभार, दस्तावेज, उपकरण और चाबियां कुमारेशा शर्मा को सौंपने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दरअसल, निर्वतमान प्रधानाचार्य शैला जोशी ने अपने ही स्कूल एसजीआरआर से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले एक छात्र को 9वीं कक्षा में प्रवेश देने से मना किया गया और अभिभावक पर अपने बच्चे को अन्यत्र स्कूल में प्रवेश दिलाने का अनावश्यक दबाव डाला गया। इस पर अभिभावक ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज की थी। अभिभावक ने शिकायती पत्र में बताया कि विद्यालय उसके निवास स्थान के निकट होने के कारण वो अपने बच्चे को उसी स्कूल में पढाना चाहते है। इसके अलावा कतिपय अन्य अभिभावकों ने भी मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रधानाचार्य द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत दर्ज की थी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढ़ौडियाल ने प्रधानाचार्य से छात्र को उसी विद्यालय में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए थे। लेकिन प्रधानाचार्य ने उक्त निर्देशों का अनुपालन नही किया। इस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाचार्य को सुनवाई के लिए अपने कार्यालय बुलाया। इस पर भी प्रधानाचार्य उपस्थित नहीं हुई। प्रधानाचार्य से दूरभाष पर संपर्क करने पर भी उनके द्वारा संतोषजनक वार्ता नहीं की गई।

मुख्य शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन से किसी अन्य व्यक्ति को प्रधानाचार्य पद पर तैनात करने, विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव न बनाने और 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र को 9वीं कक्षा में प्रवेश दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। ताकि छात्र-छात्राओं के पठन पाठन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पडे। इस पर स्कूल प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए प्रधानाचार्य के खिलाफ जांच बैठते हुए तत्काल प्रभाव से प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है।

## दुग्ध उत्पादकों ने दुग्ध क्रम मूल्य नहीं बढ़ाने पर जताई नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** दुग्ध मूल्य नहीं बढ़ने पर उत्पादक मुखर हो गए हैं। रविवार को नाराज दुग्ध उत्पादकों ने दुग्ध संघ अध्यक्ष से मुलाकात कर जल्द दुग्ध मूल्य



बढ़ाने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि दुग्ध मूल्य में 17 मार्च से एक रुपये की बढ़ोत्तरी का आश्वासन अधिकारियों की ओर से लिखित में दिया गया था, लेकिन अब मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। जिससे उत्पादकों में भारी रोष व्याप्त हैं। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों के लिए दूध देने के दिनों की संख्या व मात्रा में सुधार करने, दुग्ध उत्पादकों को ध्यान में रखकर कानून बनाने, पशु विकास कोष को दुग्ध उत्पादक हित में उपयोग करने आदि की भी मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आगामी एक मई से आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर यहां आनंद बिष्ट, ब्रह्मानंद डालाकोटी, श्याम सुंदर सिंह, रवींद्र सिंह खाती, राम सिंह, गोपाल सिंह, जीवन सिंह, उमेश चन्द्र, रवि आदि मौजूद रहे।

# वीकेंड पर गुलजार रही लेकसिटी गर्मी में और बढ़ेगी पर्यटकों की आमद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की संख्या अधिक नजर आयी। पर्यटन स्थलों में चहल पहल रही और होटलों में आसानी से कमरे मिलने लगे हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सैलानियों की आमद में वृद्धि होगी। नगर में सैलानियों की भीड़ तो रही और ट्रैफिक व्यवस्था भी व्यवस्थित रही। आज डे विजिट पर आने वाले सैलानियों की संख्या अधिक रही। जिस कारण खासी चहल पहल रही। स्नोव्यू, चिड़ियाघर, राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन तथा वाटरफल में सैलानियों की आवक पूरे दिन बनी रही। माल रोड में शाम के समय चहल कदमी करने वाले सैलानी नजर आए जबकि नौका



विहार भी सामान्य रहा। वरिष्ठ होटल व्यवसाई भुवन लाल साह के अनुसार इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन समय से पहले शुरू हो गया है। मैदानी भागों में गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। अब जल्द ही स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश भी शुरू हो जाएगा जिसके चलते सैलानियों की आमद बढ़नी शुरू हो जाएगी। फिलहाल मई माह के लिए एडवांस बुकिंग होनी शुरू हो गई है। उम्मीद है कि इस बार सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ेगी।

## पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 289वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में स्लोगन देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत मुरादाबाद से आए पर्यटकों वाई यू सिंह तथा राजेश सिंह, अभिषेक सिंह, पारूल, प्रखर तथा अनीता को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ा। पर्यटकों ने आवास गृह में पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य में पर्यावरण संरक्षण का माडल है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी इस महान कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वे उत्तराखड से एक अच्छा संदेश लेकर जा रहे हैं।

## टीईसी-53 में मोहित को मिली 81वीं रैंक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**रानीखेत।** आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत के पूर्व छात्र मोहित जोशी ने टीईसी-53 में प्राप्त की 81वीं ऑल इंडिया रैंक। आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत ने एक बार फिर क्षेत्र को गौरवान्वित करने का अवसर प्रदान किया है। विद्यालय के पूर्व छात्र मोि. हत जोशी ने टेक्निकल एंट्री स्कीम टीईसी-53 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 81वीं रैंक प्राप्त की है। मोहित की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि सम्पूर्ण रानीखेत क्षेत्र का मान बढ़ाया है।



टीईसी-53 जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में देशभर से हजारों होनहार युवाओं के बीच शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त करना उनकी कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिचायक है। मोहित जोशी एक सैन्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता कमलेश जोशी वर्तमान में भारतीय सेना में नायब सुबेदार के पद पर सेवा दे रहे हैं, जबकि उनकी माता प्रभा जोशी गृहिणी हैं। परिवारजनों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता मोहित की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंध समिति प्राचार्य कमलेश जोशी सहित समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ ने मोहित जोशी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल. कामनाएं प्रेषित की है।

# पुलिस ने 6 मकान मालिकों के काटे चालान, लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव में पुलिस ने किरायेदारों, कुल्हु मिल रेडी, ठेली, सब्जी, घरेलू आदि कार्य करने वालों को लेकर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया हुआ है। क्षेत्र में चोरी, लूट आदि जैसी घटनाओं पर ब्रेक लगाने के लिये पुलिस कोई भी कसर बाकी नही छोड़ रही है। इस दौरान पुलिस ने 6 मकान मालिको चालान के साथ 85 लोगों का सत्यापन किया।

रविवार को एसएसपी के आदेश अनुसार एसओ पथरी मनोज नोटियाल व फेरुपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक ने पदार्था, धनपुरा ग्राम पंचायत के गांव सपेरा बस्ती स्थित अन्य कई अम्बुवाला, झाबरी, फेरुपुर, रानीमाजरा, शाहपुर, टिकोला गांव में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान सपेरा बस्ती में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन किये गये। इसके अलावा लक्सर हरिद्वार मार्ग पर संचालित होटल, ढाबे, कुल्हु मिल, स्टोन क्रेशर व किराये पर रहने वाले व्यक्तियों का सत्यापन भी किया जा रहा है। इस दौरान गांव पदार्था में किराए पर रहने वाले बाहरी जनपद के लोगों का सत्यापन किया साथ ही मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन नही कराने पर जुर्माना भी लगाया। इतना ही नही सपेरा बस्ती में कुछ लोग लूटपाट जैसी घटनाएं करते रहते है। इसको लेकर पुलिस ने सख्त सवैया अपनाया हुआ है। वहा रहने वाले व्यक्तियों को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर कोई भी बाहरी जनपद के व्यक्ति बस्ती में आता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। पुलिस ने सपेरा बस्ती में रहने वाले सभी



परिवारों का सत्यापन पूरा कर लिया है। क्षेत्र में लगी फैक्ट्रियों के कारण बाहरी जनपदों के लोग गांव में डेरा डाले रखते है और लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते है। इस तरह की कोई घटना न घटे इसके लिये पुलिस द्वारा समय समय पर सत्यापन अभियान लगातार किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने कुछ मकान मालिकों के सत्यापन नही कराने पर उन्हें चेतावनी के साथ सख्त हिदायत दी है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया बाहरी जनपद के व्यक्तियों पर नजर बनाये रखने के साथ उनका सत्यापन किया जिसमें 6 मकान मालिकों के चालान काटे गए 85 लोगो के सत्यापन किये गये है।

# फिल्में बनेंगी पलायन रोकने का माध्यम : हेमंत पांडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** फिल्मों, थिएटर एवं टेलीविजन के मशहूर एक्टर हेमंत पांडे ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उत्तराखंड में फिल्म निर्माण पलायन रोकने का माध्यम बन सकता है। उत्तराखंड से पलायन रोकने के उद्देश्य से गढ़वाली एवं कुमाऊनी दो फिल्मों का निर्माण शुरू किया जा रहा है। उत्तराखंड के ग्रामीण परिवेश को फिल्मों के माध्यम से दिखाया जाएगा। अगले महीने से शुरू की जा रही फिल्मों की पूरी शूटिंग उत्तराखंड में ही की जाएगी। फिल्मों के निर्माण का उद्देश्य युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। राज्य के कलाकारों को ही फिल्मों में मौका दिया जाएगा। हेमंत पांडे ने बताया कि कुमांउनी और गढ़वाली भाषा में फिल्म ओ इजा बाघ सरकारी विद्यालय में बाघ आने को लेकर है। गढ़वाली भाषा में फिल्म को ऐ बोई बाघ नाम दिया गया है। गांव की सच्ची कहानी पर बनायी जा रही फिल्म में लखपत सिंह की मुख्य भूमिका है। हेमंत पांडे ने कहा कि उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता फिल्मों की शूटिंग




के लिए आदर्श स्थल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं राज्य की नर्सगिक सुंदरता फिल्म जगत को खींच लाती है सरकार फिल्म निर्माण कर्ताओं को सब्सिडी भी मैहिया कर रही है राज्य में सर्वाधिक फिल्मों के निर्माण किए जा रहे हैं। फिल्मों की शूटिंग होने से स्थानीय कलाकारों का हौसला बढ़ेगा और रोजगार भी मिल सकेगा। पांडे ने कहा कि वह स्वयं पिथौरागढ़ के रहने वाले हैं। राज्य में पलायन की समस्या से अवगत हैं। पलायन रोकने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री दीपक मिश्रा एवं पत्रकार अवनीश प्रेमी ने प्रेस क्लब सभागार में हेमंत पांडे का स्वागत किया। गौरतलब है हेमंत पांडे मुझे कुछ कहना है, रहना है तेरे दिल में, आप मुझे अच्छे लगने लगे, बधाई हो बधाई हो, फरेब, रेडी, यारियां, दिल तो दीवाना है, कृष आदि फिल्मों एवं टीवी सीरियल आफिस आफिस, ताकझांक, क्या बात है, हेराफेरी, तमन्ना हाउस, नीर भरे तेरे नैना देवी, शंकर जयकिशन आदि में अभिनय कर चुके हैं।

# वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने हरिलोक तिराहे पर अंडरपास बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने हरिलोक तिराहे पर अंडरपास बनाने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि संगठन को ज्ञात हुआ है कि पुलिस प्रशासन हरिलोक तिराहे पर हो रही दुघर्टनाओं और अन्य समस्याओं के चलते तिराहे को बंद करना चाहता चाहता है। तिराहा बंद होने से क्षेत्रीय जनता को 30 मीटर की दूरी पार करने के लिए डेढ़ किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ेगा। उन्होंने ने कहा कि तिराहे पर हो रही दुघर्टनाओं को देखते हुए संगठन ने काफी समय पहले शासन को सुझाव दिया था कि मंडी अंडरपास से हरिलोक के लिए राष्ट्रीय मार्ग पर पहुंचना आसान नहीं होगा। इसलिए हरिलोक कालोनी के पास हाईवे पर अंडरपास का निर्माण किया जाए। जिसमें दुपहिया, छोटे चौपहिया वाहन कार आदि अंडरपास से एक तरफ



से दूसरी तरफ जा सकेंगे। इससे दीनापुर, सुभाषगढ, शेरपुर, पदार्था, सुल्तानपुर आदि के हजारों लोग इस अंडरपास से सुविधा पूर्वक और सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। इस विकल्प से पुलिस प्रशासन को भी राहत मिलेगी। लेकिन प्रशासन ने संगठन के सुझाव पर कोई ध्यान नहीं दिया और समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। विद्यासागर गुप्ता, ताराचंद, बाबूलाल सुमन, हरदयाल अरोड़ा, श्यामसिंह, शिवचरण, शिवकुमार शर्मा, प्रेमकुमार भारद्वाज, सुभाषचंद्र ग्रोवर, रामसागर सिंह आदि वरिष्ठ नागरिकों ने भी अंडरपास बनाए जाने की मांग की।

# शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार की कार्यकारिणी का किया स्वागत

## व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे : मृदुल कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कटहरा बाजार व्यापार मंडल की और से नवगठित शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार की कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के संरक्षक सतीश विरमानी ने शहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष मृदुल कौशिक व उनकी कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री सतीश भाटिया, उपाध्यक्ष राजेश कश्यप, पराग चाकलान, शहर मंत्री कार्तिक शर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश चौहान आदि उपस्थित रहे। शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार के अध्यक्ष मृदुल कौशिक ने कहा कि व्यापारी हित सर्वोपरि है। व्यापारियों की लड़ाई विगत 25 वर्षों से लड़ रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार इस दिशा में



कार्य करता रहेगा। संरक्षक सतीश विरमानी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार व्यापारी हित में समर्पित भाव कार्य करेगा। इस अवसर पर कटहरा बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष हर्ष वर्मा, महामंत्री विवेक वर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल अरोड़ा, उपाध्यक्ष सनी सासरिया, भारत भूषण, लोकेश मेहता, सोमदत्त वर्मा, जयप्रकाश, शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।

# चाकू के साथ युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत बहादराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष बहादराबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात्रि गश्त के दौरान रेगुलेटिंग पुल के पास नहर पटरी से एक संदिग्ध युवक को रोका। पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ व तलाशी के दौरान युवक के पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र बलजोर निवासी अत्मलपुर बोंगला, थाना बहादराबाद, हरिद्वार रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी के विरुद्ध थाना बहादराबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त व चेकिंग अभियान जारी है, जिससे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।

# हरिद्वार डिस्ट्रिक कराटे एसोसिएशन ने डिस्ट्रिक चैंपियनशिप का किया आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार डिस्ट्रिक कराटे एसोसिएशन द्वारा रोशनाबाद स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में डिस्ट्रिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथी करूणा निधि पांड ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए बालक बालिकाओं को कराटे अवश्य सीखना चाहिए। शारीरिक मजबूती के लिए कराटे सशक्त माध्यम है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को मेडल प्रदान कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरिद्वार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हरिद्वार की बाल प्रतिभाएं भी लगातार सफलता प्राप्त कर नाम रोशन कर रही हैं। कांग्रेस नेता महेश प्रताप राणा ने भी मेडल जीतने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल कैरियर का भी बेहतर माध्यम है। अनेक खिलाड़ी विभिन्न खेलों में बेहतर कैरियर बनाकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कोच रविशंकर राय, नेहा राजपूत, वाशु पाल, विवान, निवान धींगरा, तरंग दास, प्रीसा मेघवाल, वेद कश्यप, कविशराज यादव, अधिराज कश्यप आदि मौजूद रहे।

# डीएम को ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं से कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजलोक विकास समिति के अध्यक्ष विपिन गुप्ता व सचिव धीरेंद्र गुप्ता ने जिलाधिकारी, एचआरडीए उपाध्यक्ष व मुख्य नगर आयुक्त को ज्ञापन प्रेषित कर राजलोक कालोनी में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने बताया कि एचआरडीए द्वारा वर्ष 2008 में राजलोक कालोनी स्वीकृत की गयी थी। 86 बीघे में बसी कालोनी में लगभग 3500 लोग निवास करते हैं। कॉलोनी में 6 पार्क प्रस्तावित हैं। जिनमें से मात्र एक पार्क का आंशिक सौंदर्यकरण काफी संघर्ष के उपरांत एचआरडीए ने किया है। जबकि पार्क के सौंदर्यकरण का आधा कार्य कॉलोनीवासियों द्वारा लॉकडाउन के दौरान स्वयं किया था। कालोनी के लोगों के कई बार निवेदन के बाद भी बाकी 5 पार्कों में अभी तक कोई विकास कार्य नहीं किया गया है। विपिन गुप्ता ने कहा कि कालोनी में पेयजल आपूर्ति की स्थिति भी अत्यन्त गंभीर है। जल संस्थान द्वारा मात्र 15 फीसदी हिस्से में ही पेयजल की आपूर्ति की जाती है। शेष लोगों को निजी बोरिंग या अन्य अस्थायी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। किराए पर रहने वाले परिवारों के लिए यह व्यवस्था और भी अधिक कठिन है। कालोनी में ना तो सीवर सुविधा उपलब्ध ना ही पानी की निकासी के लिए नालियों की व्यवस्था की गयी है। नगर निगम द्वारा नियमित रूप से सफाई की सुविधा भी नहीं दी जा रही है। जिससे लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग, सामुदायिक केंद्र तक नहीं है। कालोनी में जंगली जानवर घुस आते हैं। जिससे डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने कहा कि कालोनी नगर निगम क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद 75 फीसदी विद्युत आपूर्ति अभी ग्रामीण कनेक्शन से की जा रही है। जिससे कालोनी के लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है। सचिव धीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कोई व्यक्ति एचआरडीए द्वारा स्वीकृत कालोनी में मकान इस उम्मीद के साथ लेता है कि उसे सभी बुनियादी सहजता से मिलेंगी। लेकिन 17 वर्ष बीतने के बाद भी राजलोक कालोनी के हालात ज्यों के त्यों है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं है। जो कि अत्यन्त चिंताजनक है। उन्होंनें कहा कि कालोनी की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द समाधान किया जाए और बिजली, पानी, सीवर, सफाई, पार्क आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं।

# नॉर्थ इंडिया फेडरेशन कप में कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी रूबी का हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के कड़छ मोहल्ला में स्थित रविदास मंदिर की रहने वाली रूबी रानी (कशिश) ने देहरादून में आयोजित हुआ नॉर्थ इंडिया फेडरेशन कप में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता और हरिद्वार पहुंचने पर आस्था टीम और दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी ने रूबी रानी (कशिश) का भगवा पटका और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। आस्था टीम के अमित मुल्तानिया ने कहा कि खिलाड़ी रूबी लगातार प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर धर्मनगरी का मान बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में भी इस बार महिला खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है उम्मीद है कि वह भी जल्दी अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाएंगी। हिमानी गौर और अंजलि ने कहा रूबी रानी ने जिस तरह से नेशनल गेम में प्रतिभाग धर्म नगरी का मान बढ़ाया है। खिलाड़ी रूबी रानी (कशिश) ने कहा कि



सरकार अब खेलों के प्रति ध्यान दे रही है इससे खिलाड़ियों का भी हौसला बढ़ रहा है। खिलाड़ी रूबी रानी का स्वागत करने वालों में राशी, दिव्या बंसल, आरती, प्रीति, प्रज्ञा, दिग्विजय, मुकेश वर्मा, संदीप बंसल, पंकज शर्मा, हर्षित आरोड़ा, नमन, प्रवीण सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्मल विरक्त कुटिया में मनाया बैखाशी खालसा जन्म दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेमनगर चौक स्थित निर्मल विरक्त कुटिया के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बैसाखी खालसा जन्म दिवस के रूप में मनाया गया। बाबा सुखा सिंह करनाल वाले द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एथल, दिनसरपुर, सहदेवपुर, लालढांग, ऋषिकेश और स्थानीय क्षेत्रों से हजारों की संख्या में संगत गुरुद्वारे पहुंची और श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आगे माथा टेका। इस दौरान कथावाचक ज्ञानी मंजीत सिंह देहरादून वाले ने कथा, कविशर जत्था सुखदेव सिंह अमृतसर वाले ने कविताएं और भाई गुरवंत सिंह हजूरी रागी तख्त श्री हजूरी रागी ने कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर बाबा सुल्तान सिंह लाड़ी ने बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ चलाकर जुल्म के खिलाफ



लड़ना सिखाया। खालसा दिवस बहुत पवित्र दिन है। सभी के धर्म का सम्मान करो। बाबा पंडत ने कहा कि ऐतिहासिक गुरुद्वारे में प्रत्येक वर्ष बैसाखी धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार शहीद हुआ। इस अवसर पर सूबा सिंह ढिल्लो, हरविंदर सिंह, उज्जल सिंह, सतपाल सिंह, मंजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, हरपाल सिंह, नैनी महेंद्रू, हरमीत कौर, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, रोशन सिंह, सुखविंदर सिंह, हरपाल सिंह, सोनू सिंह, हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह आदि हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जन अधिकार पार्टी की हरिद्वार कार्यकारणी का किया विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इंडस्ट्रियल एरिया में राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी के नेतृत्व में आयोजित जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) की हरिद्वार कार्यकारणी का विस्तार करते हुए विजय सिंह को जिलाध्यक्ष हरिद्वार जोन, खालिद हसन को जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद मोहसिन को जिला उपाध्यक्ष, दीपक राज भट्ट को महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, संध्या को विधानसभा अध्यक्ष महिला मोर्चा हरिद्वार ग्रामीण और सोनिया कामरा को विधानसभा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा हरिद्वार नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा, प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह एवं प्रदेश सचिव प्रियंका रानी द्वारा सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान हरिद्वार विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों युवाओं और महिलाओ ने पार्टी की सदस्यता भी ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा ने कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा



चुनाव को मजबूती से लड़ेगीं जिसकी तैयारी बूथ स्तर से शुरू हो गई है। पार्टी जनहित के मुद्दे उठाएगी और सड़क से सदन तक जनता की लड़ाई लड़ेगी। राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने सभी का धन्यवाद किया। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में संगीता, मीनाक्षी, शाहिल बग्गा, श्रीमंत, विक्रांत सैनी महेश, विद्या, रोहित आदि प्रमुख रहे।

# राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में संत महापुरुषों की अग्रणी भूमिका : स्वामी रामेश्वरानंद

## समारोह पूर्वक मनाया बापेश्वर धाम आश्रम का वार्षिकोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल सन्यास रोड़ स्थित बापेश्वर धाम आश्रम का वार्षिकोत्सव संत महापुरूषों और भक्तों के सानिध्य में समारोह पूर्वक मनाया गया। बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत मधूसूदन गिरी की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में संत महापुरूषों ने हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति श्रीमहंत मधूसूदन गिरी के नेतृत्व में बापेश्वर धाम आश्रम सेवा और संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। जो कि बेहद सराहनीय और प्रेरणादायी है। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी ने सभी संत महापुरूषों और अतिथीयों का स्वागत करते हुए कहा कि पूज्य गुरूजनों ब्रह्मलीन महंत रघुनाथ गिरी व ब्रह्मलीन महंत जयराम गिरी के आशीर्वाद और कृपा से समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट कर मानव सेवा करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले के दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के नेतृत्व में बापेश्वर धाम कुंभ मेले में स्नान के लिए आने वाले संतों और श्रद्धालुओं की सेवा में प्रमुख भूमिका निभाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा



कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत का अपना कुछ नहीं होता है। संत के जीवन का उद्देश्य ही मानव कल्याण है। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी संत परंपराओं का पालन करते हुए जिस प्रकार मानव कल्याण में योगदान कर रहे हैं। इससे सभी को प्रेरणा मिलती है। संत समागम का संचालन करते हुए स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि श्रीमहंत मधूसूदन गिरी संत समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। महामंडलेश्वर स्वामी संजय गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरी महाराज, आचार्य पारस मुनि, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि सहित अनेक संतों ने संत समागम को संबोधित किया और श्रद्धालु भक्तों को आशीवर्चन प्रदान किए। इस अवसर पर विश्व सनातन धर्म परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमित वालिया, नितिन वालिया, हिमांशु वालिया ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर दीपक जैन, सौरभ जैन, स्वामी विवेक गिरी, स्वामी किशन गिरी, स्वामी हरि गिरी मौजूद रहे।

# विद्वान और तपस्वी संत थे पायलट बाबा : डा. दुष्यंत



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पायलट बाबा आश्रम के प्रबंधक डा. दुष्यंत चौहान के संयोजन में ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर पायलट बाबा की स्मृति में पायलट बाबा के भक्तों ने जगजीतपुर स्थित आश्रम में ब्रह्मलीन पायलट बाबा की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और प्रसाद वितरण किया। ब्रह्मलीन पायलट बाबा के अधूरे कार्यो को पूरा करने का संकल्प लेते हुए डा. दुष्यंत चौहान ने कहा कि जिन उद्देश्यों के साथ ब्रह्मलीन पायलट बाबा ने आश्रम की स्थापना की थी। आश्रम के संतों, शिष्यों और भक्तों के सहयोग से उस उद्देश्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन पायलट बाबा विद्वान और तपस्वी संत थे। उनका असमय ब्रह्मलीन होना उनके शिष्यों, भक्तों और संत समाज के लिए ऐसी क्षति है। जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। अनिल कुमार, जय कुमार सहित कई भक्तों ने ब्रह्मलीन पायलट बाबा की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ब्रह्मलीन पायलट बाबा की शिष्या महामंडलेश्वर साध्वी चेतना गिरी माता एवं महामंडलेश्वर साध्वी श्रद्धा गिरी माता ने भी अपना संदेश प्रेषित कर ब्रह्मलीन पायलट बाबा को नमन किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बिजली अधिकारियों ने जसपुर के कई क्षेत्रों में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया, जिसमें लगभग 16 लोगों को मौके पर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। एसडीओ सद्दाम हुसैन ने बताया की विभाग द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बिजली चोरों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बड़े स्तर पर जसपुर विधानसभा में बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसमें अलग -अलग क्षेत्र में 16 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया मौके पर पुलिस को बुलाकर उनके विरुद्ध बिजली चोरी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अभियान में आवश्यक पुलिस बल साथ लेकर आगे कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई है। यहां एसडीओ सद्दाम हुसैन के साथ जेई अजहर हुसैन और अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर तोड़ने पर पूर्व विधायक रावत व उनके समर्थकों पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** उत्तराखंड में सरकार द्वारा निजी कंपनी के माध्यम से लगवाये जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध करने और मीटर तोड़ने के आरोप में विद्युत विभाग द्वारा पूर्व विधायक रणजीत सिंह राणा केखिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

कुछ समय पूर्व किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड ने भी अपनी विधानसभा में इसका विरोध कर कई मीटरों को तोड़ने की कार्रवाई कर अपना विरोध जताया था। रामनगर में भी पिछले कई दिनों से कंपनी द्वारा कुछ क्षेत्रों में यह मीटर लगाने की कार्रवाई की जा रही है जिसका स्थानीय लोगों के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत एवं उनके समर्थक लगातार विरोध कर रहे हैं। 17 अप्रैल की शाम को शिवलालपुर चुंगी के समीप सिंगल पेट्रोल पंप के पास कुछ दुकानों पर यह मीटर लगाने की कार्रवाई की जा रही थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसका विरोध करने के साथ ही कुछ स्मार्ट मीटरों को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया था।

उनका आरोप था कि यह मीटर लगाने से उपभोक्ता काफी परेशान है तथा बिल भी काफी ज्यादा आ रहा है। उन्होंने सरकार से इन मीटरों पर शीघ्र रोक लगने की मांग करते हुए कई आरोप भी लगाए थे। मामले में वरिष्ठ



निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि इस मामले में विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला रामनगर के अवर अभियंता चंद्र लाल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत एवं उनके समर्थकों पर मौके पर हंगामा करने के साथ ही विभागीय कार्यवाही संस्था के साथ सरकारी कार्य में बाधा डालने, धक्का मुक्की कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पांच स्मार्ट विद्युत मीटर को क्षतिग्रस्त कर मौके से ड्रिल मशीन व दो बैटरियां गायब होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत एवं उनके समर्थकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## वनों को बचाने के लिए मिलकर करना होगा कामः मुख्य वन संरक्षक

- वह दिन दूर नहीं जब मॉडल जिला चंपावत पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बनाएगा अपनी विशिष्ट पहचान

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** यदि आपने जंगलों को आग व अन्य कारणों से नुकसान पहुंचाने का इरादा बनाया है, तो सावधान हो जाइए! आपके ही बीच का व्यक्ति फोटों सहित वन विभाग को इसकी सूचना देदेगा। जिसके तहत आपके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो सकती है। ऐसे कई लोगों की विरुद्ध विभाग ने पहली बार कठोर कदम उठाया है अब पुलिस विभाग की तरह वन विभाग में भी गांव गांव में अपने मुखबिर रख लिए हैं।

यह जानकारी पिछले तीन दिनों से क्षेत्रीय भ्रमण पर आए मुख्य वन संरक्षक धनंजय मोहन ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि चंपावत जिले में पर्यटन, इको पर्यटन, साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पंचेश्वर एंग्लिंग के लिए एशिया महाद्वीप में अपनी अलग पहचान रखता है। चूका में भी माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा राफ्टिंग की



शुरुआत किए जाने से उसे भी एक विशिष्ट पहचान मिली है। कार्बेट ट्रेल के साथ अब यहां बर्ड वाटर के जरिए इस जिले को वैश्विक पहचान मिलेगी। अक्टूबर माह में यहां बर्ड वॉटर फेस्टिवल की शुरुआत की जाएगी। मौन पालन को कुटीर उद्योग से जोड़ा जा रहा है। हमारा उद्देश्य वनों के संरक्षण के साथ लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करने का है। समय की बदलती हुई परिस्थितियों, मानवीय संस्कृति एवं प्रवृत्ति से वनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ता जा रहा है। आधुनिक जीवन शैली ने कार्बन के उत्सर्जन को बढ़ावा मिलने जा रहा है। जिसे कम करने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में सुधार करना होगा। उन्होंने बताया कि वनों को आग से बचने के लिए पारंपरिक तरीकों में आधुनिकता का समावेश किया गया है तथा उत्तराखंड फॉरेस्ट फायर एप्प के जरिए कोई भी व्यक्ति आग लगने की जानकारी दे सकता है। इस एप्प से वन विभाग का हर कर्मचारी एवं अधिकारी जुड़ा हुआ है, जिससे कम समय में आज की सूचनाएं मिलने पर उस पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के अभी तक अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

वनों को आग से बचने एवं इसकी के संरक्षण की मिसाल शीतलाखेत से मिलती है। मायावती वन पंचायत में वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण की एक नयी मिशाल कायम की है। भिंगराडा में पिरुल के ब्रिकेटस् बनाने का अच्छा कार्य चल रहा है। पिरुल संग्रह के कार्य में तीन से बढ़कर अब ₹10 प्रति किलो ग्राम के हिसाब से खरीद किए जाने पर महिलाओं को अच्छा रोजगार मिल रहा है। प्रमुख वन संरक्षक ने डीएफओ नवीन चंद्र पंत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में नवाचार के जरिए हर क्षेत्र में अपनी अच्छी पहल की है। वह दिन दूर नहीं जब चंपावत मॉडल जिले में वन विभाग रोजगार के नए अवसर सृजित कर पर्यटन के हर क्षेत्र में नए आयाम देगा। पत्रकार वार्ता में कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक धीरज पांडे, डीएफओ नवीन चंद्र पंत एवं एशियप नेहा चौधरी भी मौजूद थे।

## रिकेश्वर घाट में सीआरपीएफ जवान का पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

- सीआरपीएफ के जवानों ने अपने साथी को दी अंतिम विदाई
- प्रशासन की ओर से तहसीलदार नेगी रहे मौजूद

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** क्षेत्र के कोली ढेक निवासी सीआरपीएफ जवान महेश सिंह ढेक का कल शनिवार को दिल्ली के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान स्वर्गवास हो गया था। वह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मे छत्तीसगढ मे तैनात थे। उनके पार्थिव शरीर को लेकर सीआरपीएफ के जवान आज रविवार दोपहर उनके पैतृक गांव कोली ढेक पहुंचे जहां अंतिम दर्शन के लिए कुछ देर उनके पार्थिव शरीर को रखा गया।

इसके बाद कोली ढेक से रिकेश्वर घाट तक उनकी अंतिम



यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। रिकेश्वर घाट में सीआरपीएफ के जवानों ने पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अपने साथी को अंतिम विदाई दी प्रशासन की ओर से तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी व राजस्व उप निरीक्षक नारायण दत्त जोशी ने जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किए।इसके बाद उनके दोनों पुत्रों के द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई। ढेक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांच महीने बाद भी सरपंच को नहीं मिला कार्यभार, ग्रामीणों में आक्रोश

- ग्रामीण बोले डीएम से करेंगे शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक की मल्ला बापरु ग्राम सभा के सरपंच गोपाल दत्त जोशी को 5 महीने के बाद भी बन सरपंच का कार्यभार नहीं सोपा गया है ।जिस कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मामले को लेकर ग्राम पंचायत मल्ला बापरु में वन पंचायत मल्ला बापरु की एक आमसभा वन पंचायत सरपंच गोपाल दत्त जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी ग्रामीण शामिल हुए। सरपंच गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि पांच महीने पूर्व वन पंचायत बापरु का गठन राजस्व उप निरीक्षक की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें उनको सर्व सम्मति से नया सरपंच चुना गया, चुनाव के बाद राजस्व उप निरीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया था कि उनको एक हफ्ते के भीतर पूर्व सरपंच राम सिंह फर्त्याल से वन पंचायत बापरु के सरपंच का कार्यभार सौंप दिया जाएगा। लेकिन आज पांच महीने बीत जाने के बाद भी उनको सरपंच का चार्ज अभी तक नहीं दिया गया है। जिस कारण उनको वन पंचायत का कार्य करने एवं देखरेख करने में समस्याएं आ रही है।

कहा बनाग्नि की घटनाओं में भी रोक लगाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मामले में समस्त ग्राम वासियों ने प्रशासन से नवनिर्वाचित सरपंच को तुरंत चार्ज देने की मांग की। कहा अगर जल्द ही सरपंच का कार्यभार नहीं सौंपा गया तो समस्त ग्रामवासी जिला अधिकारी के सामने अपनी समस्या रखेंगे। मामले में राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा पांच महीने बीत जाने के बाद भी चार्ज क्यों नहीं दिया गया यह तो क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक ही बता सकते हैं। फिलहाल मामले में उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता केसर सिंह फर्त्याल, लक्ष्मण फर्त्याल, भुवन उपाध्याय, नारायण फर्त्याल, हयात राम, दीवानी राम, मोहन सिंह, किशन सिंह सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

## एक नजर

### मानसी बडोला ने किया स्कूल टॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खूनाबोरा में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड की परिषदीय परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें 14 प्रथम तथा चार ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

**पीडी और अवकाश दिवसों की कक्षाओं का रहा योगदान**

मानसी बडोला ने 80.80 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामाजिक विज्ञान विषय में अधिकांश छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा विशेष योग्यता के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय तथा पीटीए प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस उत्कृष्ट परिणाम हेतु बच्चों की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की कक्षाएं और अवकाश दिवसों में की गई अतिरिक्त पढ़ाई की कक्षाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सड़क हादसे में पीड़िता के पति की हुई मौत, थाने में दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** शीला अग्रवाल पत्नी सीताराम निवासी आदर्श कॉलोनी आरटीओ रोड लालपुर नायक जिला नैनीताल निवासी ने खटीमा थाने में तहरीर देकर बताया है कि उसके पति सीताराम उम्र लगभग 62 वर्ष 8 अप्रैल 2025 को ऑल्टो कार संख्या यूके 04 जेड 9536 से टनकपुर से हल्द्वानी लौट रहे थे तभी लगभग 8:30 बजे रात के समय जब वह चकरपुर बायपास रोड केआईटीएम कॉलेज के पास पहुंचे थे तो सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर संख्या यूके 06 एफ 594 जिसका अंतिम अंक मिटा हुआ था मय ट्राली के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए गलत दिशा में आकर उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही ट्रैक्टर चालक भी घायल हो गया।

घटना के बाद घायल को 108 की मदद से सरकारी अस्पताल खटीमा ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान पीड़िता के पति सीताराम की मौत हो गई। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि यह दुर्घटना आने जाने वाले राहगीरों तथा स्थानीय लोगों द्वारा देखी गई थी। वहीं पीड़िता अपने पति के अंतिम संस्कार आदि में व्यस्त व शोक में होने के चलते समय पर रिपोर्ट नहीं लिखा पाई इसलिए 19 अप्रैल 2025 को पीड़िता ने घटना से संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों वाहन पुलिस चौकी में खड़े कर दिए गए हैं। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### सभासदों की मांग पर वार्ड में नियुक्त हुआ सफाई कर्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** नगर के वार्ड 4 और 5 में सफाई व्यवस्था के लिए सभासदों की चेतावनी के बाद नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति कर दी है। इसके बाद वार्डवासियों को गंदगी के ढेरों से मुक्ति मिल सकी हैं। सफाई कर्मचारी की नियमित नियुक्ति न होने पर सभासद रवि रस्तोगी ने ईओ प्रतिभा कोहली पर कड़ी नाराजगी जताई थीं। नगर के वार्ड नंबर 4 और पांच में तैनात सफाई कर्मचारी का लगभग डेढ़ माह पूर्व रिटायरमेंट हो गया था। जिसके बाद सफाई कर्मचारी नत्थू लाल के पुत्र ने सभासद रवि रस्तोगी, रिहान अंसारी के आग्रह पर नि:शुल्क कुछ दिनों तक वार्ड की गलियों, नालियों को गंदगी मुक्त किया था। इसके बाद सफाई व्यवस्था फिर ठप हो गई। सड़कों पर कूड़े के ढेर लगने लगे। जिसकी सूचना वार्डवासियों ने सभासद रवि रस्तोगी और रिहान अंसारी को दी। वार्डवासियों ने दोनों सभासदों को घेर लिया। इस दौरान सभासद रवि रस्तोगी की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली से नियमित कर्मचारी की नियुक्त को लेकर तीखीं बहस भी हुई। इसके अगले दिन नगर पालिका की मीटिंग में पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने सभासद रवि रस्तोगी और रेहान अंसारी की मांग पर वार्ड नंबर चार और पांच के लिए नियमित सफाई कर्मचारी को नियुक्त कर दिया है। रविवार को वार्ड में नियमित कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था को संभाला। इस पर वार्डवासियों ने सभासद रवि रस्तोगी और सभासद रेहान अंसारी का आभार जताया है। पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसी को भी समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर नियमित कर्मचारी की तैनाती कर दी है।

**डेढ़ माह से वार्ड चार, वार्ड पांच में सफाई व्यवस्था थी ठप**

### छह माकन स्वामी पर 60 हजार का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर। थाना** ट्रांजिट कैंप पुलिस ने रविवार को क्षेत्र में सत्यापन अभियान के दौरान 6 मकान स्वामियों पर 60 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, रविवार को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस के वसुंधरा गुरबख्श ग्रीन कॉलोनी गंगापुर रोड में रह रहे किरायेदार और घरेलू नौकरों के सत्यापन किए गए। इस दौरान 6 मकानों में बिना सत्यापन रह रहे किरायेदार मिले। थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि 6 मकान स्वामियों के खिलाफ कुल 60 हजार रुपये की चालान कार्रवाई की है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**दिनेशपुर ।** एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर अपने पड़ोसियों पर घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामजद तहरीर के आधार पर नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निकटवर्ती चंदननगर गांव निवासी प्रताप सरदार ने कहा कि पुरानी रंजिश के चलते बीते 11 अप्रैल को उसके पड़ोसी सुनील, नमिता पत्नी सुनील, लक्की पुत्र सुनील, साक्षी, सिमरन, गोपी पुत्री लक्की, प्रियंका पत्नी वरुण, मैयना पत्नी राजू, सोनिया पुत्री तरुण एक साथ उसके घर में घुस आए और उसकी पत्नी नमिता पर हमला करके मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से उसकी पत्नी गंभीर रूप घायल हो गई। उनकी चीख पुकार पर आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिसे देख सभी हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उसकी पत्नी को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे हल्द्वानी के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## तीसरी बार घर से फिर भाग गया छात्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप निवासी पांचवीं कक्षा का छात्र घर से दो बार भागने के बाद बीते 16 अप्रैल को तीसरी बार फिर से भाग गया। पिता की तहरीर परपुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 16 अप्रैल दोपहर 3 बजे उनका 12 वर्षीय बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया है। उन्होंने सभी संभावित जगह और रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा है। पूर्व में भी उनका बेटा दो बार घर से भाग चुका है। दूसरी बार उनका बेटा बाल कल्याण ग्रह सहारनपुर में मिला था। परिजनों ने बताया कि वह कक्षा पांच वीं का छात्र है। पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

## ऐक्टू ने चार नए श्रम कोड्स को मजदूर विरोधी बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) की एक बैठक रविवार को किच्छा बाईपास रोड स्थित पुराना इंडस्टियल एरिया कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम कोड्स के विरोध में 20 मई को प्रस्तावित अखिल भारतीय आम हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ऐक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि मोदी सरकार के बीते 11 वर्षों के कार्यकाल में मेहनतकश जनता की हालत बद से बदतर हो चुकी है। बेरोजगारी, महंगाई और सामा. जिक असमानता चरम पर है, जबकि मजदूरी में भारी गिरावट आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पुराने 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर कॉरपोरेट हित में चार नए श्रम कोड्स पारित किए हैं, जो पूरी तरह मजदूर विरोधी हैं। कहा कि यदि ये चार श्रम कोड्स लागू होते हैं तो मजदूरों की हालत गुलामों जैसी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इन कोड्स के खिलाफ 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है, जिसे ऐक्टू पूरी ताकत से सफल बनाएगा। बैठक में भाकपा (माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि मजदूरों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और समानता के लिए संघर्ष तेज करने की जरूरत है। निर्णय लिया गया कि हड़ताल की तैयारी के लिए आगे भी जनसभाएं, कन्वेंशन और यूनियन बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान प्रकाश चिलवाल, करन, ललित, हेमराज, जयशंकर, दिनेश सिंह, नरेंद्र चौहान, उदय पाल, हरीश, जगदंबा प्रसाद, कमल, मनोज, गोविंद सिंह, दान सिंह, जसवंत सिंह, महेश सिंह, जीवन कांडपाल आदि रहे।

## लालपुर की बरौर नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** रविवार को लालपुर की बरौर नदी में एक महिला का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान नहीं हो पायी है। रविवार शाम लालपुर चौकी पुलिस को बरौर नदी में शव पड़ा होने की सूचना मिली। निरीक्षक धीरेंद्र कुमार और लालपुर चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव नदी के पानी में बीच में पड़ा था। अनुमान है कि शव नदी में पीछे से बहकर आया है। शव के गलने के कारण उसका पुराना होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शव के बाहर निकालने पर उसके महिला होने की जानकारी मिली। मृतका की उम्र 40 वर्ष के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव के गल जाने के कारण उसके शरीर पर कोई चोट आदि का अंदाजा लगाना मुश्किल है। मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## दृष्टि कमजोर वाले बच्चों को वितरित किए गए निशुल्क चश्में



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में समय-समय पर लगने वाले निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के संचालन के लिए यहां आने वाले नेत्र सर्जनों की टीम द्वारा यहां के ग्रामीण क्षेत्रों के एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया।

आश्रम के अध्यक्ष स्वामी सुद्धिदानन्द महाराज द्वारा यहां की विषम परिस्थितियों को देखते हुए दूर दराज क्षेत्रों के लगभग एक दर्जन विद्यालयों के 600 छात्र-छात्राओं का उनके विद्यालयों में आई टेस्ट कराया गया जिसमें 76 बच्चों की दृष्टि कमजोर पाई गई। ऐसे बच्चों के लिए चश्में तैयार कर उन्हें वितरित करने का कार्य शुरू किया गया। आज राजीव नवोदय विद्यालय में स्वयं प्रेसिडेंट महाराज स्वामी सुद्धिदानन्द जी ने अपने करकमलों से बच्चों को चश्मो का वितरण किया तथा उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए जीवन के उच्च शिखर को छूने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर धर्मार्थ चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल मलनेक, आलोक चक्रवर्ती, रामकृष्ण दास, अशोक दास भी मौजूद थे। नवोदय के प्राचार्य आरके मिश्रा ने स्वामी जी तथा नेत्र चिकित्सा दल के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रविवार को ईस्टर का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग शामिल हुए।

सुबह से ही शहर के करूणा प्रार्थना भवन चर्च, सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च, कैथोलिक चर्च और असेंवली ऑफ गार्ड चर्च में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। ईस्टर पर्व की शुरुआत एक भव्य मार्च के साथ हुई, जो कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से होता हुआ चर्च पहुंचा। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और पुनरुत्थान का स्मरण करते हुए विशेष भजन और संदेश प्रस्तुत किए गए।



करूणा प्रार्थना भवन चर्च के पादरी अशोक जॉन व सेंट्रल मैथोडिस्ट चर्च के पादरी विश्वास सिंह ने प्रभु यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि ईस्टर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह प्रेम, बलिदान और आशा का प्रतीक है। जो उन्होंने मानवता के उद्धार के लिए दिखाया। कार्यक्रम में संजीवन सिंह, सिमोन, मयंक महिमा, हाईवे सिंह, सन, सिया, अमन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चर्च परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और पूरे वातावरण में भक्तिभाव की अनुभूति देखी गई।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से लूट रही है भाजपा : रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने रविवार को कांग्रेस कार्यालय रामनगर में प्रेसवार्ता की।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से लूटकर अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री को जनता इसका जवाब देगी और इस लूट को रो. कने के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी।उन्होंने कहा कि आज पूरे देश की आबादी 140 करोड़ है यदि 35 करोड़ मीटर घरेलू देश में लगे तो अगर प्रति मीटर 10000 रुपए की बचत होगी तो इससे अडानी को सीधे तौर पर 35 खरब का फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है क्योंकि अभी जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं उसका शुल्क कोई तय नहीं किया गया है लेकिन बाद में 25000 का शुल्क बिजली के बिल के माध्यम से उपभोक्ता से वसूला जाएगा।


उन्होंने कहा कि सरकार इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें तो वहीं उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व हल्द्वानी में एक उपभोक्ता का लाखों रुपए का बिल आया था जिसे विभाग द्वारा ठीक कर किया गया अब ऐसा ही मामला रामनगर के गंगोत्री विहार कॉलोनी में आया है जहां एक उपभोक्ता का बिल 48 लाख के करीब आया है उन्होंने कहा कि जब उपभोक्ता ने इसकी शिकायत करी तो विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर हटाकर पुराना मी घर पर लगा दिया गया, लेकिन उसका अभी तक बिल नहीं दिया गया है, जिससे साफ जाहिर है कि सरकार इन मीटरो के माध्यम से जनता को लूटने का काम कर रही है, लेकिन अब कांग्रेस भाजपा के हाथों जनता को नहीं लुटने देगी उन्होंने कहा कि कल भाजपा के कुछ लोगों की दावों में आकर विद्युत विभाग द्वारा उन पर और उनके कुछ समर्थकों पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उन्होंने कहा कि वह मुकदमे से डरने वाले नहीं है।वह चाहे एक नहीं 1000 मुकदमे भी लगा दे यदि जनहित में लगेंगे तो वह पीछे नहीं हटेंगे और जनता के लिए संघर्ष अपना जारी रखेंगे उन्होंने कहा कि चाहे सरकार उन्हें जेल में डाल दे, फांसी लगा दे या फिर गोली मार दे लेकिन वह इससे डरने वाले नहीं है।उन्होंने कहा कि सरकार या तो अपनी स्थिति स्पष्ट करें या फिर इन मीटरों को लगाना तत्काल बंद करें हमारा संघर्ष इसके खिलाफ जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते रहेंगे। क्योंकि यह जनहित के खिलाफ है।इस दौरान कांग्रेस नेता भुवन पांडे, मीडिया प्रभारी विनय पड़लिया, कांग्रेस नेता जावेद खान आदि मौजूद रहे।

## वन विभाग की टीम ने बाघ का रेस्क्यू किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर वन प्रभाग कोसी रेंज के नए पुल के समीप एक बगीचे से वन विभाग की टीम द्वारा बाघ का रेस्क्यू कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से बाघ की आवाजाही देखी गई थी।



रविवार को नए पुल के पास एक बगीचे में बाघ की आवाजाही देखी गई।आने जाने वाले राहगीरों की बाघ को देखने के भीड़ जमा हो गई।सूचना पर कोसी रेंज के रेंजर शेखर तिवारी, वन दारोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे और वन्यजीव चिकित्सक डॉक्टर दुष्यंत कुमार वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नए पुल के पास खड़ी भीड़ को हटाया गया।रेंजर ने बताया कि वन विभाग की टीम और वन्यजीव चिकित्सको द्वारा रामनगर हल्द्वानी मार्ग नए पुल के समीप बगीचे और झाड़ियां के बीच बाघ को ट्रेंकुलाइज किया गया। उन्होंने बताया कि बाघ को रेस्क्यू करने के बाद रेस्क्यू सेंटर ढेला में भेज दिया गया है। कॉर्बेट के वन्यजीव चिकित्सक डॉक्टर दुष्यंत कुमार ने बताया कि बाघ की उम्र दस साल है और वह नर है।उन्होंने बताया कि बाघ बीमार है और उसका उपचार किया जाएगा।

# एक ही रात में लाखों का माल समेट ले गए चोर

## मुखानी व मंडी में चोरी: तीन दुकानें एक मकान बेखौफ होकर खंगाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आए दिन शहर चोर बेखोफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। बीती रात्रि चोरों ने मंडी क्षेत्र स्थित एक घर तथा मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत तीन दुकानों के ताले तोड़कर हजारों की नगदी व सामान में हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तार की जायेगी। जानकारी के अनुसार बिठौरिया नंबर-1 चंदन विहार निवासी नवीन तिवारी ने बताया कि उनका रेस्टोरेंट 'फूड ऑन द गो' ऊंचापुल से काठगोदाम को जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित है। बीती रात वें रोजना की तरह रेस्टोरेंट बंद कर घर लौटे। शनिवार सुबह जब वे रेस्टोरेंट पहुंचे तो पाया कि बाहर लगे





दोनों ताले टूटे हुए थे। अंदर जाने पर देखा कि चोर गुल्लक और गल्ले को तोड़कर लगभग 1500 रुपये की नकदी, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और अन्य सामान ले गया।

नवीन ने यह भी बताया कि चोर जाते-जाते दुकान के अंदर रखी आइसक्रीम भी खाकर गया। रेस्टोरेंट के बगल में स्थित शैलेंद्र सनवान की बुक स्टोर से चोरों ने करीब 7,000 रुपये नकद और एक टैबलेट चोरी किया। तीसरी चोरी पास ही स्थित फतेहपुर निवासी सुमन पांडे के जनरल स्टोर से हुई, जहां से चोरों ने करीब 3,000 रुपये नकद, एक लैपटॉप और अन्य सामान चुरा लिया। नवीन तिवारी के अनुसार, तीनों चोरियों को सुबह करीब तीन बजे अंजाम दिया गया। बताया जा रहा कि चोरों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब पूरे क्षेत्र में बिजली गुल थी, जिससे चोरों को अंधेरे का फायदा उठाकर इसका लाभ उठाया। वहीं दूसरी ओर चोरों ने टीपीनगर क्षेत्र स्थित अशोक बिहार लाइन नंबर एक धौलाखेड़ा निवासी ममता भट्ट के वहां भी चोरों ने घर का ताला तोड़कर 40 हजार की नगदी, आर्टिफिशियल जेवरात, 5 मंहगी घड़ी, दो जोड़ी चांदी के पायल दो सोने के सिक्के, एक चांदी का ब्रेस्लेट चोरी कर लिया। तहरीर में पीड़िता ममता ने बताया कि उनके बच्चे देहरादून में रहते है और वह दो महीने पहले बच्चों से मिलने के लिए गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुट गई है। बता दें कि इससे पहले मुखानी क्षेत्र में फौजी मनोज पाठक के घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो चुकी है। वहीं हाल ही में रिवर वैली कॉलोनी में भी चोरों ने एक बंद घर को खंगाल डाला था। लगातार हो रही इन वारदातों से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है और वे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि तीनों मामलों में पीड़ितों से तहरीर प्राप्त हो गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एक फुटेज में एक चोर के पैरों की हल्की झलक मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सांप के काटा उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** हल्दूपोखरा गांव में सांप के काटने से एक 16 साल की किशोरी की सुशीला तिवारी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हल्दूपोखरा निवासी भगवान सिंह खेती बाड़ी का कार्य करते हैं। शनिवार देर शाम उनकी 16 वर्षीय बेटी राधा घर में खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। रसोई में घुसते ही उसके पैर में सांप ने डस लिया। सांप के डसने की बात राधा ने अपने पिता व भाई को बताई। इस पर दोनों उसे एसटीएच लेकर पहुंचे। उपचार के कुछ देर बाद राधा ने दम तोड़ दिया। शनिवार को देर अधिक होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र मेहता ने बताया कि किशोरी के पैर पर सांप के डसने के निशान पाए गए हैं। इधर वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार मृतका के परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

# महिला आयोग की सदस्य बनीं डा. उर्मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर निवासी डा. उर्मिला जोशी को उत्तराखंड महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। डा. उर्मिला जोशी द्वारा देहरादून में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। बता दें कि डा. उर्मिला जोशी का नैनीताल स्थित आयरपाटा श्री मुनगली की पुत्री हैं। उन्होंने नैनीताल के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ाई के बाद डीएसबी परिसर नैनीताल से एमए राजनीति विज्ञान किया तथा बरेली में एमए समाजशास्त्र करने के बाद बीएड फिर एमफिल करने के उपरांत उत्तराखंड की जनजाति पर शोध कार्य किया। डा. उर्मिला जोशी ने पूर्व में रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में शिक्षण किया तथा बाद में जबलपुर तथा इंदौर में भी बतौर प्राध्यापक कार्य किया तथा समाज के निर्बल वर्ग तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति अग्रणी रही है।



उनकी नियुक्ति पर कुमाऊं विश्व. विद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ उटा ने हर्ष किया है तथा डा. उर्मिला जोशी को बधाई दी है। डी एस बी की एलुमनी के उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की सदस्य बनने पर कूटा तथा उटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. नीलू, डा. दीपक, महासचिव डा. विजय कुमार, डा. संतोष कुमार, डा. उमंग सैनी, डा. पैनी जोशी, प्रो. अनिल बिष्ट तथा डा. दीपिका पंत व डा. रितेश साह व डा. युगल जोशी ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

# लोनिवि के गेस्ट हाउस में शराब की खाली बोतलों का ज़खीरा

## सांसद अजय भट्ट ने जताई सख्त नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरकारी परिसरों में नशे जैसी गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाते हुए सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को लोक निर्माण विभाग लोनिवि के गेस्ट हाउस में गंदगी और अवैध गति. विधियों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

अजय भट्ट एमबी कॉलेज में आयोजित एक पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ठंडी सड़क स्थित लोनिवि गेस्ट हाउस पहुंचे थे, जहां उन्हें कार्यकर्ताओं व अधिकारियों के साथ बैठक करनी थी। गेस्ट हाउस में प्रवेश करते ही सांसद उस समय हैरान रह गए जब कमरे में शराब की खाली बोतलें, सिगरेट के खोखे, ताश की गड्डियां और कूड़े का ढेर मिला। इस स्थिति





को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को तत्काल फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी और तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने लोनि. वि के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल से भी फोन पर वार्ता कर विभागीय लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। घटना की सूचना मिलते ही हल्द्वानी तहसीलदार मनीषा बिष्ट मौके पर पहुंचीं और गेस्ट हाउस की स्थिति का जायजा लिया। सांसद भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार नशे के विरुद्ध कड़े कदम उठा रही है, और ऐसे में किसी भी सरकारी परिसर में इस तरह की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि आगे से इस प्रकार की लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई तय है।

# पुलिस से अभद्रता, चालान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल अंडा मार्केट क्षेत्र में यातायात व्यवस्थित करते समय एक पर्यटक ने पुलिस से अभद्रता व धक्का मुक्की पर उतर आया। पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। रविवार को कोतवाल हेम चंद्र पंत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। अंडा मार्केट क्षेत्र में वह यातायात व्यवस्थित कर रहे थे। कांस्टेबल शाहिद अली ने मुनादी कर वाहनों को हटा लेने को कहा। यह सुन पर्यटक वाहन के भीतर से पुलिस को गाली गलौच करने लगा। कांस्टेबल ने वाहन के पास जाकर पर्यटक को बाहर उतरने को कहा तो वह धक्का मुक्की पर उतारु हो गया। सख्ती दिखाकर पुलिस पर्यटक को कोतवाली ले आई। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि जालौन हरियाणा निवासी शिवजीत सिंह का चालान किया गया है।

# बाबा साहेब की महानता के कई उदाहरण: भट्ट

## भाजपा ने कराई 'भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा की ओर से एमबीपी. जी कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर एक राजनेता या समाज सुधारक नहीं थे, बल्कि वह एक विचारक, एक दार्शनिक, और एक




महान नेता थे। उन्होंने भारतीय समाज के हर क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए कड़ी मेहनत की और उनके विचार आज भी हमें मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने डा. अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिल सके। जिला प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी एक विशेष कार्य योजना को लेकर पूरे देश में उनके विचारों को प्रचार प्रचार करने के लिए विभिन्न आयोजनों को कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वे सामा. जिक न्याय, समानता और आत्म-सम्मान की प्रेरणा के अमिट स्रोत हैं। उन्होंने उन वर्गों को आवाज़ दी, जिन्हें लंबे समय तक सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, डा. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, सह संयोजक भुवन आर्या, विनीत अग्रवाल, नवीन भट्ट, सुमित्रा प्रसाद, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, रेनू अधिकारी, शांति भट्ट, शंकर कोरंगा, प्रकाश हर्बोला, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, भावना मेहरा, पूर्व विधायक नवीन दुमका सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परम्परागत ढंग से मनाया ईस्टर संडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट में रविवार को ईस्टर संडे का पर्व संत एंथोनी चर्च में परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर फादर नेल्सन और फादर निकोलस ने प्रवचन करते कहा कि ईस्टर का संदेश है कि परमेश्वर की कृपा और प्रेम हमारे जीवन में एक नई शुरुआत ला सकते हैं। यह हमें आशा और विश्वास के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है और हमें बताता है कि मृत्यु के बाद जीवन भी संभव है। पुनरुत्थान जो मृत्यु पर जीवन की जीत का प्रतीक है। यह एक महत्वपूर्ण ईसाई त्यौहार है जो आशा तथा नवीकरण और नई शुरुआत का जश्न मनाता है।

ईस्टर का संदेश है कि परमेश्वर की कृपा और प्रेम सब कुछ बदल सकते हैं और मृत्यु भी अंतिम नहीं है। ईस्टर एक ऐसा त्यौहार है जो हमारे जीवन में एक नई शुरुआत लाता है। यह हमें मृत्यु के बाद भी जीवन की आशा देता है और हमें विश्वास के साथ जीने के लिए प्रेरित करता है। ईस्टर का संदेश है कि परमेश्वर की कृपा और प्रेम हमारे जीवन में एक नया अर्थ ला सकते हैं और हमें आशा और विश्वास के साथ जीने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस दौरान चर्च में लोगों ने गीत संगीत से अपनी खुशी व्यक्त की। सिस्टर मैरी, सिस्टर मरियल्ला सहित प्रताप सिंह, विनोद जेम्स, अजीत रेफियल, अनूप पीटर तथा राजू जेम्स सहित बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए।

# हल्द्वानी कोल्ट्स ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-19 जिला लीग मैच के दूसरे दिन रविवार को पहला मैच हल्द्वानी कोल्ट्स और तनमय क्रिकेट एकेडमी के मध्य जीएनजी मैदान में खेला गया। हल्द्वानी कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाये। टीम के लिए शशांक सिंह ने 76 रन, प्रांजल रैक्वाल ने 57 रन, देव जोशी ने 49 रन, राहुल बोहरा ने 46 रन, वैभव मेहरा ने 41 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तनमय क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 30वें ओवर में 121 रन बनाकर पवेलियन लौट आई और मैच को 265 रन से हार गई। जबकि हल्द्वानी कोल्ट्स के



गेंदबाज मनसिमर सिंह ने 4, देव जोशी और लिव प्रताप ने दो-दो विकेर लिए।

मैच में अंपायर की भूमिका में हिमांशु चत्रुवेदी, विनय जोशी रहे, जबकि स्कोरर में नीरज पनेरू थे। मैच में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में कांग्रेस नेता एवं पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, जगमोहन बगडवाल, क्रिकेट कोच लियाकत अली, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, नरेंद्र अधिकारी, आंनद बिष्ट, मनोज भट्ट, ललित रावत, मुकेश तिवाड़ी मौजूद रहे।

# रग्बी 7 एस में हितेश नेगी चंदन का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** रोशनाबाद स्टेडियम हरिद्वार में 8 अप्रैल से 20 अप्रैल तक रग्बी 7 एस का चयन शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन करने के बाद नैनीताल के हितेश नेगी एवरा और चंदन सिंह बिष्ट शरद को उत्तराखंड टीम में चुना गया। इन खिलाड़ियों के कोच साहिल नेगी और आयुष कुमार रहे।




उनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया। राष्ट्रीय रग्बी 7 एस चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 27 और 28 अप्रैल को गुवाहाटी असम के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। हितेश और चंदन इसमें प्रतिभाग कर उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे।

# पांगती का लेखन जोहार की सभ्यता का दस्तावेज़

## जोहार मिलन केंद्र हल्द्वानी में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन

**हल्द्वानी।** जोहार मिलन केंद्र के सभागार में क्रिएटिव उत्तराखंड 'म्योर पहाड़' संस्था द्वारा आयोजित एक भव्य साहित्यिक गोष्ठी में रविवार को सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं (हिमालय के कथानक) गजेंद्र सिंह पांगती के साहित्यिक योगदान पर चर्चा की गई और उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलिया मौजूद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में भूपेन्द्र सिंह पांगती, नरेंद्र सिंह प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर विभाग, पद्मश्री हरीश चंद्र सिंह धर्मशक्तू, डा. प्रयाग जोशी व




देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गणेश मर्तोलिया ने कहा कि श्री पांगती का लेखन जोहार की सभ्यता और संस्कृति का जीवंत दस्तावेज है। नरेंद्र सिंह ने उन्हें साहित्य और संस्कृति का द्योतक बताया, जबकि लेखक डा. प्रभात उप्रेती ने पांगती को एक श्रेष्ठ साहित्यकार की संज्ञा दी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हयात सिंह रावत सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने गजेंद्र सिंह पांगती का नागरिक अभिनंदन किया। क्रिएटिव उत्तराखंड म्योर पहाड़ के अध्यक्ष दयाल पांडे ने सम्मान पत्र पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डा. नीरज पांगती द्वारा गजेंद्र सिंह पांगती का साक्षात्कार लिया गया। इस संवाद के दौरान श्री पांगती ने कहा, साहित्य दिल से लिखा जाता है, दिमाग से तो इतिहास लिखा जाता है। मैंने भी अपना साहित्य दिल से लिखा है। इस अवसर पर हेम पंत, रिस्की पाठक, कैलाश सिंह धर्मशक्तू, पवन पहाड़ी, प्रेम सिंह, नवीन टोलिया, पत्रकार जगमोहन रौतेला, नरेंद्र बंगारी, मुकेश कोहली, डीएन भट्ट, प्रयाग रावत सहित अनेक गणमान्य साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

# पर्यटकों की सुविधा के लिए नैनीताल में खुला कंट्रोल रूम

**नैनीताल।** संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान यातायात एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत नैनीताल शहर में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु तहसील नैनीताल में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील नैनीताल में स्थापित कन्ट्रोल जिसका मोबाइल नम्बर 9458931332 है। इस नम्बर पर नैनीताल शहर में आने वाले पर्यटकों के साथ अभद्रता एवं अन्य किसी प्रकार की अनियमितता होने पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण किये जाने हेतु कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मन्दाकिनी (अगस्त्यमुनि)

पत्रांक 86 / चतुर्थ राज्य वित्त/2023-24 दिनांक अप्रैल 17, 2025

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या /2024-25**

चतुर्थ राज्य वित्त योजना की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2024-25 में विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य हेतु विकास खण्ड अगस्त्यमुनि में पंजीकृत ठेकेदारों से अलग-अलग मोहरबन्द निविदायें दिनांक 03 मई, 2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, तथा उसी दिन सायं 3:00 बजे निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति के सम्मुख खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 02 मई 2025 सायं 05:00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय अगस्त्यमुनि जनपद-रूद्रप्रयाग से प्राप्त किये जा सकते हैं। निमार्ण कार्यों हेतु निविदा की विस्तृत सूचना/जानकारी/अन्य निविदा शर्तें, एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर देखी/प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार प्रशासक/खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि को होगा। इस सूचना को विकास खण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

।। चतुर्थ राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य योजना वर्ष 2024-25 विकास खण्ड- अगस्तमुनि, जनपद रुद्रप्रयाग।।

| क्र0 सं. | मद का नाम | योजना का नाम /तोक का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | चतुर्थ राज्य वित्त अनुमानित लागत | धरोहर राशि | अवधि | प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ राज्य वित्त | ग्राम क्वीली गुणखेत तोक में कक्ष निर्माण कार्य | क्वीली | 350000.00 | 10500.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 2 | चतुर्थ राज्य वित्त | संकरोडी में ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य | बणगांव | 350000.00 | 10500.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 3 | चतुर्थ राज्य वित्त | आरोही बैंड से पंचायती चौक ग्रामीण सडक तक टाईल्स निर्माण कार्य | बावई | 400000.00 | 12000.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 4 | चतुर्थ राज्य वित्त | कार्तिक स्वामी मन्दिर स्थल में स्नानागार निर्माण कार्य | धिमतोली | 300000.00 | 9000.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 5 | चतुर्थ राज्य वित्त | ग्राम मदोला कोटी तोक में कक्ष निर्माण कार्य | मदोला | 300000.00 | 9000.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 6 | चतुर्थ राज्य वित्त | नव ज्योति पब्लिक स्कूल नगरासू में कक्ष निर्माण कार्य | नगरासू | 400000.00 | 12000.00 | 45 दिवस | 500+GST |
| 7 | चतुर्थ राज्य वित्त | नगरासू के गरगोडी तोक में पेयजल जल निर्माण कार्य | नगरासू | 350000.00 | 10500.00 | 45 दिवस | 500+GST |

निविदाओं की शर्ते किसी भी कार्य दिवस/कार्य समय पर विकास खण्ड कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

(प्रवीण भट्ट)
खण्ड विकास अधिकारी
मन्दाकिनी(अगस्त्यमुनि)



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# 'साथी' ने अटल पार्क में किया श्रमदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साथी संगठन द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को अटल पार्क, चंबलपुल परिसर में सफाई एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पार्क में भ्रमण के लिए आने वाले नागरिकों से अपील की गई कि वे प्रतिदिन कुछ समय पार्क की सफाई में भी योगदान दें ताकि पार्क का पर्यावरण स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे।

इस क्रम में संगठन के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों ने मिलकर पार्क में बिखरे पॉलिथीन, गुटखा पाउच व अन्य कचरे को एकत्र कर नियत स्थान पर निस्तारित किया। कार्यक्रम उपरांत संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन की महिला शाखा की ओर से अवगत कराया गया कि अटल पार्क में सुबह शाम के समय अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। जिससे पार्क में आने वाले नागरिकों विशेषत महिलाओं को असहजता होती है। इस पर संरक्षक एलडी पांडे ने प्रस्ताव रखा कि इस संबंध



में मेयर को ज्ञापन सौंपा जाएगा, इन कार्यक्रमों में स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण एवं अन्न की बर्बादी रोकने जैसे विषयों पर कार्यशालाएं एवं जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 8 के पार्षद रवि बाल्मीकि से संपर्क कर तय किया गया कि आगामी 27 अप्रैल रविवार को वार्ड नं. 8 में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, सचिन आनंद सिंह रावत, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह खोलिया, कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह मेहरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, मंगल राम गुप्ता मौजूद रहे।

# डेथ बालिंग करिश्मे से जीता लखनऊ

## राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया, आवेश ने 3 विकेट लिए



**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के रोमांचक मुक. ाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए ओर लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए।

एडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले। आवेश ने डेथ ओवर्स में लखनऊ के लिए बेहतरीन बालिंग की। उन्होंने 18वें ओवर में 5 ही रन खर्च किए और 2 विकेट ले लिए। आवेश ने फिर आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए और टीम को 2 रन से जीत दिला दी। आवेश ने जायसवाल, शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को पवेलियन भेजा। आवेश खान ने आखिरी 2 ओवर में 11 ही रन खर्च किए। नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाए। उन्होंने ही आखिरी ओवर में 27 रन बनाकर टीम को 180 तक पहुंचाया था। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करने उतरे बडोनी ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने मार्करम के साथ 76 रन की पार्टनरशिप भी की। लखनऊ से ओपनिंग करने उतरे ऐडन मार्करम ने 31 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 66 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मार्करम ने 1 विकेट भी लिया। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रायल्स को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनर वैभव सूर्यवंशी के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी ने 31 गेंद पर हॉफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 74 रन बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। राजस्थान को आखिरी 3 ओवर में 25 रन चाहिए थे। यहां आवेश बालिंग करने आए, उन्होंने 18वें ओवर में महज 5 रन दिए और 2 विकेट भी झटक लिए। उनके ही ओवर ने राजस्थान पर दबाव बनाया और टीम जीत की स्थिति में होते हुए भी 2 रन से हार गई। आवेश खान ने ही आखिरी ओवर में 9 रन भी बचाए।

## यार्कर फेंकना जारी रखूंगा जीत के बाद बोले आवेश खान

● **राजस्थान को छह गेंद नें नहीं बनाने दिए नौ रन**

**जयपुर, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल में राजस्थान रायल्स पर दो रन की रोमांचक जीत हासिल की थी। डेथ ओवरों में आवेश खान ने यार्कर पर यार्कर गेंदें की, जिससे राजस्थान की टीम छह गेंद में नौ रन नहीं बना सकी थीं। जीत के बाद आवेश ने कहा है कि वह यार्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल मिलाकर 11 रन दिए। लखनऊ ने आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव किया था। आवेश ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मैं यार्कर फेंकना जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि यार्कर मेरी सबसे अच्छी गेंद है। मैं हमेशा किसी भी स्थिति में यार्कर फेंकने की को. शिश करता हूं। आईपीएल में खुद पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण होता है। आवेश ने कहा कि वह किसी तरह से दबाव में नहीं थे क्योंकि जब वह 18वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो रायल्स जीत की ओर बढ़ रहा था और उसके आठ विकेट बचे हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपनी रणनीति पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं गेंदबाजी के लिए आता हूं तो किसी तरह के दबाव में नहीं रहता हूं। मैं जो भी गेंद करता हूं उस पर पूरा भरोसा रखता हूं। आवेश ने कहा कि आईपीएल में बड़े स्कोर बन रहे हैं और गेंदबाज काफी रन दे रहे हैं। पहले ओवर में मैंने भी 13 रन दिए लेकिन मैं हमेशा परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करता हूं और अपनी रणनीति को सही तरह से लागू करने पर ध्यान देता हूं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के आउट होने से लखनऊ को काफी फायदा मिला क्योंकि इससे डेथ ओवरों में दो नए बल्लेबाज क्रीज पर थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया बल्लेबाज आता है, तो उसके लिए यह इतना आसान नहीं होता है। नए बल्लेबाज के लिए, किसी भी स्थिति में आना मुश्किल होता है, खासकर जब गेंद थोड़ी नीचे रह रही हो। मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज ने कहा कि जब डेविड मिलर ने शुभम दुबे का कैच छोड़ा तो वह थोड़ा तनाव में थे। दुबे ने दो रन लिए जबकि रायल्स को जीत के लिए आखिरी गेंद पर चार रन चाहिए थे। आवेश ने कहा कि जैसे ही गेंद हवा में गई तो मैं सोच रहा था कि मिलर इसे पकड़ लेंगे। वह पूरी तरह से गेंद के नीचे थे, लेकिन जब कैच छूट गया तो मैं थोड़ा निराश हो गया, लेकिन मुझे आखिरी गेंद पर चार रन बचाने का भरोसा था। आवेश ने कहा कि वह रोमांचक जीत का जश्न नहीं मना सके क्योंकि दुबे का शाट फील्डर के पास जाने से पहले उनके टखने पर लगा था।



## धीमे ओवर रेट के लिए गिल पर जुर्माना

■ **शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत 12 लाख का जुर्माना लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत धीमें ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया हैं।

आईपीएल ने बयान में कहा कि चूंकि यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि गुजरात टाइटंस ने शनिवार को खेले गए आईपीएल के 35वें मुकाबले में जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफेन रदरफोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया था। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### खेल विशेष

## स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने का आया फरमान

**आदेश के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन नए विवाद में फंसते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड से उनका नाम हटाने का फरमान आया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) को नार्थ पवेलियन स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एचसीए से यह भी कहा गया है कि अजहरुद्दीन के नाम पर टिकट जारी नहीं किए जाएं। यह आदेश एचसीए के लोकपाल (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने दिया है। लोकपाल ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लाड्र्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं। लाड्र्स क्रिकेट क्लब ने इस साल 28 फरवरी को अजहरुद्दीन के खिलाफ याचिका में आरोप लगाया था कि दिसंबर 2019 में नार्थ स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया था। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। हालांकि, लोकपाल के आदेश के खिलाफ अजहरुद्दीन अदालत जाने की तैयारी में है। पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। अजहरुद्दीन ने कहा, मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है। संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लो. कपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।



## कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े नायर

● **टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटाए गए थे, 2018-2024 तक कोचिंग स्टॉफ में शामिल थे अभिषेक नायर**

**मुंबई, वार्ता।** टीम इंडिया के सहायक कोच से हटाए गए अभिषेक नायर फिर से कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है। दरअसल शुक्रवार को बीसीसीआई ने अभिषेक नायर को टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटा दिया था। अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई की भी टीम इंडिया से छुट्टी कर दी गई थी। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई आस्ट्रेलिया में बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की। 2018-2024 तक केकेआर का हिस्सा रहे नायर अभिषेक नायर 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। अभिषेक ने केकेआर में गंभीर के साथ काम किया था द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे। हालांकि, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे।

## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को किया 191 के स्कोर पर ढ़ेर

■ **जिम्बाब्वे के गेंदबाज मसकदजा और मुजारबानी ने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**सिलहट, वार्ता।** वेलिंगटन मसकदजा और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन-तीन विकेट), विक्टर न्याउची और वेस्ली मधेवेरे (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दम पर जिम्बाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी 191 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है।

यहां बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। विक्टर न्याउची ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले पहले शादमान इस्लाम (12) और उसके बाद महमुदुल हसन जॉय (14) को अपना शिक. ार बना लिया। ऐसे संकट के समय मोमिनुल हक और नजमुल शान्तो ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में लेसिंग मुजारबानी ने नजमुल शान्तो (40) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद वेलिंगटन मसक. दजा ने (56) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। मुशफिकुर रहीम (चार) और तैजुल इस्लाम (तीन) को वेलिंगटन ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (एक) को मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। तैजुल इस्लाम (तीन), हसन महमूद (19) और नाहिद राणा (शून्य) पर आउट हुये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पूरी टीम पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 61 ओवर में 191 के स्कोर पर सिमट गई। जिम्बाब्वे की ओर से वेलिंगटन मसकदजा ने 10 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए और ब्लेसिंग मुजारबानी ने 19 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके। विक्टर न्याउची ने 15 ओवर मे 74 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्ली मध. ेवेरे ने तीन ओवर मे दो रन देकर दो विकेट लेकर बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया।

## विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाक




■ **पीसीबी चीफ बोले कि हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करने ऐलान**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है।

भारत 29 सितम्बर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं गई थी दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए। हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच हुआ समझौता भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी।

नकवी ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे। पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्काटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।



## बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से रौंदा

■ **विराट कोहली ने नाबाद 73 रन और देवदत्त ने 61 रनों की बेहतरीन पारी खेली**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 73) और देवदत्त पड़क्किल (61) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को सात गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (एक) का विकेट गवां दिए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पड़क्किल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने देवदत्त पडिक्कल को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान रजत पाटीदार (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

हालांकि इस दौरान एक छोर थामे विराट कोहली रन बनाते रहे। विराट कोहली ने 54 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 73) रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18-5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आरस. ीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पांचवें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर प्रियांश आर्य आगे निकलकर लांग ऑफ के ऊपर से मारने के प्रयास में मिड ऑफ पर टिम डेविड को आसान कैच थमा बैठे। प्रियांश ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (22) रन बनाए। इसके बाद सातवें ओवर में क्रुणाल ने प्रभसिमरन सिंह को भी डेविड के हाथों कैच आउटकरा कर पंजाब किंग्स को दूसरा झटका दिया। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) को रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया। नेहाल वढेरा (पांच) रनआउट हुए। जॉश इंग्लिस 17 गेंदों में (29) और मार्कस स्टॉनिस (एक) को सुयश शर्मा ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रन बनाए। शशांक सिंह (31) और मार्को यानसन (25) रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## क्रोएशिया के पूर्व खिलाड़ी पोक्रिवैक की कार दुर्घटना में मौत

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), वार्ता।** क्रोएशिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकोला पोक्रिवैक की अपने देश में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की है। 39 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने करियर में दिनामो ज़ाग्रेब, एएस मोनाको और आरबी साल्ज़बर्ग के लिए खेला और 2008 से 2010 तक 15 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्रिवैक को 2015 में हॉजकिन के लिंफोमा का पता चला था, जिसके कारण उन्हें पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेना पड़ा लेकिन वह 2021 में शौकिया फुटबॉल में लौट आए और पिछली गर्मियों में निचली लीग की टीम एनके वोजनिक में शामिल हो गए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि वह एनके वोजनिक के तीन साथियों के साथ एक वाहन में थे कि शुक्रवार शाम को उनकी कार मध्य क्रोएशिया के कार्लोवैक में हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि एक अन्य कार में सवार 42 वर्षीय व्यद्रि की भी मौत हो गई, जबकि पोक्रिवाक की कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मारिजान कुस्टिक ने कहा कि निकोला एक महान फुटबॉल खिलाड़ी थे, उन्होंने इस दुनिया में अपने अंतिम क्षण तक फुटबॉल को जिया और एक भयानक बीमारी पर विजय प्राप्त करके जीवन में बहुत साहस दिखाया। यह हमारे फुटबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है, और विशेष रूप से परिवार के लिए दर्दनाक है। पोक्रिवाक ने यूरो 2008 में खेला, जहां क्रोएशिया क्वार्टर फाइनल में पहुंचा और 2010 विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग में दो बार इंग्लैंड का सामना किया। कुस्टिक ने कहा कि ऐसे चौंकाने वाले और अकल्पनीय रूप से दुखद क्षण में सांत्वना के शब्द खोजना असंभव है, जब हमने एक युवा जीवन खो दिया है। मैं इस अपूरणीय क्षति के लिए निकोला के परिवार और प्रियजनों के प्रति केवल अपनी गहरी संवेदना व्यद्र कर सकता हूं।

# सिविल लाइन पुलिस ने दबोचा एक नशा तस्कर

## बेला डॉग की सहायता से घर तक पहुंची पुलिस, 11.76 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रूडकी पुलिस के द्वारा डॉग स्कावाड के डॉग बेला की मदद से 11.76 ग्राम अवैध स्मैक बरामद एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि एक महिला फरार होने में कामयाब रही जिसकी तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि उक्त पति पत्नी मिलकर नशे का कारोबार करते थे और छोटे बच्चों की मदद से नशा बेचते थे। ताकि किसी को पता न चले। पुलिस का दावा है कि फरार महिला को जल्द पकड लिया जायेगा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी एएसपी अंकुश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के तहत सभी जनपद के प्रभारियो को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय हरिद्वार द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत नशे के कारोबारी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रुड़की द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध मादक पदार्थ नशाखोरी की रोकथाम हेतु डॉग स्कावाड की टीम डॉग बेला की सहायता से आज दिनाँक 19.



04.2025 को एक व्यक्ति इमरान पुत्र यासीन निवासी बन्दा रोड रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार को उसके घर बन्दा रोड से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 11.76 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उक्त कारोबार में सनलिप्त। अभियुक्त की पत्नी श्रीमती मेसर पत्नी

**❖महिला फरार, घर में चारपाई के पायों में छिपाकर रखी गई थी स्मैक बच्चों के जरिये की जाती थी सप्लाई**

इमरान निवासी बदा रोड माही ग्रान रुड़की मौके से फरार हो गई जिसकी तलाश जारी है स्मैक की बरामदगी के आधार पर कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 148/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। फरार अभियुक्त' श्रीमती मैंसर पत्नी इमरान निवासी बदा रोड माही ग्रान रुड़की की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में कुश मिश्रा प्रभारी कोतवाली रूडकी उ0नि0 अंशु चौधरी कोतवाली रूडकी, हेकानि0 विपिन कोतवाली रूडकी, कानि0 गोविन्द कोतवाली रूडकी कानि0 प्रदीप कोतवाली रूडकी, कानि0 रणवीर कोतवाली रूडकी, कानि0 मंगत, कानि0 सुनैना कोतवाली रूडकी म0कानि0 कविता कोतवाली रूडकी म0होगा0 अरूणा कोतवाली रूडकी डॉग हैण्डलर सुनीत मय डाँग बेला आदि शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन पर तैनात सफाई कर्मचारी की ई-रिक्शा चालकों ने की जमकर धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की रेलवे स्टेशन पर ठेकेदारी प्रथा में काम करने वाले एक सफाई कर्मचारी की कुछ रिक्शा चालकों ने मामूली कहासुनी को लेकर जमकर धुनाई कर दी जिसके बाद गुस्साए सभी सफाई कर्मचारी गंगनहर कोतवाली जा पहुंचे और पुलिस को रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक तेलीवाला का बताया जा रहा है फिलहाल गंगनहर कोतवाली पुलिस ई रिक्शा चालकों की धरपकड़ में लगी हुई है। दरअसल रुड़की रेलवे स्टेशन पर तैनात अस्थाई कर्मचारी आज सुबह हर रोज की तरह साफ सफाई में लगे थे इसी बीच सोनू पुत्र मदन सिंह ने एक ई रिक्शा चालक को साफ सफाई के दौरान ई रिक्शा हटाने के लिए कहा आरोप है कि इसी दौरान रिक्शा चालक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसके साथ जमकर गाली गलौच की जब उसने गाली का विरोध किया तो रिक्शा चालक ने अपने तीन चार अन्य साथियों को मौके पर बुलाकर उसकी लात घुसों से जमकर धुनाई कर डाली जिससे उसके कपड़े तक भी फट गए और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। फिलहाल दर्जनों सफाई कर्मचारी सोनू को लेकर गंगनहर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने ई रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है।वहीं गंगनहर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।और सफाई कर्मचारियों को इंसाफ दिलाया जायेगा।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस का हंटर, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शराब पीने वाले चार व्यक्तियों के खिलाफ कारवाई करते हुध उनके वाहन को भी सीज कर दिया गया है। चालकों के वीरूद्ध उनके लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जायेगी।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया पुलिस मुख्यलय द्वारा नशे में वाहन चलाना ओवर स्पीड गलत दिशा में वाहन चलाना रेस ड्राइविंग ईस्टन्ट ड्राइविंग रेट्रो साइलेंसर प्रेशर हॉर्न के वीरउद्ध अभियांन चलाया गया जिस पर एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अभियांन को सफल बनाए जाने के लिए सभी कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया। 19 अप्रैल 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के लिए पुलिस टीम निकाली गई पुलिस टीमों द्वारा लक्सर क्षेत्र मैं देर रात तक चेकिंग के दौरान चार व्यक्तियों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर उनके वाहन को सीज किया गया। चालकों के लाइसेंस नी करण की कार्यवाही भी की गई जिनका नाम सोंनीत पुत्र रूपचंद निवासी टांडा महतोली थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार भीम सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी अकोढा कला शेखर कुमार पुत्र ब्रज मोहन निवासी कुटेसरा थाना चरथावाल जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश ओम वीर पुत्र शेर सिंह निवासी मोहम्मदपुर बुजुर्ग थाना कोतवाली लकसर जनपद हरिद्वार बताया। थाना उन्होंने यह भी कहा की सरकर के द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार गाड़ी चलाएं और अपने आपको सुरक्षित रखें।

# पुलिस के सत्यापन अभियान से खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लकसर उच्च अधि कारियों के आदेश अनुसार पुलिस ने सत्यापन अभियांन चलाया है। जिसमें अवैध रूप से रह रहे हैं लोगों में खलबली मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार लकसर उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस ने सत्यापन अभियांन चलाया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में निवास कर रहे हैं बाहरी व्यक्ति किराएदार होटल व ढाबों में काम करने वाले व्यक्तियों बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावी कारवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया था जिसमें लक्सर क्षेत्र में पूलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा उप्रोक्त व्यक्तियों की चेकिंग कर 121 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया 23 चालान 81 पुलिस एक्ट मे किया गया उनसे 5750 संयोजन शुद्ध वसूला गया उन्होंने आमजन से अपील की है की जो भी उप्रोक्त जगह काम पर रखें उनका सत्यापन जरुर करा ले अन्यथा सत्यापन नहीं कराने वाले के



खिलाफ नियम अनुसार करवाई की जायेगी।

# ठेके की जमीन को लेकर मालिक व ठेकेदार में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के माजरी में ठेके पर दी गई खेत की जमीन को छुड़ाने को लेकर खेत मालिक ओर जमीन लेने वाले व्यक्ति के साथ गाली गलौज कहासुनी हो गई। खेत मलिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

मतलबपुर निवासी संजय की माजरी में खेत हैं। उसने गुम्मावाला निवासी नीटू को अपनी जमीन सालों से ठेके पर दे रखी हैं।शनिवार को खेत मालिक संजय ने ठेके पर लेने वाले व्यक्ति से अपनी जमीन को छेड़ने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज शुरू हो गई। खेत मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।एसएसआई बबलू सिंह चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी।दोनो के बीच समझौता हो गया हैं।

# आर्य कन्या की हुमैरा ने 12वीं में प्राप्त किए 90.2 फीसदी अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी हुमैरा गौर ने इस बार उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम में 90.2 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। अब हुमैरा का सपना है कि वह आगे चलकर बीबीए करेगी और बड़ी होकर खुद का व्यापार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि नौकरी से केवल एक परिवार चलता है, जबकि व्यापार करने से कई लोगों के परिवार एक साथ चलते हैं।

जानकारी के अनुसार हुमैरा गौर आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा हैं। शनिवार को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी हुआ। इसमें हुमैरा ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। हुमैरा की सफलता से उनके परिवार सहित अध्यापकों में भी खुशी की लहर है। बातचीत के दौरान हुमैरा ने बताया कि उनके पिता सनव्वर एक व्यापारी हैं, जबकि मां रजिया गृहिणी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान उन्होंने अंतिम दो महीने में जी तोड़ मेहनत की और फोन का इस्तेमाल केवल परीक्षा की तैयारी के लिए किया। उन्होंने बताया कि अब वे बीबीए करना चाहती हैं, जिसकी इन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं। बताया कि वह आगे चलकर आयात-निर्यात का व्यापार करना चाहती हैं। व्यापार करने की इच्छा उनके मन में अपने पिता को देखकर आई। उनका कहना है कि नौकरी करने से केवल एक ही परिवार का पालन-पोषण होता है। जबकि व्यापार करने से एक साथ कई परिवार की रोजी-रोटी चलती है। इसलिए वह आगे चलकर व्यापार करेंगी।

# शिफा मलिक 12वीं में स्कूल में तीसरा स्थान पर पाकर किया नाम रोशन

## आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा है शिफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शिक्षानगरी रुड़की में दसवीं और बारहवीं के परिणाम आने के बाद छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे है। वहीं छात्र-छात्राएं फोन कॉल और सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे को बधाई दे रहे है। रुड़की रामपुर निवासी शिफा मलिक ने इंटरमीडिएट में अपने स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर चुंगी स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी रुड़की की रहने वाली आर्य कन्या पाठशाला में 12 वीं क्लास की छात्रा शिफा मलिक पुत्री अमजद मलिक ने भी



इन्टरमीडिएट में मुकाम हासिल किया है। शिफा मलिक ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा ने इंटरमीडिएट में कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने ये मुकाम बिना कोचिंग के खुद की कड़ी मेहनत के बाद प्राप्त किया हैं। बेटी की फर्स्ट डिविजन आने पर शिफा मलिक के परिजनों में खुशी की लहर है। इस दौरान शिफा मलिक के परिजनों ने बताया कि शिफा मलिक शुरू से ही पढ़ने में होनहार है और उसने आज तक भी ट्यूशन कोचिंग नहीं लिया है वह सेल्फ स्टडी पर भरोसा करती है और शिफा मलिक ने अपनी सेल्फ स्टडी के दम पर ही स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर उनका सीन खुशी से भर दिया है परिजनों ने मिठाइयां वितरित की। वहीं शिफा मलिक की कामयाबी पर रिश्तेदारों . परिजनों व पड़ोसियों उन्हें मुबारकबाद देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं।

# प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर वर्णिका ने किया स्कूल का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षा परिणाम में हरिद्वार जिला टॉप करने वाली और प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली वर्णिका आर्य ने 95.8 फीसदी अंक हासिल किए हैं। आगे चलकर वर्णिका प्रोफेसर बनना चाहती हैं। वर्णिका के अनुसार उन्होंने प्रोफेसर बनने की प्रेरणा अपने दादा और पिता से ली है।

वर्णिका आर्य गणेशपुर स्थित कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा है। शनिवार को आए उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम ने वर्णिका ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान प्राप्त किया। जबकि हरिद्वार जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के बाद वर्णिका के स्कूल में उनका और उनके दादा का स्वागत किया गया। बातचीत में वर्णिका ने बताया कि उनके पापा सुनील कुमार आर्य इस समय पौड़ी में बतौर अध्यापक तैनात हैं। जबकि उनके सेवानिवृत्ति दादा लेक्चरार थे। जबकि माता गृहिणी है। उन्होंने बताया कि इनके अलावा उनके परिवार में उनके ताऊ भी शिक्षक हैं। परिवार में शिक्षा का माहौल होने के चलते उन्होंने प्रोफेसर बने का फैसला किया। बताया कि इस सफलता के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। खास बात यह कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों का ही अध्ययन किया। हालांकि परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने कुछ समय यूट्यूब पर नोट्स जरूर देखें। उन्होंने बताया कि घर में रहते हुए समय-समय पर उनके दादा उनका मार्गदर्शन करते रहे। उनकी इस सफलता की सबसे ज्यादा खुशी उनके दादा को ही हुई। वर्णिका ने कहा कि पढ़ाई के लिए किसी भी डाउट के लिए निसंकोच होकर अपने अध्यापकों से पूछना चाहिए। कई बार संकोच के चलते बच्चे अध्यापकों से नहीं पूछ पाते हैं। यही कारण है कि बच्चों के अंक कम हो जाते हैं।

वहीं कला में भी वर्णिका का बेहतर प्रदर्शन-कला विषय से 12वीं पास करने वाली वर्णिका की अपने विषय में भी बेहतर पकड़ है। स्कूल की अध्यापकों ने बताया कि वर्णिका किसी भी चित्र को हूबहू स्केच कर अपने हाथों से बना देती है। स्कूल में लगी पूर्व प्रिंसिपल की तस्वीर भी वर्णिका ने अपने हाथों से ही बनाई है। इसके अलावा कई महापुरुषों के अलावा विभिन्न प्रकार के पक्षी और जानवरों की तस्वीर भी वह स्क्रैच करके बना देती हैं।

# पुलिस ने शांतिभंग में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अलग-अलग प्रकरणों में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने पर 02 अभियुक्त गणों को गिरफ्तार किया गया है। अभि0गणों को बाद मेडिकल परीक्षण के ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार दिनांक 20.04.2025 को अपर उपनिरीक्षक धनपाल सिंह मय हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक तिवारी, कांस्टेबल रविंद्र धस्माना, कांस्टेबल स्वरूप द्वारा दौराने शांति व्यवस्था ड्यूटी, शांति भंग करने के आरोप में 1. शहबान पुत्र रियासत निवासी पाडली गुर्जर कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार, 2.जयवीर सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी गणेशपुर कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को सम्बन्धित अन्तर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया। अभि0गणों को बाद मेडिकल परीक्षण के ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की महोदय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सभासद की सीएम से ट्रांसफार्मर व एबीसी तार लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत कलियर के वार्ड एक सभासद अमजद मलिक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर वार्ड एक का ट्रांसफार्मर ओर पोलो पर एबीसी तार लगाने की मांग की।

पिरान कलियर नगर पंचायत के वार्ड एक सभासद अमजद मलिक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि वार्ड एक में कुछ जगहों पर पोल नही हैं।कुछ लोगों को लंबे केबिल डालने पड़ रहे हैं।जिससे केबिल बीच में से जलकर टूट जाते हैं।ईमाम साहब रोड पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ हैं। जिसको पिछले साल ऊर्जा निगम ने बढ़ाकर ढाई सौ का कर दिया गया था।जिसके टेंडर भी हो चुके हैं।लेकिन ठेकेदार की ओर से अभी तक ढाई सौ का ट्रांसफार्मर नही रखा हैं।जिस कारण आए दिन फेस उड़ते रहते हैं।ट्रांसफार्मर भी लोड बढने पर फूकता रहता हैं।गर्मी बढ़नी शरू हो गई हैं।जिससे वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सभासद ने मुख्यमंत्री से ट्रांसफार्मर बदलने ओर पोलो पर एबीसी तार लगाने के लिए विभाग को निर्देशित करने की मांग की हैं।

# भाकियू किसान सभा संगठन का बढ़ रहा है कुनबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गढी संघीपुर में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने किसानों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन किसानों के हितों व हकों की लड़ाई लड़ रहा है। जिस कारण संगठन से किसान तेजी से जुड़ रहा है। उन्होंने इकबालपुर शुगर मिल द्वारा जल्द किसानों का बकाया भुगतान न करने पर आंदोलन की बात कही।

गढ़ी संघीपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा संगठन के कार्यकर्ता सम्मेलन में किसानों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने कहा कि संगठन दिन रात किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। यही वजह है कि संगठन का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने इकबालपुर मिल पर किसानों के बकाया को लेकर कहा कि अगर जल्दी ही इकबालपुर मिल किसानों का भुगतान नहीं करती तो हमारा संगठन इकबालपुर मिल पहुंच कर धरना प्रदर्शन करेगा। उन्होंने जौरासी रेलवे स्टेशन पुल के जल्द निर्माण को लेकर कहा कि इस संबंध में रेलवे अधिकारीयों से मिलकर वार्ता की जाएगी। संगठन के जिला अध्यक्ष इब्ने हसन ने बिजली के स्मार्ट मीटर को लेकर कहा कि हमारा संगठन इस मीटर का विरोध करता है। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने संगठन में सदस्यता ग्रहण की और राष्ट्रीय अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष द्वारा कई लोगों को संगठन में नई जिम्मेदारी भी दी गई इस मौके पर अबरार हसन, नौबहार अली, जमशेद, रंजन त्यागी, मुबारिक अली, शहबाज , फय्याज अली आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

**रुड़की।** उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ जोन कमेटी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक संघठन कार्यालय बिजली घर न06 कालोनी पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा द्वारा व संचालन दीपक शांडिल्य ने किया। बैठक में हरिद्वार, लक्सर, भगवानपुर, रूड़की से आये वक्ताओं में मसरूर आलम ने कहा कि सभी संविदा साथियों के लिए मुख्यमंत्री ने नियमितीकरण के लिए ठोस निति की घोषणा की गई हैं। उसके लिए संगठन आभार व्यक्त करता है। लेकिन संगठन साथियों को भी एकजुटता से कार्य करना होगा। बैठक मे भरत सिंह रावत, संजीव चौहान, सर्वेश कुमार, विकास गुप्ता, दिनेश कुमार, सचिन चौहान, मयंक चौहान, संदीप शर्मा, त्रिलोक उप्रेती, मुकेश कुमार, मसरूर आलम व मुकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दुर्गा चौक मंदिर का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगी समिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दुर्गा चौक मंदिर समिति द्वारा 25 वाँ स्थापना दिवस ध ूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर माता की चौकी और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि श्री मां दुर्गा मंदिर, दुर्गा चौक की प्राण प्रतिष्ठा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में एक भव्य भजन संध्या ( माता की चौकी) का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के नामी कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु मंदिर में पहुंचेंगे। समिति संरक्षक पूर्व सांसद राजेंद्र बॉडी ने बताया कि मंदिर की मान्यता दूर दूर तक है। शहर ही नहीं बल्कि आसपास के श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ अपनी मन्नतें पूरी करने की प्रार्थना करती है । समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिर में पिछले 25 वर्षों से माता की अखंड ज्योति जल रही है वहीं समिति समय समय पर समाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष निध 'न कन्याओं का विवाह भी समिति द्वारा करवाया जाता है।

# जिपं अध्यक्ष ने मंदिर सौंदर्यीकरण का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चोधरी ने किशनपुर जमालपुर व करौंदी गांव में मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यो का लोकार्पकण करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर बिन भेदभाव सभी वर्गों का विकास करा रही है। सरकार न

**❖किरण चौधरी ने किशनपुर, जमालपुर व करौंदी गांव में किया शुभारंभ**

अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारकर जनता का उत्थान किया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चोधरी ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के नाते वह भी हरिद्वार जनपद में क्षेत्रों का बुनियादी विकास कराने को काम कर रहे हैं। बिना भेदभाव के हर वर्ग में काम किया जा रहा है। देहात क्षेत्र में सडकों के जाल बिछाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के नेतृत्व में जनपद में बडा तादाद में बुनियादी विकास किया गया है। पिछडे क्षेत्रों को वरीयता से



काम कराये जा रहे हैं। हरिद्वार जिला पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करा रही है। इस अवसर पर सतेंद्र प्रधान, प्रदीप चौहान व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

# लापता लड़की का चार दिन बाद भी नहीं लग पाया कोई सुराग, युवक के घर पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के ग्रीन पार्क से लापता लड़की का चार दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं युवती को ले जाने वाला युवक भी पंचायत में कोई जानकारी दे पाया है। पुलिस जांच कर रही है।

रुड़की ग्रीन पार्क से युवती को भगा कर ले जाने वाले दोनों युवकों को उसके परिजनों ने धर दबोचा जिसके बाद उन्हें ग्रीनपार्क कालोनी एक घर पर ले गए जहां समाज के सभी गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उनसे पूछताछ की गई। लेकिन काफी पूछताछ करने पर भी दोनों युवक लड़की का कोई पता नहीं बता पाए जिसके बाद सैंकड़ों लोग दोनों युवकों को लेकर कोतवाली जा पहुंचे जहां फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। दरअसल युवती के परिजनों के मुताबिक बीती 16 अप्रैल की सुबह निसद्दरपुर निवासी फरमान और उसका एक अन्य साथी ग्रीनपार्क कालोनी निवासी एक युवती को बाइक से लेकर फरार हो गए थे जिसका चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है युवती के परिजन सभी जगह तलाश कर थक चुके थे इसी दौरान उन्हें फरमान की जानकारी मिली तो उन्होंने उससे संपर्क कर ग्रीन पार्क में बुला लिया लेकिन समाज के जिम्मेदार लोगों की पंचायत में भी आरोपी फरमान और उसका साथी युवती के बारे में कुछ नहीं बता पाए।



कई घंटे चली पंचायत बेनतीजा रही अब पूरा मामला कोतवाली जा पहुंचा है जहां युवती के परिजनों को उम्मीद है कि उन्हें अब इंसाफ मिलेगा।फिलहाल पुलिस अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। वहीं पुलिस फरमान और उसके साथी से पूछताछ करने में लगे हैं।

# सम्पादकीय

सोमवार, 21 अप्रैल 2025

## निशाने पर आरएसएस

एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हुई बाप-बेटे की हत्या के मामले में गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। तो वही दुसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजी अपने चरम पर है। रविवार को मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए बाप-बेटे की हत्या के मामले में चौथी गिरफ्तारी की बात सामने आई है। पश्चिम बंगाल के विशेष जांच दल ने जियाउल शेख के नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है वह मुख्य आरोपियों में से एक है और 11 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधायक को लेकर भड़की हिंसा में हरगोविंदो दास व उनके बेटे चंदन को मार डाला था। उस भीड़ को उक्साने में शेख का बहुत बड़ा हाथ था। इससे साफ है कि पश्चिम बंगाल सरकार जो हिंसा में लिप्त है उनको कानून के कठघरे में पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कई बार कह भी चुकी है कि जो भी हिंसा में दोषी है उनको बख्शा भी नहीं जाएगा। बात सही भी है हिंसा की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। ठीक उसी तरह इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करना भी ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन विडंबना देखिए जहां सभी की यह कोशिश होनी चाहिए कि हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति आए। उसके विपरित ऐसे काम किए जा रहे है जिससे इस पूरे मामले का राजनीतिकरण किया जा सके। जाहिर है हर कोई इसे अपने नजरिए से देख रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में एक से बढ़कर एक बाजी मारने में लगे है। योगी आदित्यनाथ कह रहे है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और दंगाईयों से शक्ति से निपटना चाहिए। जाहिर है जब वह ऐसा कह रहे है, तो उनके कहने का मतलब यही है कि ममता बनर्जी सख्ती से काम नहीं ले रही है। जबकि ममता पलटवार करते योगी को भोगी बता रही है और भी जाने कितनी तरह की बाते हो रही है। जो किसी के भी हित में नहीं है। शांति लाने में तो बिलकुल भी नहीं अब शनिवार की देर रात की ही बात करें तो ममता बनर्जी ने दो पेज का एक खुला पत्र जारी किया है। जिसमे आरोप लगाया है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा भाजपा और आरएसएस के लोगों ने कराई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण अभियान शुरू किया है। ममता का यह भी दावा है कि आरएसएस व भाजपा इस घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही है। ममता ने इस पत्र में यह कहकर लोगों से अपील भी कि है कि बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। वैसे देखा जाए तो ममता बनर्जी व भाजपा के बीच पहले से ही 36 का आंकड़ा रहा है। जब भी अवसर मिलता है भाजपा ममता को घेरने में नहीं चुकती तो वही ममता भी पलटवार करने में जरा भी देर नहीं लगाती। जाहिर है लोकतंत्र में इस तरह का वातावरण ठीक नहीं कहा जा सकता। लड़ाई वेचारिक होनी चाहिए। जिसका आजकल अभाव दिखता है।

## झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल



सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है, उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है, महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया, पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है, यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था, यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था, मुख्यमंत्री ने दावा किया था महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है, महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था, दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष समाजवादी पार्टी**

# फिल्मों से डरते कागजी बहादुर





**पवन सिंह**

बहादुरों में एक कौम होती है जिसे कागजी बहादुर कहा जाता है। इस तरह की कागजी बहादुर कौम और इसके रहनुमा को बहुत की करीने व सलीके से कागजों पर तैयार किया जाता है। किसी थ्री-डी फिल्म या कामिक्स की तरह पहले कागजी बहादुर का एक कैरेक्टर गढ़ा जाता है और फिर उसमें रंग भरकर मूवमेंट्स दे दिए जाते हैं! इसके बाद इस कैरेक्टर को आवाम के दिलो-दिमाग में उतारा जाता है। जबकि ऐसे कैरेक्टर दरअसल कागज़ी बहादुर होते हैं, लेकिन आवाम को ऐसा हिप्नोटाइज करते हैं कि आवाम सब कुछ लुटा के जब तक होश में आती है तब-तक बहुत देर हो चुकी होती है।

इधर भी कुछ कागज़ी बहादुर कैरेक्टर गढ़े गए हैं ओर उनके पीछे एक भीड़ गढ़ दी गई है। जैसे भीड़ का कभी कोई चरित्र ओर विवेक नहीं रहता वैसे ही कागजी बहादुरों का भी कोई चरित्र नहीं रहता। भीड़ कागज़ी बहादुर की कठपुतली होती है ओर कागज़ी बहादुर को दूर बैठा कोई और संचालित कर रहा होता है। ऐसे कागज़ी बहादुर तेज हवाओं से सहम जाता करते हैं! तेज आवाज से चौंक जाते हैं! हालात यह हो जाते हैं कि फिल्में भी डरा दिया करती हैं। फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप ने सेंसर बोर्ड की लचर-पचर और सत्ताचरण वंदन कार्य-प्रणाली पर जो टिप्पणी की है, वह सर्वथा उचित है।

सेंसर बोर्ड हर हाल में कागज़ी बहादुरों की उस छवि को बचाए रखने के लिए कटिबद्ध नजर आता है जिसे बमुश्किल से विगत 70 सालों में कतरा-कतरा करके झूठ के सहारे गढ़ा गया और फिर 2008-2009 से नफ़रत और फिरका परस्ती के रंगों से उसे रंगा गया! सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है। सेंसर बोर्ड एक अलग ही लेबल का कागजी शेर है। छींक से भी डरता हुआ और हवाओं से भी सिहरता हुआ। बिना रीढ़ का एक ऐसा कुनबा जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र सोच नहीं है। जिसकी सत्ता उसकी चौकीदारी मतलब सेंसर बोर्ड।

कुछ उदाहरण देता हूं जैसे-2005 में विनोद पांडेय ने एक लड़की और पादरी के अफेयर पर एक फिल्म बनाई थी सिंस। जरा सा विरोध विरोध हुआ सेंसर बोर्ड को ठंड लगकर बुखार आ गया और इसे बैन कर दिया गया। वर्ष 2005 में फिल्म वाटर बनी। जो कि भारत में बाल विधवाओं के जीवन पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को फिर ठंड लगकर बुखार आया और उसके कुछ दृश्यों के कारण उसे प्रतिबंधित कर दिया था...वर्ष, 2005 में ही परजानिया आई। यह फिल्म भारत में सां. प्रदायिक दंगों पर आधारित थी लेकिन सेंसर बोर्ड की हिम्मत चोक ले गई और कुछ दृश्यों के कारण इसे प्रतिबंधित कर दिया। वर्ष, 2014 में अनफ्रीडम आई यह फिल्म भारत में एलजीबीटीआईक्यू+ समुदाय यानी कि लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को इस बार ठंड लगकर बुखार के साथ-साथ डायरिया हो गया और फिल्म बैन हो गई। एक फिल्म बनी घल्लूघारा। दिलजीत दोसांझ की इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड फावड़ा-कुदाल लेकर बैठ गया और तमाम सीन इस बिना पर कटवा दिए कि इससे हिंसा भड़क सकती है यहां तक कि कागज बहादुर बोर्ड ने फिल्म का शीर्षक बदलने के लिए कहा था। एक लखनऊ के डायरेक्टर हैं संजीव जायसवाल शूद्रों के हालात पर शूद्र द राइजिंग बनाई पहले सेंसर बोर्ड से लड़ें फिर 'भावना आहत गैंग' से! देश में ये गैंग एक अलग ही लेबल पर सक्रिय है टू ट्राप आफ वाटर गिरने से ही भावना आहत होकर 'स्खलित' हो जाती है। शूद्र पर किसी की भावना आहत हो गई और मुकदमा हो गया। 'भावना जी' एक सीन पर आहत हो गईं जिसमें एक शूद्र बालक द्वारा शिवमंत्र के जाप करने से सवर्णों द्वारा जिह्वा काट लेने, शूद्र व्यक्ति को कुएं से पानी लेने से रोकने, जिसके कारण जल के अभाव से उसके पिता की मृत्यु होने, शूद्रों को मंदिर में प्रवेश करने से वर्जित करने जैसे विषयों को दिखाया गया है। सेंसर बोर्ड की कैंची की धार और भावना गैंग की भावना, द केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स और छावा पर कुंद हो जाती है? लेकिन अगर कोई निर्माता अगर गुजरात दंगों पर गोधरा द ट्रुथ, पुलवामा फाइल्स, मणिपुर फाइल्स, इंडस्ट्रलिस्ट पितामह, भाई डियर फ्रेंड, काणां बाबा, पैरोल के संत टाइप्स फिल्म बना दे तो सेंसर बोर्ड के सारे सेंसर जाग्रत हो जाएंगे और आहत गैंग उचक कर बाहर आ जाएगा। कारण साफ है कागजी बहादुरों की छवि सालों-साल की कड़ी कागजी मेहनत और झूठ व फरेब के रंगों से गढ़ी जाती है। कागज पर यानी 'अखबार के पन्नों' और 'न्यूज चैनलों के स्टूडियो' के भीतर गढ़ी गई कागजी छवि इतनी हल्की होती है कि वह हमेशा सच की एक बूंद के गिरने से भी डर जाती है। इसीलिए विश्व में जितने भी कागजी शेर पाले गए वो सभी सच से सदैव डरे रहे। ये कागजी शेर फिल्मों के कथानक से डरे रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक डायलॉग से डरें रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक सीन से डरें रहते हैं और जब-जब ये डरते हैं अपनी मातहत संस्थाओं को आगे कर देते हैं। इन कागजी शेरों के एजेंडे से जुड़ी फिल्मों से भले आग लग जाए उन्हें डर नहीं लगता क्योंकि वह उनके एजेंडे का पोषण करती हैं लेकिन जैसे ही सच को छूते हुए सब्जेक्ट आते हैं कागजी शेर गैस्ट्रो का शिकार हो जाते हैं। फिल्म 'फूले' से डरे हुए कागजी शेरों का सच यही है।

**सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है**

**सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के एक युवा शायर अविनाश तिवारी 'ब्रह्मवंशी' का एक शेर साझा है**

**लगा लो जोर तुम चाहे जितना तानाशाही के लिए**
**हम भी लड़ते रहेंगे अपनी बेगुनाही के लिए**
**कितना भी जुल्म कर लो कत्ल छुपाने के लिए**
**आएंगी अब तो लाशें भी गवाही के लिए**
**सियासत बिक चुकी है अपने एश-ओ-इशरत के लिए**
**पकड़ लाते हैं सिर्फ़ बेगुनाह ही कार्यवाही के लिए**

( ये लेखक के निजी विचार है )

# गांव, किसान और मजदूरः कॉर्पोरेट सत्ता के शिकार



**2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था**



**विरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा माने जाने वाले गांव, किसान और श्रमिक वर्ग पिछले कुछ वर्षों में सत्ता और पूंजी के गठजोड़ की प्रयोगशाला में तब्दील हो चुके हैं। वे जो कभी देश की अर्थव्यवस्था का मेरुदंड होते थे, आज सरकार और कॉर्पोरेट के साझे 'विकास मॉडल' में सिर्फ 'लाभार्थी' बनकर रह गए हैं।

2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था, जिसमें किसान, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 'कमज़ोर लेकिन ज़रूरी' मानते हुए कुछ जगह दी जाती थी। लेकिन 2014 के बाद सत्ता में आई सरकार ने जैसे घोषणा कर दी कि अब प्राथमिकता सिर्फ कॉर्पोरेट है।

### 'कॉर्पोरेट प्रथम' का नया दौर

मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही जिस तरह से 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'नेशनल मॉनेटाइजेशन पाइपलाइन' जैसी योजनाओं के ज़रिए देश की संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने का सिलसिला शुरू किया, उसने साफ संकेत दे दिए थे कि आने वाला वक्त पूंजीपतियों के लिए 'गोल्डन एरा' होगा। रेलवे, एयरपोर्ट, तेल कंपनियां, बीमा, बैंक एक-एक कर सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियां निजी हाथों में जाती गईं, और वही हाथ अब नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाने लगे।

### जो रोड़े थे, उन्हें रास्ते से हटाया गया

सरकार जानती थी कि यदि कोई वर्ग इन फैसलों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकता है तो वह है किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग। इसीलिए इनके ध्यान को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रपंचों की राजनीति की गई। कभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर 6000 रुपये की किश्तों में 'करुणा' बांटी गई, तो मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर जैसे कदमों से एक श्लाभार्थी मानसिकताश को गढ़ा गया। ये वो वर्ग हैं जो कभी अधिकार मांगते थे, अब कृपा स्वीकार करने के लिए विवश हो गए। इसी तरह अग्निवीर योजना लाकर युवा वर्ग की स्थायी नौकरी की आकांक्षा को अस्थायी ठेकेदारी में बदल दिया गया, जबकि इसका विरोध करने वालों को 'राष्ट्र विरोधी' तक बताया गया।

### धार्मिक आयोजनों व भावनात्मक मुद्दों की बिछी बिसात

इस नई राजनीति में धर्म एक उपकरण की तरह इस्तेमाल किया गया। राम मंदिर, कांवड़ यात्रा, गो रक्षा, घर वापसी जैसे मुद्दे मीडिया और सत्ताधारी दल की प्राथमिकता बने रहे। इसके समानांतर किसान आंदोलन, श्रमिक असंतोष, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे हाशिये पर डाल दिए गए। कई बार सरकार खुद ही ऐसे धार्मिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा देने में ल गई दिखती है जिससे जनमानस भावनाओं में उलझा रहे और आर्थिक फैसलों पर जनदबाव न बन पाए। 2020-21 का कृषि कानून विवाद इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें किसान वर्ग को वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा।

### 'महिला आरक्षण': बहाना या बदलाव?

ऐसे ही एक भावनात्मक प्रलोभन के रूप में हाल में महिला आरक्षण विधेयक को पेश किया गया। लेकिन इसकी समयसीमा और कार्यान्वयन की अनिश्चितता इसे मात्र 'शिगूफा' बनाती है। यह सच है कि महिला मतदाता करीब पचास प्रतिशत हैं, और उनके सम्मान, अधिकार, नेतृत्व की बात कर उन्हें लुभाना आसान भी है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर न तो पंचायतों में शक्ति का हस्तांतरण हो सका, न ही संसद में महिलाओं की संख्या में ठोस बढ़ोतरी।


### मीडिया की चुप्पी और कॉरपोरेट की सहमति

मीडिया जो कभी सरकार की निगरानी करता था, अब कॉर्पोरेट के नियंत्रण में आ चुका है। अब बहस का केंद्र नीतियां नहीं, विवाद और भावनाएं हैं। टीवी पर जाति, धर्म और राष्ट्रवाद पर हो-हल्ला रहता है, लेकिन नरेगा की घटती मज़दूरी, किसान की गिरती आमदनी या मजदूरों की हालत पर मौन पसरा रहता है।

### आदिवासी समुदाय व प्राकृतिक संसाधनों पर भी नजर

सरकार और पूंजी का गठजोड़ केवल खेतिहर किसान और श्रमिक वर्ग तक सीमित नहीं है। देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों पर भी कॉर्पोरेट की नजर है। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा में खनन परियोजनाओं के नाम पर जिस तरह जंगल, ज़मीन और नदी-नाले छीने जा रहे हैं, वह भी इसी मॉडल का विस्तार है। लब्बोलुआब यह कि देश का लोकतंत्र अगर वास्तव में 'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा' है, तो आज जो नीति-निर्माण की प्रक्रिया है वह इस आत्मा से पूरी तरह भटकी हुई लगती है। किसान और मजदूर वर्ग को भले ही वादों और भत्तों से संतुष्ट रखने की कोशिश की जाए, लेकिन जब तक वे अपने वास्तविक अधिकारों, हिस्सेदारी और नीति-निर्धारण में भागीदारी के लिए खड़े नहीं होंगे, तब तक यह शोषण चक्र चलता रहेगा।

# नवजात इल्ली भी अपना इलाका बांधती है



स्रोत फीसर्च

बाघ, तेंदुआ, कुत्ता, बिल्ली जैसे बड़े-बड़े जानवर अपना इलाका बांधते हैं। यानी वे कुछ संकेतों के ज़रिए अपना अधिकार क्षेत्र चिंहित करते हैं। इस इलाके के संसाधनों, खासकर मादाओं, पर उनका अधिकार होता है। और, इलाके में अतिक्रमण की कोशिश हो तो चेतावनियों से लेकर मुठभेड़ तक की स्थिति बन सकती है। लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि 2 मिलीमीटर छोटी वार्टी बर्च इल्ली भी इलाका बांधती होगा। जी हां, इतनी छोटी-सी इल्ली 1 सेंटीमीटर लंबी जगह का इलाका बांधती है।

उत्तरी अमेरिका में दो-धारियों वाली एक पतंगा मादा (**Falcaria bilineata**) सनोबर की टहनियों और पत्तियों पर अपने अंडे देती है। जब अंडे फूटते हैं तो इनसे निकलने वाली इल्ली (वार्टी बर्च कैटरपिलर) तुरंत ही करीब की पत्तियों की नोंक पर चली जाती हैं। वैज्ञानिकों ने काफी समय से इल्लियों के इस व्यवहार के अलावा एक और व्यवहार पर गौर किया था ख्र ये इल्लियां पत्तियों पर कम्पन करती हैं। इस व्यवहार को देखकर लगा कि संभवतः यह इलाका बांधने का संकेत है।

अनुमान की जांच करने के लिए कार्लटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ वार्टी बर्च इल्लियों को पकड़कर प्रयोगशाला में यह देखने के लिए जमाया कि यदि किसी पत्ती पर कोई वार्टी बर्च इल्ली पहले से है और उसी प्रजाति की दूसरी इल्ली आती है तो पहले से बैठी इल्ली क्या प्रतिक्रिया देती है? उन्होंने पाया कि जब कोई घुसपैठिया इल्ली आती है तो पहली इल्ली अधिक ज़ोर-ज़ोर से कम्पन करना शुरू कर देती है। वह अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है। यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ। यदि घुसपैठिया इल्ली फिर भी आगे बढ़ती है तो कम्पन पहले से भी 14 गुना तेज़ी से होने लगते हैं। जर्नल ऑफ एक्सपेरीमेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित शोध पत्र में बताया गया है कि इन कम्पनों से उन्हें अपना छोटा-सा इलाका बचाए रखने में मदद मिलती है, 71 प्रतिशत मामलों में इल्लियां इस तरह अपना इलाका महफ़ूज़ रख पाईं लेकिन जिन मामलों में घुसपैठिया इल्ली हावी हुई तो देखा गया कि निवासी इल्ली रेशम के धागे के सहारे पत्ती से नीचे कूद गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि इल्ली पत्ती के सिरे पर इसलिए जाती हैं क्योंकि पत्ती की नोंक लचीली होती है जिसके चलते कम्पन को बढ़ाने में मदद मिलती है, और जान पर आने के समय रेशमी धागे के सहारे कूदना भी आसान है ही।

**इल्ली अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है, यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ**

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां

## वरना बच्चे की सेहत को हो सकता है नुकसान



बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### सीधी लाइट न डालें...

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्र में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

### नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असु. विधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है।

### एसी या पंखे की सीधी हवा

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है।

### चेहरे पर किस करने से बचें

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं।

### छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं।



# आखिर फूटा गुस्सा: ट्रम्प की बढ़ी मुसीबतें

## सड़कों पर उतरा 50 अमेरिकी राज्यों का जनसैलाब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प की टैरिफ वार की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। राजधानी वाशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं।


एलन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पालिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वार से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45 प्रतिशत अमेरिकी वोटर्स ट्रम्प के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41 प्रतिशत वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है। 1952 से 2020 के बीच सभी राष्ट्रपति की पहली तिमाही की औसत रेटिंग 60 प्रतिशत है। इसकी तुलना में ट्रम्प की रेटिंग कम दिख रही है। एजेंसी के मुताबिक ट्रम्प के पदभार संभालने के वक्त उनकी रेटिंग 47 प्रतिशत थी। इसमें भी गिरावट दर्ज हुई है।

### अमेरिकी टैरिफ अरब के गैर तेल निर्यात के लिए खतरा

**बेरूत।** अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद में तेज वृद्धि से अरब अर्थव्यवस्थायें भारी दबाव में है, जिससे 22 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल निर्यात को खतरा है। पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा शनिवार को जारी नीति विवरण में यह बात कही गई। इस मामले में जॉर्डन सबसे कमजोर के रूप में उभरा है, जिसके कुल निर्यात का लगभग एक चौथाई हिस्सा अमेरिका को जाता है। बहरीन भी अमेरिकी बाजार में एल्यूमीनियम और रासायनिक निर्यात पर अपनी भारी निर्भरता के कारण निशाने पर है। विवरण में कहा गया, इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात को अमेरिका में होने वाले लगभग 10 अरब डॉलर के पुनर्निर्यात में व्यवधान देखने को मिल सकता है।

# ऊंची अदालत में अपील नहीं कर सकेंगे कुलभूषण

- सिर्फ काउंसलर मदद मुहैया कराई
- जासूसी में जाधव 9 साल से जेल में बंद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं। इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक जाधव को 2019 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले के बाद सिर्फ कान्सुलर एक्सेस दिया गया था। कान्सुलर एक्सेस का प्रावधान होने पर आरोपी को हाई कमीशन के जरिए मदद मिलती है जाधव को बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि यह जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

# हसीना को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करे इंटरपोल

### 11 अन्य लोगों पर भी ऐसी ही मांग, तख्तापलट के बाद 9 महीने से भारत में रह रहीं पूर्व पीएम



**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहक. ारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थाई रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चौनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। उनके खिलाफ देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। दरअसल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जाब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेना. नियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था, लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था।

# हमास ने बंधक वापसी के सौदे को किया खारिज

**जेरूसलम।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नही करेगा। इससे पहले दिन में हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया गया था। चार मिनट के वीडियो में इजरायली बंधक एल्काना बोहबोट लैंडलाइन फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अपने परिवार को उनकी रिहाई के लिए प्रयास जारी रखने के लिए कॉल कर रहे हैं।

रिकॉर्डिंग के अंत में उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मैं मौत के लिए चिल्ला रहा हूं। कृपया, मेरे लिए यह करो। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बंधकों के संदर्भ में संदेश के साथ वीडियो का समापन किया, वे केवल एक क्षमता के साथ ही वापस आएंगे। यह स्पष्ट नही है कि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था। इजरायली मीडिया ने बताया कि वीडियो के जारी होने से तेल अवीव, यरुशलम, बीरशेबा और हाइफ़ा में प्रदर्शन शुरू हो गए।

## राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे

**वाशिंगटन।** कांग्रेस लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे स्थानीय समयानुसार बास्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। इस दौरे पर राहुल गांधी रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा राहुल प्रवासी भारतीय समुदाय, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी। इसमें बताया गया था कि राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा। राहुल ने इससे पहले सितम्बर 2024 में 3 दिन का अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने डलास शहर में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी और भारतीय समुदाय को संबोधित किया था।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज से चार दिन के भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आएंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शापिंग कॉम्प्लेक्स भी जाएंगे। इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे। इसके बाद वेंस सोमवार रात को ही जयपुर रवाना होंगे, जहां वे मंगलवार को रुकेंगे। बुधवार को वे आगरा घूमने जाएंगे। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

### चीन ने आपातकालीन मानवीय सहायता के लिए सातवीं खेप भेजी म्यांमार

**यांगून।** चीन की सरकार की ओर से भेजी गई आपातकालीन मानवीय सहायता की सातवी खेप रविवार को म्यांमार के यांगून अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.9 तीव्रता के भूकंप से अब तक 3,726 लोगों की मौत हो चुकी है और 5,105 घायल हुए हैं।

# यमन में अमेरिकी स्ट्राइक तीन लोगों की मौत, 4 घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना, इसके बाहरी इलाकों और अन्य प्रांतों पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए शनिवार रात यह जानकारी दी। टेलीविजन के अनुसार अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए, जिसमें उत्तरी सना के अल-नहदा इलाके में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दक्षिणी सना के सफियाह इलाके में एक कब्रिस्तान में तीसरा व्यक्ति घायल हो गया। हूती टेलीविजन ने कहा कि सना के पश्चिमी बाहरी इलाके में बानी मातर जिले में हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पीड़ित नागरिक थे या हूती कार्यकर्ता।

सना के निवासियों के अनुसार, राजधानी पर हवाई हमलों में कई अन्य स्थानों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें पूर्वी सना के माउंट नुकुम में अल-हफा सैन्य शिविर में हथियार डिपो और उत्तर-पूर्वी सना में दो सैन्य स्थल शामिल हैं।

### उत्तरी गाजा में इज़रायली सैनिक की मौत

**यरूशलेम।** उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनौन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आईडीएफ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार मारा गया सैनिक दक्षिणी इजराइल के बेडौइन शहर राहत का 35 वर्षीय ट्रैकर गालेब स्लीमन अलनासरा था। इसमें कहा गया कि एक अन्य आईडीएफ ट्रैकर और दो महिला सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गईं। इजरायल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि हमास के आतंकवादी एक छिपी हुई सुरंग से निकले और आईडीएफ बल पर आरपीजी से फायर किया, जिससे दो महिला सैनिक घायल हो गईं।

# चीन की पहली अनोखी रेस: रोबोट हारा, इंसान जीता




**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में इंसानों और 21 रोबोट्स के बीच अनोखी हॉफ मैराथन दौड़ हुई। यह पहली बार था जब मशीनों ने 21 किलोमीटर (13 मील) की दूरी तक इंसानों के साथ दौड़ लगाई। यह इवेंट बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में हुआ, जहां चीन की कई बड़ी टेक्नोलाजी कंपनियों का ऑफिस है। इसका मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलाजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की ड्रायडअप और नोएटिक्स रोबोटिक्स जैसी कंपनियों के रोबोट्स ने भी इस रेस में हिस्सा लिया। रेस में शामिल कुछ रोबेट्स का साइज 120 सेमी (3.9 फीट) से कम था, जबकि कुछ 1.8 मीटर (5.9 फीट) तक ऊंचे थे। बीजिंग इनोवेशन सेंटर आफ ह्यूमन रोबोटिक्स के रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने मशीनों में सबसे पहले 2 घंटे 40 मिनट में इस रेस को पूरा किया, जबकि इंसानी विजेता ने रेस पूरी करने के लिए 1 घंटे 2 मिनट का टाइम लिया। सबसे कम वक्त में 21 किमी की मैराथन पूरी करने का रिकार्ड जैकब किप्लिमो (56 मिनट 42 सेकेंड) के नाम है। रेस के दौरान जिस तरह इंसानों को बीच में पानी पीने की जरूरत पड़ती है उसी तरह रोबोट्स को बैटरियां बदलने की परमिशन दी गई थी।

रोबोट के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान मशीनों को सहारा भी दिया। कुछ रोबोट्स ने रनिंग शूज पहने थे, एक ने बॉक्सिंग ग्लव्स पहने थे और दूसरे ने लाल रंग का हेंड-बैंड पहना था जिस पर चीनी भाषा में बाउण्ड टू विन (जीतने के लिए तैयार) लिखा था। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नोलाजी अफसर तांग जियान ने कहा कि तियांगोंग अल्ट्रा को रेस के दौरान लंबी टांगों और एक एल्गोरिथ्म की मदद मिली। इस वजह से यह इंसानों की तरह मैराथन दौड़ पाया।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108